# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 9 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-202 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### नोएडा में दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव ने जान दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव राकेश मेहता ने नोएडा में सुसाइड कर लिया। उनकी उम्र 75 साल थी। पूर्व कअर पत्नी सुमंती मेहता ने रविवार दोपहर उन्हें कई बार फोन किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। इस पर उन्होंने सोसाइटी के गार्ड को फ्लैट पर भेजा।

### मोदी मानहानि केस में राहुल की याचिका खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पीएम मोदी से जुड़े मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी।



उन्होंने 2019 में जारी मजिस्ट्रेट कोर्ट के समन को रद्द करने की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने निचली अदालत में मानहानि की शिकायत पर सुनवाई छह हफ्ते तक टालने का आदेश बढ़ा दिया। इससे राहुल को इस दौरान मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं होना पड़ेगा। उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल करने के लिए समय मांगा था।

### बाढ़ के बाद नेपाल में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** बाढ़ से जूझ रहे नेपाल में मंगलवार रात 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने इसकी जानकारी दी। यह भूकंप तिब्बत में कुछ घंटे पहले आए 5.3 तीव्रता के भूकंप के बाद दर्ज किया गया। पिछले गुरुवार को भी तिब्बत में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया था। यह भूकंप तब आया है जब नेपाल अगस्त 26 को आई विनाशकारी फ्लैश फ्लड की तबाही से उबरने की कोशिश कर रहा है।

### चार राज्यों में उपचुनाव का ऐलान

**नई दिल्ली।** नाव आयोग ने तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल की विधानसभा सीटों और असम की एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इन सीटों पर 6 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे और 9 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। कमीशन के मुताबिक, चुनाव की औपचारिक गजट अधिसूचना 9 सितंबर 2026 को जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है। वोटिंग 6 अक्टूबर को होगी। नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे। पूरी प्रक्रिया 11 अक्टूबर 2026 से पहले पूरी कर ली जाएगी।

### वैशाली में गांधी सेतु के पास नाव डूबी

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में मंगलवार को नाव हादसे की सूचना से हड़कंप मच गया. राघोपुर के तेरसिया में महात्मा गांधी सेतु के पाया नंबर-9 के पास एक नाव डूब गई। नाव पर कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें 8 लोगों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बचा लिया है, जबकि 2 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और लापता लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया.मिली जानकारी के अनुसार, नाव पर कुल 10 लोग सवार थे।

### पटना में 10 हजार रिश्वत लेते दारोगा गिरफ्तार

**पटना।** पटना में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के मामले में ट्रैफिक थाने में तैनात दारोगा उपेंद्र शाह को गिरफ्तार किया है।इनके अलावा जहानाबाद में मनरेगा सदर प्रखंड के जेई अमन कुमार 20000 और डीटीओ ऑफिस शेखपुरा में तैनात बड़ा बाबू कुणाल को 15000 रुपए लेते पकड़ा गया है। निगरानी की टीम ने उन्हें जेपी गंगा पथ से उस समय पकड़ा, जब वह एक मामले के पीड़ित से 10 हजार रुपए रिश्वत ले रहे थे। बताया जा रहा है कि किसी मामले में मदद करने के एवज में दारोगा द्वारा पीड़ित से रिश्वत की मांग की गई थी।

# सभी की समस्याओं का समाधान करना हमारा दायित्व : मुख्यमंत्री

## राज्यस्तरीय सहयोग कार्यक्रम में सीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं



**पटना (एनएसबी)** । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम हॉल में राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम में कुल 137 आवेदक उपस्थित हुए, जिनके मामलों का निष्पादन किया गया। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संबद्ध विभाग शिकायतों का समयबद्ध समाधान करते रहें ताकि आमजनों को त्वरित राहत मिल सके। जिस प्रकार सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से शिकायतों का समाधान ससमय हो रहा है उससे लोगों का विश्वास बढ़ा है, उस विश्वास को बनाये रखना है। किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक के दौरान राज्य भर से आये आवदेकों ने राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में सीएम के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। राजस्व एवं भूमि सुधार, शिक्षा, गृह, ग्रामीण कार्य, स्वास्थ्य, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों से जुड़े मामले को लेकर सीएम ने संबद्ध जिला के डीएम एवं विभाग को निर्देश दिया कि समय सीमा के अंदर आवेदकों की समस्याओं का समाधान करें।

**अधिकारी और कर्मी समयसीमा में जनता की समस्याओं का करें निष्पादन**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें न्याय दिलाना हमारा दायित्व है, सहयोग कार्यक्रम इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में आवेदन करनेवाले जिन लोगों की समस्याओं का समाधान हो गया है उन्हें पटना आने की जरूरत नहीं है। जिनकी समस्याएं जटिल हैं और उसका समाधान जिला स्तर पर नहीं हो रहा है, वैसे आवेदक कार्यक्रम में आयें। कार्यक्रम में संबद्ध विभागों के मंत्रीगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित संबद्ध विभागों के अधिकारी एवं आवेदक उपस्थित थे, जबकि वीसी के माध्यम से सभी जिलों के डीएम, एसएसपी, एसपी तथा वरीय अधिकारी जुड़े हुये थे।

# बिहार में बाढ़ के हालात अब भी बरकार, 35 लाख लोग प्रभावित

## 14 जिलों के 82 प्रखंडवासियों का जनजीवन प्रभावित

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। गंगा समेत कई प्रमुख नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण राज्य के कई जिलों में जनजीवन खासा प्रभावित है। राज्य के 14 जिलों पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णिया तथा अरवल के 82

**गंगा, पुनपुन, बागमती समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर**

प्रखंडों की 491 ग्राम पंचायतों में लगभग 35.89 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। पटना और आसपास के इलाकों में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। पटना में मनेर, दीघा घाट और गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर लगातार ऊंचा बना हुआ है। पिछले दो दिनों के आंकड़ों की तुलना में इन स्थानों पर पानी में और बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि जल संसाधन विभाग और बाढ़ नियंत्रण विभाग लगातार नदियों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वीरपुर बराज पर मंगलवार को शाम 6 बजे तक कोसी का जलस्राव 1,61,135 क्यूसेक दर्ज किया गया। इसकी प्रवृत्ति घटने की है। इसी तरह इंद्रपुरी बराज पर सोन नदी का पानी 1,05,827 क्यूसेक जलस्राव दर्ज किया गया और इसकी भी प्रवृत्ति स्थिर है। वाल्मीकिनगर बराज पर गंडक का जलस्राव 92,900 क्यूसेक दर्ज किया गया और इसकी प्रवृत्ति घटने की है। दूसरी ओर भागलपुर के सुल्तानगंज में गंगा का जलस्तर 36.80 मीटर दर्ज किया गया, जो इसके पिछले उच्चतम बाढ़ का जलस्तर (36.75 मीटर, 17.08.2021) से 0.05 मीटर ऊपर है, लेकिन इसकी प्रवृत्ति स्थिर है। हालांकि गंडक, कोसी, बूढ़ी गंडक, गंगा, पुनपुन, बागमती और घाघरा नदियां अन्य कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।




### कई नदियों के जलस्तर में गिरावट शुरू

**पटना।** बिहार में बाढ़ की गंभीर स्थिति के बीच प्रमुख नदियों के जलस्राव (वाटर डिस्चार्ज) में कमी और स्थिरता आने से राहत की उम्मीद जगी है। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राज्य की प्रमुख नदियों कोसी और सोन नदी में जलस्राव घटने की प्रवृत्ति दर्ज की गई है, जबकि गंडक नदी का जलस्राव स्थिर बना हुआ है। बाढ़ के इस संकट के बीच अभी तक राज्य में 450 से अधिक सामुदायिक रसोई मे माध्यम से 10 लाख से भी अधिक लोगों में सुबह-शाम भोजन का वितरण किया जा चुका है।

### पटना-गया रेलखंड पर आज से ट्रेनें बहाल

**पटना।** पुनपुन नदी के जलस्तर में स्थिरता आने के बाद पटना-गया रेलखंड पर बुधवार से ट्रेनों का परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। पुनपुन-परसा बाजार रेलखंड के बीच पुल संख्या-21 की डाउन लाइन पर परिचालन बहाल करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, सुरक्षा के मद्देनजर फिलहाल ट्रेनों की अधिकतम रफ्तार 10 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी। जलस्तर पर नजर, स्थिति बदली तो फिर बदल सकता है परिचालन रेल प्रशासन पुल और नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रख रहा है।

# दरभंगा : बीडीओ के पांच ठिकानों पर ईओयू का छापा

## करीब 1.71 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति का खुलासा





**पटना (एनएसबी)।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने दरभंगा जिले के बहादुरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आनंद कुमार विभूति के पांच ठिकानों पर मंगलवार को छापामारी की। पटना के दानापुर, मुजफ्फरपुर के अहियापुर, पूर्वी चंपारण के चिरैया के साकिन-लालबेगिया के साथ बहादुरपुर के आवास एवं कार्यालय में ईओयू ने तलाशी ली। प्रथमद्रष्टया बीडीओ के पास करीब एक करोड़ 71 लाख रुपये की आय से अधिक संपत्ति मिली है। यह उनके ज्ञात आय से 121 प्रतिशत से अधिक है। ईओयू को बीडीओ के मुजफ्फरपुर के अहियापुर स्थित सरस्वती नगर के निजी आवास से जमीन खरीद के 16 दस्तावेज मिले हैं। इनमें नौ भूखंड स्वयं के नाम पर जबकि अन्य सात भूखंड स्वजनों के नाम पर हैं। तलाशी के दौरान इनोवा क्रिस्टा, स्कॉर्पियो के साथ दो और चारपहिया गाड़ी मिली है। आभूषण खरीद के के बिल भी मिले हैं। बीडीओ और स्वजनों के नाम पर विभिन्न बैंकों में 16 बैंक खाते पाए गए हैं, जिन्हें फ्रीज करने की कार्रवाई की जा रही है। म्युचुअल फंड के अलग-अलग फोलिया में करीब 70 लाख की राशि जमा पाई गई है। एक बैंक लाकर भी पाया गया है, जिसकी तलाशी ली जाएगी। ईओयू को पूर्वी चंपारण के चिरैया थाना अंतर्गत साकिन-लालबेगिया में बीडीओ के पैतृक भूखंड पर आलीशान बंगला मिला है, जिसके निर्माण पर करीब 70 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। ईओयू की टीम भवन निर्माण का विस्तृत मूल्यांकन भी कराएगी। इसके अलावा बीडीओ के आवास से भारतीय जीवन बीमा निगम एवं अन्य बीमा कंपनियों में निवेश के कागजात मिले हैं।

**16 भूखंड, चार वाहन 16 बैंक खाते और बंगला जब्त**

# त्योहारों पर हवाई किराया में डेढ़-दो गुना तक वृद्धि

**पटना (एनएसबी)।** त्योहारों के मौसम में घर लौटने की चाहत यात्रियों की जेब पर भारी पड़ने लगी है। ट्रेनों में कन्फर्म टिकट का संकट बढ़ने के साथ अब हवाई किराये में भी तेजी देखी जा रही है।

दीपावली और छठ के आसपास दिल्ली से बिहार समेत कई प्रमुख शहरों के लिए विमान किराये में सामान्य दिनों की तुलना में डेढ़ से दो गुना तक बढ़ोतरी हो गई है। मांग बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में किराये में और इजाफा होने की संभावना है।

**दिल्ली-पटना उड़ान का किराया नौ हजार के पार :** दिल्ली से पटना आने वाले यात्रियों को त्योहार के दौरान अधिक



राशि खर्च करनी पड़ सकती है। पांच नवंबर को इस रूट पर हवाई टिकट करीब 8391 रुपये में उपलब्ध है। छह नवंबर को किराया बढ़कर करीब 9231 रुपये और सात नवंबर को 9546 रुपये तक पहुंच गया है। इसी तरह दिल्ली-रांची रूट पर सामान्य किराया करीब 6000 रुपये है, जो पांच नवंबर को 10619 रुपये और छह नवंबर को 9983 रुपये तक पहुंच गया।

# प्रत्येक टोल प्लाजा पर मिलेगी एंबुलेंस की सुविधा

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों पर एंबुलेंस सेवा को विस्तार देने जा रहा है। अब सड़क दुर्घटना के घायलों को तुरंत उपचार दिलाने की सेवा का विस्तार करते हुए केंद्र सरकार राज्यों को भी इससे जोड़ने जा रही है। एनएचएआइ केयर के अधीन पहले से ही लगभग तीन हजार एंबुलेंस संचालित हैं। प्रत्येक टोल प्लाजा पर एक एंबुलेंस राज्य सरकार द्वारा भी संचालित की जाए, इसके लिए केंद्र द्वारा न सिर्फ एंबुलेंस उपलब्ध कराएगी, बल्कि उसके संचालन का खर्च भी वहन करेगी। जल्द ही इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी होंगे। देश में नेशनल हाईवे का नेटवर्क 1.46 लाख किलोमीटर का है। सड़क सुरक्षा के उपायों के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं की गति नहीं रुक रही है। वर्ष 2025 में भी 1.83 लाख राहगीरों की जान सड़क हादसों में गई।

**112 इमरजेंसी नंबर से होंगी कनेक्ट**

# राज्य में संविदा पर कार्यरत डॉक्टरों का मानदेय बढ़ा

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में संविदा पर कार्यरत प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजिडेंट के लिए बड़ी खबर है।

स्वास्थ्य विभाग ने इनके मानदेय में बढ़ोतरी करते हुए नई दरें निर्धारित कर दी हैं। विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। प्राध्यापक का मानदेय 27 हजार बढ़ा, सह-प्राध्यापक को 1.55 लाख। विभागीय आदेश के अनुसार संविदा पर कार्यरत प्राध्यापक का मानदेय 1.80 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.07 लाख रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं, सह-प्राध्यापक का मानदेय 1.35 लाख से बढ़ाकर 1.55 लाख रुपये और सहायक प्राध्यापक का 1.10 लाख से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये प्रतिमाह किया गया है। सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजिडेंट को भी फायदा : इसी क्रम में सीनियर रेजिडेंट/ट्यूटर का मानदेय बढ़ाकर 1.15 लाख रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। जूनियर रेजिडेंट का मानदेय भी 65 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।



**नई दरें 1 सितंबर 2026 से होंगी प्रभावी, प्राध्यापक को अब 2.07 लाख हर महीने**

## पीएम मोदी का जेन-जी संवाद, धुरंधर के गाने पर एंट्री, कहा-

# अगले साल 7 राज्यों में चुनाव इनमें 22% वोटर जेन-जी

**वडोदरा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में जेन-जी से 25 मिनट संवाद किया। मंच पर पहुंचते ही क्वीन का मशहूर गाना वी विल रॉक यू बजाया गया। इसके बाद धुरंधर का गाना आरी आरी भी बजा।

पीएम ने कहा, 'लोग आपको झूठ की गूंज से गुमराह करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप सच्चाई के साथ खड़े रहना। मोदी का यह बयान राहुल गांधी और कांग्रेस के छात्रों की गूंज अभियान पर तंज माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए खास



तौर पर आकार का रैंप बनाया गया था। भाषण से पहले पीएम रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। इस कार्यक्रम के लिए 6 हजार युवाओं को बुलाया गया था। मोदी ने युवाओं से झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचने की अपील की। जंतर-मंतर प्रोटेस्ट के बाद बीजेपी का पूरा फोकस जेन-जी वोटर्स पर है। दरअसल, अगले साल 7 राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। इनमें 22.78% वोटर जेन-जी हैं। यूपी में सबसे ज्यादा 2.8 करोड़ जेन-जी वोटर हैं।

### मुंबई में पीएम की रैली से पहले पकड़े गए 2 संदिग्ध

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में पीएम मोदी की रैली से पहले पुलिस ने बीकेसी स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर से पहले दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए एक संदिग्ध के पास बंदूक बरामद की गई है। वहीं अन्य के पास पीएमओ का फर्जी आईडी कार्ड बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया 24 वर्षीय युवक खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का वरिष्ठ अधिकारी बताकर परिसर में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था।

### जहानाबाद में मनरेगा जेई 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद में मनरेगा योजनाओं से जुड़े रिश्वतखोरी के मामले में निगरानी विभाग, पटना की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने रतनी प्रखंड में पदस्थ मनरेगा के कनीय अभियंता अमन कुमार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अमन कुमार के पास रतनी प्रखंड के साथ जहानाबाद का भी मनरेगा का अतिरिक्त चार्ज था। यह मामला जामुक पंचायत के पंचायत रोजगार ग्राम सेवक अशोक कुमार से जुड़ा है। अशोक कुमार ने 20 अगस्त 2026 को निगरानी थाना में शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मनरेगा की तीन योजनाओं से संबंधित काम के बदले कनीय अभियंता अमन कुमार ने 35 हजार रुपये की मांग की थी।

# मोकामा : सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत 3 की मौत

**पटना (एनएसबी)।** मंगलवार की सुबह पटना के मोकामा फोरलेन पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। सभी खगड़िया जिले के रहने वाले थे। पटना से खगड़िया लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ है। मृतकों में पति-पत्नी और वाहन चालक भी शामिल है। क्रेटा गाड़ी से तीन लोग पटना से अपने घर खगड़िया लौट रहे थे, तभी बख्तियारपुर-ओंटा गोलंबर पर गाड़ी अनियंत्रित होकर शिवनार गांव के पास डिवाइडर से जा टकराई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए. ड्राइवर मो. सदरे आलम का शव



चालक की सीट पर ही फंस गया.घटना की सूचना पाकर मोकामा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना देकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है.मृतकों में पति-पत्नी भी शामिल हैं।

# बिहार में आपदा जोखिम न्यूनीकरण को मिलेगी नई गति

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में आपदा जोखिम न्यूनीकरण को संस्थागत एवं समुदाय-केंद्रित स्वरूप देने की दिशा में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा यूनीसेफ, बिहार के सहयोग से स्टेट प्लेटफॉर्म फॉर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (एसपीडीआरआर) का शुभारंभ एवं नेशनल प्रोजेक्ट फॉर स्ट्रेंथनिंग कम्युनिटी-बेस्ड डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (एनपी-सीबीडीआरआर) के लिए रणनीति निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई।

इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. उदयकान्त, सदस्य पीएन राय, नरेंद्र कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, शंभूदत्त झा, प्राधिकरण के सचिव मो वारिस खान उपस्थित थे।


कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथि।

कार्यक्रम में यूनीसेफ बिहार की सी.एफ.ओ. मोनिका नेल्सन, एनडीएमए. की वरिष्ठ सलाहकार डा स्वेता बैद्य, बिहार मौसम सेवा केंद्र के निदेशक सीएन प्रभु, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों सहित प्राधिकरण के अधिकारी एवं जिलों से आए पंचायती राज पदाधिकारी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधियों, यूनीसेफ के श्री राजीव कुमार, वीरेंद्र पांडे एवं हितभागी संस्था के विशेषज्ञों तथा अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. उदय कांत ने अपने संबोधन में कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण की पूरी प्रक्रिया का केंद्र आम नागरिक और समुदाय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों की वास्तविक जरूरतों को समझे बिना बनाई गई रणनीतियाँ प्रभावी नहीं हो सकतीं।

उन्होंने समुदाय, स्थानीय संस्थाओं और सरकार के बीच बेहतर संवाद तथा जनभागीदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने बिहार में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता रेखांकित की।

प्राधिकरण के सदस्य पीएन राय ने कहा कि आपदा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था के लिए पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करना और विकास योजनाओं में आपदा जोखिम न्यूनीकरण को शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने एसपीडीआरआर. को राज्य के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने आपदा प्रबंधन में नई तकनीक एवं नवाचार के उपयोग तथा चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा एवं उनमें सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया।

कार्यशाला में बाढ़ की पूर्व चेतावनी एवं निगरानी, भूकंपरोधी निर्माण एवं रेट्रोफिटिंग तथा जलवायु परिवर्तन और चरम मौसमी परिस्थितियों जैसे विषयों पर तकनीकी प्रस्तुतियाँ भी दी गई।

कार्यक्रम में एसपीडीआरआर. के शुभारंभ के साथ बिहार में डीआरआर. के लिए सैटेलाइट प्लेटफर्म, बिहार के संदर्भ में सीबी-डीआरआर तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। इसके बाद तकनीकी सत्र-1 में सीबीडीआरआर एवं जोखिम शासन के संस्थागतकरण, समुदाय आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा ग्राम पंचायत आपदा प्रबंधन योजनाओं के साथ इसके एकीकरण पर चर्चा हुई।

तकनीकी सत्र-2 में बाढ़ की पूर्व चेतावनी एवं निगरानी, भूकंपरोधी निर्माण एवं मौजूदा भवनों के सुढ़ीकरण रेट्रोफिटिंग तथा बिहार के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन एवं चरम मौसम की परिस्थितियों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।

## चेन स्नेचिंग में शामिल दो बादमाशों को पुलिस ने दबोचा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कदमकुओं थाना क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की घटित घटनाओं को देखते हुए पुनि सह थानाध्यक्ष द्वारा अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर तकनीकी अनुसंधान सीसीटीभी फुटेज एवं मानवीय आसूचना के माध्यम से अनुसंधान के कम में घटना में शामिल अपराधकर्मी 01 शुभम कुमार, -फुलवारी शरीफ, जिला-पटना वर्तमान पार्क रोड स्मृति अपार्टमेंट के सामने थाना कदमकुओं, जिला-पटना को गिरफ्तार किया गया। उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना में शामिल ,. प्रेम कुमार , पता-दलदली रोड, थाना कदमकुओं, जिला-पटना को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने कदमकुओं वार्ड नं0-38 के सामुदायिक भवन के पास कुछ दिन पहले एक महिला से चेन छिनना स्वीकार किया, जो कदमकुओं थाना कांड संख्या-667/26 से संबंधित है।

स्वीकारोक्ति बयान में बताये गए तथ्यों के आधार पर शुभम कुमार द्वारा घटना कारित करने के समय पहने गए सर्ट को शुभम के घर से बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त किये स्कूटी को बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर 03 मो बारिश आलम उर्फ साहिल कुमार उम्र करीब 20 वर्ष, पिता मो शमीम आलम, पता-भवर पोखर मलिक मंजील, देवी स्थान मंदिर, थाना-पीरबहोर, जिला-पटना को गिरफ्तार किया है। घटना का अंजाम देने के पश्चात छिने गए चेन को बेचने के लिए सुभम ने साहिल को दे दिया, साहिल अपने सहयोगियों के साथ मिलकर चेन को बेचने के पश्चात शुभम को 15,000-रूपये एवं प्रेम को 10,000 - रूपये दिये।

## खबरें खास-खास

## गुरु सम्मान से सम्मानित हुए सारण के संगीत शिक्षक डा. गोविंद वल्लभ


गुरु शिक्षा सम्मान लेते हुए संगीत शिक्षक ड गोविंद वल्लभ।

**सोनपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सारण के सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं संगीत शिक्षक डा गोविंद वल्लभ को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए गुरु सम्मान-2026 से नवाजा गया। गौरतलब है कि डा गोविंद वल्लभ वर्तमान में सारण जिलांतर्गत परसा प्रखंड के परसौना पंचायत स्थित जेडी प्रोजेक्ट महिला इंटर स्तरीय विद्यालय में उच्चतर माध्यमिक संगीत शिक्षक के पद पर कार्यरत है। ये शिक्षक समाज के निर्माण और नई पीढ़ी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विदित हो कि शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में पटना में मानवाधिकार टुडे की ओर से भव्य गुरु सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा और समाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया था।कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायमूर्ति मांधाता सिंह ने किया।वहीं समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्वान लेखक एवं पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केसी सिन्हा उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डअनिल सुलभ ने की।जबकि समारोह में आए अतिथियों का स्वागत मानवाधिकार टुडे के संपादक डा. शशि भूषण कुमार ने किया। उक्त समारोह में संगीत शिक्षक डा. गोविंद वल्लभ व्यक्तिगत कारण से शामिल नहीं हो सके थे। जिसके बाद मानवाधिकार टुडे के संपादक डा शशि भूषण सिंह ने हाजीपुर स्थित अपने आवास पर आमंत्रित कर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## खबरें : एक नजर में

## कानू विकास संघ की पटना जिला बैठक संपन्न, दिसंबर में जिला सम्मेलन आयोजित करने का लिया गया निर्णय

**बख्तियारपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिला के बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी घाट गली में कानू विकास संघ, जिला पटना की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना और उसकी एकजुटता को और अधिक मजबूत बनाना था।


पटना जिला के बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी घाट गली में कानू विकास संघ, जिला पटना की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बख्तियारपुर, खुसरूपुर और पंडारक क्षेत्रों से समाज के गणमान्य लोग एवं प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी की उपस्थिति में आपसी विचार-विमर्श के बाद यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिसंबर महीने में पटना जिला का भव्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर जल्द ही आगे की रणनीतियां तय की जाएंगी।

बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष प्यारे लाल जी ने समाज के अधिकारों और आपसी भाईचारे पर जोर दिया। इसके साथ ही संरक्षक चंद्रिका बाबू, शिव चंद्र जी, जयराम जी, कमलेश जी, मदन जी और नीतीश कुमार सहित समाज के कई अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने बहुमूल्य विचार रखे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए युवाओं को आगे आना होगा और शिक्षा तथा आर्थिक सुढ़ता पर विशेष ध्यान देना होगा।

बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया। इस आयोजन से स्थानीय स्तर पर समाज के लोगों में एक नया उत्साह देखने को मिला है।

## खुसरूपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से मोबाइल झपट्टा मारकर भागने वाला चोर गिरफ्तार, चोरी के दो मोबाइल बरामद

**खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रेल थाना बख्तियारपुर (खुसरूपुर) पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रेन से मोबाइल झपट्टा मारकर भागने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई आज दिनांक 8 सितंबर 2026 को की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी सत्यम पांडे (उम्र 21 वर्ष, निवासी- बेलकापी, थाना गोरहर, हजारीबाग, झारखंड) गाड़ी संख्या 13233 (तिलैया-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस) से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान खुसरूपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर आरोपी ने उनके मोबाइल पर झपट्टा मारकर भागने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस बल और यात्रियों की मदद से आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनीष कुमार उर्फ हवा (उम्र 21 वर्ष, पिता- सुबाली सिंह, ग्राम मंसूरपुर डिह, थाना खुसरूपुर, जिला पटना) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस मामले में रेल थाना बख्तियारपुर में कांड संख्या 90/26, दिनांक 8 सितंबर 2026, धारा 304 (2)/ 317(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने चोरी के मोबाइल की जब्ती सूची और आरोपी का गिरफ्तारी ज्ञापन तैयार कर लिया है। अग्रिम कानूनी कार्रवाई के तहत आरोपी को माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा जा रहा है। रेलवे पुलिस की इस कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है।

## आयोग के वेबसाईट पर उत्तर प्रदर्शित किया गया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** परीक्षा नियंत्रक बिहार लोक सेवा आयोग के मुताबिक विज्ञापन संख्या-08/2026 के अधीन शोध पदाधिकारी प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा के विषय जीएस के अंतिम आदर्श उत्तर आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित किया गया है।

# एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज में आईआईटी-पटना का दबदबा, दोनों शीर्ष स्थानों पर कब्जा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** एनटीपीसी द्वारा ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में आयोजित प्रतिष्ठित एनटीपीसी इलेक्ट्रन क्विज 2026-27 के पटना रीजनल राउंड में आईआईटी-पटना की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय दोनों स्थान हासिल किए। हीत जे. जोशी और शिवांशु एस दास की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जोवेन एस पायनाडत और अभिराम पारिपदी की टीम दूसरे स्थान पर रही। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट अफ मैनेजमेंट, पटना के रौशन और गौरव ने तीसरा स्थान हासिल किया।

एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चंदन ने बताया कि पटना रीजनल राउंड में बिहार के प्रमुख इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थानों की 300 से अधिक टीमों, जिनमें प्रत्येक टीम में दो विद्यार्थी शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में आईआईटी-पटना, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट अफ मैनेजमेंट, लालित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट अफ इकोनमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज, पटना, बख्तियारपुर कलेज अफ इंजीनियरिंग, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कलेजऔरंगाबाद सहित राज्य के कई प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



प्रतियोगिता की शुरुआत सुबह आयोजित लिखित प्रारंभिक चरण से हुई। इसके बाद छह टीमों ने हाई-एनर्जी अडियो-विजुअल फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में आईआईटी-पटना की दो टीमों के अलावा चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना, सीतामढ़ी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलजी, ललित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज, पटना तथा गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज औरंगाबाद की टीमों ने भाग लिया। फाइनल राउंड का संचालन दिल्ली के प्रसिद्ध क्विज मास्टर गौतम बोस ने किया।

पटना क्षेत्रीय चरण की शीर्ष दो टीमें अब एनटीपीसी इलेक्ट्रन क्विज 2026-27 के सेमीफाइनल एवं राष्ट्रीय फाइनल में भाग लेंगी। ये प्रतियोगिताएं क्रमशः 7 एवं 8 अक्टूबर 2026 को एनटीपीसी पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (पीएमआई), नोएडा में आयोजित की जाएंगी।

इस अवसर पर विल्सन अब्राहम, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एनटीपीसी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 60,000 रुपये, 40,000 रुपये एवं 20,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की। अन्य फाइनलिस्ट टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विल्सन अब्राहम ने कहा कि एनटीपीसी इलेक्ट्रन क्विज युवा प्रतिभाओं को अपने ज्ञान, रचनात्मकता और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना राष्ट्र निर्माण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई दी ।

## मगध क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण एवं आम लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम करने की दिशा में आईजी विकास वैभव का योगदान सराहनीय

**गया जी / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा के वरिष्ठ वरिष्ठ नेता डा. मनीष पंकज मिश्रा ने मंगलवार को मगध रेंज के आईजी विकास वैभव से औपचारिक मुलाकात की एबं फूलों का बुके एवं श्री मोमेंटो अंग बस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान डा. मनीष पंकज मिश्रा ने विकास वैभव मगध क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की दिशा में किए जा रहे कार्यो के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं है।


मगध रेंज के आईजी विकास वैभव से औपचारिक मुलाकात करते भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. मनीष पंकज मिश्रा ।

डा. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि मगध क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण तथा आम लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम करने की दिशा में आईजी विकास वैभव का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण घटनाओं में आईजी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की निगरानी करते हैं। उनका घटनास्थल पर पहुंचकर स्वयं स्थिति का जायजा लेना और जांच की प्रक्रिया को करीब से देखना निष्पक्ष एवं पारदर्शी पुलिसिंग का महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मगध क्षेत्र के विभिन्न जिलों से अपनी समस्याएं लेकर फरियादी आईजी कार्यालय पहुंचते हैं और विकास वैभव द्वारा उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना जाता है। संबंधित मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर उनके त्वरित एवं उचित निराकरण का प्रयास किया जाता है। इससे आम नागरिकों में न्याय की उम्मीद और पुलिस प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत हो रहा है।ड़ मिश्रा ने कहा कि पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मी भी आईजी के मार्गदर्शन में बेहतर तरीके से कार्य कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, पीड़ितों की शिकायतों को सुनने तथा निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की यह कार्यशैली स्वागतयोग्य है। आज मिलने वालो मे संतोष ठाकुर ,अजय नारयण सिंह सुनील बम्बइया बबलू गुप्ता आदि थे।

## पितृपक्ष मेला में पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराएगा आवासन सहित विभिन्न सुविधाएं

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गयाजी में पितृपक्ष मेला महासंगम के अवसर पर पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं के लिए आवासन सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला इस वर्ष 25 सितम्बर, से प्रारम्भ होकर 10 अक्टूबर, तक चलेगा। इस अवसर पर देश-विदेश से लाखों तीर्थ-यात्री गयाजी पहुँचकर अपने पितरों की आत्मा की शान्ति हेतु तर्पण करते हैं।

पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने पदाधिकारियों को इस मेले से संबंधित सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निदेश दिए हैं।

**पर्यटन सचिव ने पदाधिकारियों को सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करने के दिए निदेश**

**बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम 2,500 बेड की क्षमता वाली टेंट सिटी, हेल्पलाइन व अस्थायी पर्यटक सूचना केंद्र का कराएगा निर्माण**

सचिव ने बताया कि गया जी केवल धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र ही नहीं, बल्कि बिहार की प्राचीन सभ्यता, संस्ति और आध्यात्मिक विरासत का महत्वपूर्ण धरोहर स्थल भी है। पितृपक्ष मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन गया जी की वैश्विक धार्मिक पहचान को दर्शाता है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा उनके आवासन हेतु 2,500 बेड की क्षमता वाली टेंट सिटी व अस्थायी पर्यटक सूचना केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष हेल्पलाइन का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिसपर सभी जरूरी सूचनाएं मिलेंगी।

इसके साथ ही फल्गु नदी के तट पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। सभी जरूरतमंद श्रद्धालुओं के लिए ई-रिक्शा का संचालन किया जाएगा। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सहायता के लिए पर्यटक सूचना केंद्र के साथ गाइडों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर तोरण द्वार, सूचना एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था के तहत पितृपक्ष की सभी जानकारी युक्त ब्रशर उपलब्ध कराया जाएगा। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु यात्रा पैकेज तथा ई-पिंडदान की व्यवस्था की जा रही है।

सचिव ने बताया कि पहली बार पितृपक्ष मेला के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पितृपक्ष मेला : एक इन्फ्लूएंसर की नजर से प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर बिहार की गरिमा को प्रदर्शित करने वाले इन्फ्लूएंसर को इसके माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

गयाजी क्षेत्र में पर्यटन विकास को मिल रही है गति

सचिव ने कहा कि बिहार सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप पर्यटन विभाग द्वारा गयाजी में व्यापक विकास योजनाओं को गति प्रदान की जा रही है। गया जी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए विभिन्न परियोजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को सुविधाजनक, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाना है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ करिडोर की तर्ज पर विष्णुपद मंदिर के चारों ओर विश्वस्तरीय करिडोर के निर्माण का प्रस्ताव है।

## मोतनाजे में विशाल प्रतिरोध सभा 10 सितंबर को

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 10 सितंबर को मोतनाजे में विशाल प्रतिरोध सभा को जल पुरुष राजेंद्र सिंह,सांसद सुधाकर सिंह, पूर्व मंत्री अखलाक अहमद, किसान नेता दिनेश कुमार एवं अशोक प्रसाद सिंह आदि संबोधित करेंगे। किसानों की जमीन लूटने की सरकारी साजिश को बेनकाब करने हेतु 10 सितंबर को 10बजे दिन में मोनताजे मधुबन में विशाल प्रतिरोध सभा आयोजित किया जाएगा। जिसे मेंग्सांसे एवं जल का नोबेल पुरस्कार विजेता, जिन्हें पूरा देश जल पुरुष कहकर पुकारता है, राजेंद्र सिंह और बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अखलाक अहमद, किसान नेता दिनेश कुमार और अशोक प्रसाद सिंह संबोधित करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार का दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित गाँवो का दौरा किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार एवं बिहार राज्य दूग्ध उत्पादक संघ के राज्य अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने प्रभावित गाँवों में जाकर लोगों से मिले। वहां लोगों का दुखड़ा को सुना।जिला प्रशासन एवं कम्पनी की गुंडागर्दी से लोगों में आक्रोश है।स्थिति काफी तनावपूर्ण है।पहले हमलोग मोतनाजे गांव पहुंचा। वहां सैकड़ों की तादाद में मौजूद किसान, मजदूर, छात्र,नौजवान एवं महिलाओं से मिले।


संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार का दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित गाँवों का दौरा किया।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में पाठ्य-पठन सामग्री का वितरण



विद्यालय की प्रबंध निदेशक सुश्री उषा कुमारी के साथ स्कूल के बच्चे।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, पटना में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच पाठ्य-पठन एवं शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध निदेशक सुश्री उषा कुमारी एवं प्रधानाचार्या सुश्री अंकिता कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साक्षरता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय की प्रबंध निदेशक सुश्री उषा कुमारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अध्ययन सामग्री पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने, नई चीजें सीखने और अपने ज्ञान को दूसरों के साथ साझा करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या सुश्री अंकिता कुमारी ने कहा कि साक्षर समाज ही मजबूत और विकसित राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझने तथा अपने आसपास के लोगों को भी शिक्षा के लिए प्रेरित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों में छोटी उम्र से ही पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करने से उनके व्यक्तित्व एवं बौद्धिक क्षमता का सर्वांगीण विकास होता है।

# सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम है साक्षरता : प्रो सुनीता सिन्हा

**साक्षरता सोचने, प्रश्न, तर्क और निर्णय लेने की बढ़ाती है क्षमता : प्रो. प्रभास कुमार**

**बिहारशरीफ (दैनिक नवसंदेश)।** नालंदा कॉलेज की प्राचार्य प्रो सुनीता सिन्हा ने कहा है कि साक्षरता सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम है और अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस केवल पढ़ने-लिखने की क्षमता का उत्सव नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना का स्मरण है जो मनुष्य को अपने अधिकारों को समझने, कर्तव्यों को निभाने और अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने की शक्ति देती है। वे मंगलवार को शिक्षाशास्त्र (बीएड) विभाग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह दीप प्रज्ज्वलित कर उदघाटन करने के पश्चात विभिन्न तीन सत्रों के बीएड प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रही थीं।



नालंदा कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस।

विशिष्ट अतिथि थरथरी (भतहर) डिग्री कलेज के प्राचार्य प्रो प्रभास कुमार ने कहा कि साक्षरता शिक्षा की पहली सीढ़ी है, लेकिन शिक्षा का अंतिम लक्ष्य नहीं है।वास्तविक साक्षरता व्यक्ति को सोचने, प्रश्न करने, तर्क करने और निर्णय लेने की क्षमता देती है।

अध्यक्षता करते हुए बी एड विभागाध्यक्ष सह पीपीयू सीनेट सदस्य डा ध्रुव कुमार ने कहा कि आज साक्षरता का अर्थ बहुत व्यापक हो गया है। डिजिटल युग में किसी सूचना को पढ़ लेना पर्याप्त नहीं है, यह समझना भी जरूरी है कि सूचना सही है या भ्रामक, तथ्य क्या है और अफवाह क्या है । आज के दौर में डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, स्वास्थ्य साक्षरता और मीडिया साक्षरता भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम में एक ओर जहां 2024-26 सत्र के प्रशिक्षुओं को विदाई दी गई। वहीं सत्र 26-28 के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। मौके पर उत्कृष्ट, समर्पित व कर्मठ शिक्षकों प्रो सुनीता सिन्हा, प्रो प्रभास कुमार, डा ऊषा कुमारी, डा अपर्णा, डा कीर्ति स्वराज, डा प्रशांत, डा संगीता कुमारी, डा अलाउद्दीन को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर विभागाध्यक्ष डा ध्रुव कुमार ने उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर डा ऊषा कुमारी, डा अपर्णा, डा कीर्ति स्वराज, डा प्रशांत, डा संगीता कुमारी, डा अलाउद्दीन ने भी साक्षरता के महत्व, शिक्षक की भूमिका तथा विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण पर विस्तार से चर्चा की।

संचालन चांदनी कुमारी एवं रवि कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्र 2025-27 के अमित सागर, अंकित एवं अमरदीप कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## राष्ट्रीय दिव्यांग शतरंज में पटना के प्रकाश और प्रियंका ने जीता स्वर्ण



21वीं राष्ट्रीय दिव्यांग शतरंज प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी और आयोजक।

**भागलपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मारवाड़ी कॉलेज में आयोजित 21वीं राष्ट्रीय दिव्यांग शतरंज प्रतियोगिता में लोकोमोटर महिला वर्ग में पटना की प्रियंका कुमारी ने ढाई अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। बौद्धिक दिव्यांग वर्ग में तुषार शाश्वत विजेता बने। दृष्टिबाधित वर्ग में दिल्ली के अखिलेश श्रीवास्तव ने खिताब जीता। श्रवण बाधित वर्ग में पटना के प्रकाश कुमार पहले, पटना के ही अमित सिंह दूसरे स्थान पर रहे। गैर-दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए आयोजित यूनिफाइड वर्ग में बेगूसराय के अंकित रंजन ने पांच अंक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। बालिका वर्ग में भागलपुर की साक्षी कुमारी विजेता बनी।

## संक्षिप्त खबरें

### गंभीर कांडों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए विशेष अभियान

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को गीधा थाना में थानाध्यक्ष एवं सभी अनुसंधानकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, गंभीर कांडों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, चोरी की बाइक आदि की बरामदगी करने तथा लंबित कांडों की समीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन एवं अनुसंधान में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया।

### गोविंद प्रताप सिंह पूर्व मध्य रेलवे की परामर्श समिति के सदस्य मनोनीत



आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड अंतर्गत पचमा गांव निवासी गोविंद प्रताप सिंह उर्फ मांझील सिंह को पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्श समिति (जेडआरयूसीसी) में विशेष रुचि श्रेणी के अंतर्गत सदस्य मनोनीत किया गया है। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। जेडआरयूसीसी रेलवे प्रशासन और यात्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण सलाहकारी मंच है। इसके माध्यम से यात्रियों की समस्याओं, यात्री सुविधाओं और रेलवे सेवाओं में सुधार से जुड़े मुद्दों को उचित स्तर पर उठाया जा सकता है। गोविंद प्रताप सिंह ने इस जिम्मेदारी के लिए रेलवे बोर्ड एवं संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भोजपुर सहित पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र के यात्रियों की समस्याओं और आवश्यकताओं को संबंधित मंच तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। यात्री सुविधाओं का विस्तार, बेहतर रेल सेवाएं और जनहित से जुड़े रेलवे मुद्दे उनकी प्राथमिकताओं में रहेंगे।

### एसपी ने 24 परिवादियों की सुनी शिकायत

आरा। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा मंगलवार को जनता दरबार में जन सुनवाई करते हुए कुल 24 परिवादियों की शिकायतें सुनी गईं और मामलों के त्वरित तथा निष्पक्ष निस्तारण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### पांच बछड़ों को क्रूरतापूर्वक वाहन में ले जाते टाटा मैजिक जब्त

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर के पास सोमवार की शाम पांच बछड़ों को कथित तौर पर क्रूरतापूर्वक टाटा मैजिक वाहन में लादकर ले जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पशु अत्याचार निवारण निरीक्षक आलोक कुमार के आवेदन पर चांदी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाहन के अंदर पांच बछड़े मिले। जांच के दौरान सभी बछड़ों को रस्सियों से बांधकर वाहन में रखा पाया गया। आरोप है कि वाहन में पशुओं के लिए पर्याप्त जगह, स्वतंत्र आवागमन और आराम की समुचित व्यवस्था नहीं थी, जिससे उन्हें अनावश्यक पीड़ा और कष्ट हो रहा था। पशुओं की सुरक्षा को देखते हुए रस्सियां काटकर सभी बछड़ों को वाहन से बाहर निकाला गया। पूछताछ के दौरान वाहन चालक की पहचान धर्मेंद्र कुमार, पिता बिंदेश्वरी, निवासी भदवर, थाना चांदी के रूप में हुई। पशु स्वामी के रूप में सुमरन नट, पिता लोटा नट, निवासी नरबीरपुर टोला, थाना चांदी का नाम सामने आया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि पशुओं के वास्तविक स्वामित्व, स्रोत, गंतव्य और परिवहन के उद्देश्य की जांच की जा रही है।



### आज बहियारा पीएसएस से तीन बंद रहेगी बिजली

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। बहियारा फीडर में पावरगंज (आरा) से बहियारा के बीच मेंटेनेंस कार्य को लेकर बुधवार, 9 सितंबर को तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बहियारा पावर सब स्टेशन (पीएसएस) से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसके कारण बहियारा, फरहंगपुर, चांदी, नरवीरपुर, भदवर, नरही, अंबा नरवीरपुर, खनगांव, हरदासटोला, भैरो टोला, कुंजन टोला सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता प्रभात कुमार ने जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विद्युत कार्य पहले से निपटा लें। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।



### 60 गुम व चोरी हुए मोबाइल मिले, लोगों के चेहरे पर लौटी खुशी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले के मुख्यालय डीएसपी सह प्रभारी सदर एसडीपीओ-1 मनोज कुमार के अंतर्गत आने वाले सभी थाना क्षेत्रों से भोजपुर पुलिस द्वारा कुल 60 गुमशुदा/चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल में से 47 मोबाइल संबंधित उपस्थित शिकायतकर्ताओं को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 द्वारा विधिवत सुपुर्द किया गया। प्रभारी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर-वन ने बताया कि 13 शिकायतकर्ताओं के उपस्थित नहीं होने के कारण शेष 13 मोबाइल संबंधित थाना से ही उनके वास्तविक धारकों को वापस किए जाएंगे। भोजपुर पुलिस नागरिकों की खोई हुई संपत्ति की बरामदगी एवं उसे उनके वास्तविक धारकों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



### बड़ी मठिया में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री हनुमान मंदिर बड़ी मठिया में एक भव्य सांस्कृतिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंशु कुमारी ने कर किया। यह आयोजन पूज्य अयोध्यानाथ स्वामी जी के मंगलानुशासन एवं रामकिंकर दास जी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में 8 सितंबर से 9 सितंबर 26 तक 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन आयोजित किया जाएगा।

# बाढ़ का पानी घटा, लेकिन दर्द नहीं घर लौटने की राह ताक रहे हजारों परिवार

दिलीप कुमार ओझा



**हाइमाई रे, घरे कब चलेके...बाढ़ के बीच बच्चों की मासूम पुकार ने झकझोरा**
**एक सप्ताह से आश्रयस्थल में जिंदगी, अब बच्चे पूछ रहे- माई रे घरे कब चलेके**

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई अब सिर्फ भूख मिटाने का केंद्र नहीं, बल्कि विस्थापित परिवारों के संघर्ष और बच्चों की मासूम उम्मीदों की तस्वीर भी बन गई है। जवइनिया और दामोदरपुर के सामुदायिक रसोई में जब बच्चों को दूध वितरण का समय आता है तो बच्चे अपने लोटे, ग्लास, कमंडल, कटोरा, कटोरी, टिफिन समेत अन्य बर्तनों को कतार में सजा देते हैं। देखते ही देखते बर्तनों की कतार काफी लंबी हो जाती है। इसी दौरान एक बच्चे ने दूध बांट रहे कर्मी से मासूमियत से कहा, ह्हाचाचा, तनी अउरू द ना। हमारे के ओकरा से कम देले बाड़े।ह्हा बाढ़ की विभीषिका झेल रहे लोगों की परेशानी अब बढ़ती जा रही है। घर-बार छोड़कर पिछले एक सप्ताह से लोग आश्रयस्थलों में रहने को मजबूर हैं। दिन किसी तरह कट जा रहा है, लेकिन बच्चों की मासूम जिज्ञासाएं अभिभावकों को भीतर तक झकझोर रही हैं। बच्चे अब पूछने लगे हैं, ह्हामाई रे, घरे कब चलेके?ह्हा इस सवाल का जवाब अभिभावकों के पास भी नहीं है। हालांकि गंगा के जलस्तर में कमी आ रही है। लेकिन पानी घटने की रफ्तार बेहद धीमी है। ग्रामीण क्षेत्रों की कई सड़कों पर अब भी बाढ़ का पानी जमा है, जिससे प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क बाधित है। नावों के सहारे ही लोगों का आवागमन हो रहा है।

# जनहित के मुद्दों को लेकर डीएम से मिले पार्षद

**पार्षदों के शिष्टमंडल ने डीएम और प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन**
**विकास कार्य एवं जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा**

जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)। नगर पंचायत जगदीशपुर के विकास और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए पार्षदों के एक शिष्टमंडल ने भोजपुर के जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा और जिले के प्रभारी मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पार्षदों ने उन्हें एक मांग पत्र सौंपकर एनजीओ के माध्यम से सफाई कार्य कराने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की पुरजोर मांग की। समाहरणालय परिसर में हुई इस मुलाकात के दौरान पार्षदों ने अधिकारियों का अभिनंदन भी किया। सौंपे गए आवेदन पत्र में मुख्य रूप से यह मांग की गई है कि नगर पंचायत जगदीशपुर के अंतर्गत साफ-सफाई के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एनजीओ के माध्यम से निविदा की प्रक्रिया को समय पर पूर्ण कराया जाए। इसके लिए नगर पंचायत जगदीशपुर के कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जिला पदाधिकारी और प्रभारी मंत्री ने पार्षदों की सभी बातों को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और इस संबंध में उचित कार्रवाई करने का पूर्ण आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में नगर पंचायत जगदीशपुर के अंतर्गत चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की विशेष समीक्षा की जाएगी, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके। जिलाधिकारी और प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपने वाले शिष्टमंडल में नगर पंचायत जगदीशपुर के निम्नलिखित पार्षद शामिल थे।

# नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित हुए पुलिस कर्मी



**आइओसीएल पाइपलाइन से पेट्रोलियम चोरी कांड का सफल उदभेदन**
**उत्कृष्ट कार्य के लिए आईओसीएल के मुख्य प्रबंधक ने पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी को किया सम्मानित**

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बरौनी से कानपुर जाने वाली इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पाइपलाइन से पेट्रोलियम चोरी की घटना का सफल उद्भेदन गजराजगंज पुलिस द्वारा की गई थी। पुलिस के अथक प्रयासों से चोरी किए गए पेट्रोलियम की बरामदगी सुनिश्चित की गई थी। वहीं इस आपराधिक कृत्य में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। इस उत्कृष्ट कार्यकुशलता एवं सफल पुलिस कार्रवाई को देखते हुए आइओसीएल के मुख्य प्रबंधक अमरेन्द्र पासवान द्वारा अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुअनि धनंजय कुमार सिंह, पुअनि चंचल कुमार महथा एवं पुअनि शैलेश कुमार को दस-दस हजार नकद राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। वहीं कॉन्स्टेबल सुशील कुमार एवं बीएचजी वरुण कुमार को साढ़े सात-सात हजार नकद राशि दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित भी मौजूद रहें।

# विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के मौके पर नई रिहैबिलिटेशन तकनीक का हुआ प्रदर्शन



**फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने लोगों को किया जागरूक**

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के विष्णु नगर जेड चैक के समीप ह्यफिजियोहील्ह्य एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में मंगलवार को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फिजियोथेरेपी जागरूकता व्याख्यान, व्यायाम प्रदर्शन, सफल मरीजों की प्रेरणादायक कहानियां, नई रिहैबिलिटेशन तकनीक का प्रदर्शन, स्वास्थ्य परामर्श एवं समुदाय जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम हुआ। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि आज विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मरीज का निःशुल्क जांच एवं इलाज हेतु परामर्श दिया गया। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी केवल दर्द कम करने की चिकित्सा नहीं, बल्कि शरीर की गतिशीलता, शक्ति और आत्मनिर्भरता वापस लाने की वैज्ञानिक प्रक्रिया है। समय-समय पर फिजियोथेरेपी परामर्श और उचित पुनर्वास से चोट, सर्जरी, जोड़ों की समस्या एवं कई शारीरिक परेशानियों से उबरने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर दर्द को नजर अंदाज नहीं करने, सही समय पर विशेषज्ञ की सलाह लेने और स्वस्थ जीवन के लिए सक्रिय रहने का संकल्प लेंगे।

# 121 साल की सेवा और ग्राहकों भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा बैंक ऑफ इंडियाः शाखा प्रबंधक



**केक काटकर मनाया गया बैंक ऑफ इंडिया का स्थापना दिवस**

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बैंक ऑफ इंडिया के 121वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया, महावीर टोला आरा शाखा में हर्षोल्लास के साथ उत्सवी माहौल में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरा के प्रतिष्ठित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार जितेंद्र एवं सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक अमित सुमन ने संयुक्त रूप से केक काटकर स्थापना दिवस का शुभारंभ किया। समारोह में शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बैंक की 121 वर्षों की गौरवशाली सेवा यात्रा, ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य में बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प पर चर्चा हुई। शाखा परिसर में आयोजित समारोह में कर्मचारियों ने बैंक की उपलब्धियों को याद करते हुए निरंतर प्रगति की कामना की। शाखा प्रबंधक सुबोध कुमार शर्मा ने कहा कि 121 वर्षों की यह यात्रा केवल बैंक की उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि करोड़ों ग्राहकों के विश्वास और जुड़ाव की कहानी है। बैंक ऑफ इंडिया ने हर दौर में बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को मजबूत किया है। आज हमारा लक्ष्य केवल बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्राहकों के सपनों और आर्थिक विकास का भरोसेमंद साथी बनना है। ग्राहकों का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और इसी विश्वास के बल पर हम आने वाले वर्षों में सेवा के नए आयाम स्थापित करेंगे। उपस्थित ग्राहकों ने बैंक की निरंतर प्रगति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर निशीथ कुमार, पंकज कुमार, गोमांतक पंडित, राजीव कुमार, नीरज कुमार, धर्मेश, मदन, आशीष, राकेश, अमित, अवधेश, रामनिवास सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# संगीत समारोह में झारखंड के संगीतज्ञों ने समां बांधा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बक्सी कुलदीप नारायण मेमोरियल कल्चरल सोसाईटी के बैनर तले आयोजित छः दिवसीय 113वां कृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह की पांचवी निशा का उद्घाटन जमशेदपुर के चर्चित तबला वादक पंडित दयानाथ उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा कि समाज में शुद्ध सांगीतिक आयोजनों पर संकट का दौर चल रहा है। वर्तमान में अप संस्कृति को भारतीय शास्त्रीय संगीत के द्वारा ही खत्म किया जा सकता है। भारतीय संगीत के संरक्षण के समाज को आगे आना होगा। समारोह में झारखंड से पधारे तबला वादक श्रेष्ठ उपाध्याय ने स्वतंत्र तबला वादन की प्रस्तुति करते हुए कायदा, पेशकार एवं विभिन्न बंदिशों को सुनाकर समां बाँधा। वहीं बक्सर के युवा कथक नर्तक शैलेंद्र सिंह व शालिनी महाराज ने घुंघरुओं की युगलबंदी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदुषी बिमला देवी ने राग मेघ मल्हार में दानेदार तानों व बोल विस्तार से सुरों की अद्भुत छटा बिखेरी। इस समारोह में छपरा की कथक नृत्यांगना कुमारी अनिशा ने लय ताल एवं छंद से खूब तालियां बटोरी। वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. ट्विंकल केशरी एवं एम.एम. महिला कॉलेज की सहायक प्रोफेसर विणु कुमारी ने रंगी साड़ी गुलाबी चुनरिया रे पर राधा कृष्ण के रास को बखूबी प्रस्तुत किया। नवोदित कलाकारों में सिद्धि आनंद, सोमी सोनी व शानवी सोनी ने नयनाभिराम नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन बक्शी विकास व धन्यवाद ज्ञापन आदित्या श्रीवास्तव ने किया।

# बाढ़ के पानी में डूबने से अधेड़ की मौत, स्वजन को मिला चार लाख का मुआवजा



**बाढ़ के पानी में पैर फिसलने से अधेड़ की मौत, स्वजन को मिला चार लाख का मुआवजा**

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के बरिसवन गांव में मंगलवार को बाढ़ के पानी में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान बरिसवन गांव निवासी शीनाथ तिवारी के 44 वर्षीय पुत्र छोटक तिवारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब सात बजे छोटक तिवारी किसी काम से घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान बाबू तिवारी के घर के समीप बाढ़ के पानी में उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास के बाद उन्हें पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। इधर अंचलाधिकारी आनंद प्रकाश ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के स्वजन को आपदा राहत के तहत चार लाख रुपये का मुआवजा उपलब्ध कराया। राजस्व कर्मचारी सहदेव कुमार एवं प्रधान सहायक (बड़ा बाबू) निर्मल कुमार के माध्यम से मृतक के परिवार को चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अंकित पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज तिवारी एवं चमचम तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 17 सितम्बर को आयोजित होगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए शिविर

चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में रहने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए 17 सितम्बर को चरपोखरी में शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में दिव्यांगता जाँच करने के लिए चिकित्सकों की एक विशेष टीम मौजूद रहेगा जहाँ प्रमाण पत्र निर्गमन की कार्रवाई की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुमार विमलादित्य ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपेक्षित सहयोग करने का आग्रह किया है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एसडीआरएफ का लगातार सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



**संवेदनशील एवं जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा रहा**

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निर्देशन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एसडीआरएफ की टीमें लगातार सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। अभियान के तहत अब तक गर्भवती महिलाओं, डायलिसिस एवं कैंसर से पीड़ित मरीजों, वृद्धजनों, बच्चों सहित अन्य जरूरतमंद एवं संवेदनशील लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया गया है। एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार पहुँचकर लोगों को हरसंभव तक सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य कर रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर सर्च एवं रेस्क्यू के साथ जरूरत के अनुसार लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा रहा है। आपात स्थिति में संपर्क जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24x7 संचालित है। किसी भी आपात स्थिति में 94723 98730 एवं 06182-221233 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# विमान कंपनियों से शिड्यूल मिलते ही शुरू हो जाएगा रात्रिकालीन विमान परिचालन: डॉ गोपाल जी ठाकुर

## सितंबर में राममोहन नायडू और नवंबर में प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर की चर्चा


नागर विमानन मंत्रालय के विशेष सचिव डॉ नीलेश रामचंद्र देवरे

**दरभंगा(एनएसबी)।** एयरपोर्ट को देश स्तर पर अव्वल बनाने तथा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किए जाने के लिए औपचारिकताओ को पूरा किया जा रहा है। यहां के उड़ान यात्रियों की सुविधा के लिए नाइट लैंडिंग सुविधा शीघ्र शुरू की जाएगी। रात्रिकालीन विमान परिचालन के लिए विमान कंपनियों से शिड्यूल शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय सांसद सह दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के चेयरमैन डॉ गोपाल जी ठाकुर ने मंगलवार को बिहार सरकार के नागर विमानन मंत्रालय के विशेष सचिव डॉ नीलेश रामचंद्र देवरे से पटना स्थित उनके मंत्रालय कक्ष में भेंट करने के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी दी है। सांसद डा ठाकुर ने मंत्रालय के सचिव श्री देवरे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नवंबर में संभावित 942 करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन नए टर्मिनल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के आलोक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू के इसी सितंबर माह में दरभंगा आगमन को लेकर विभिन्न तैयारियों की समीक्षा की तथा तथा नए टर्मिनल भवन के प्रगति कार्यों में और तेजी लाने के लिए चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, टर्मिनल विस्तार, रनवे एवं एप्रोच सुविधाओं, कस्टम्स-इमिग्रेशन सहित आवश्यक प्रक्रियाओं को चरणबद्ध रूप से शीघ्रता से पूरा किया जा रहा है। दरभंगा एयरपोर्ट पर मैथिली भाषा में बोर्ड एवं साइनेज, यात्री सुविधाओं का विस्तार, नई हवाई सेवाएं एवं रूट, नाइट ऑपरेशन, बेहतर लैंडिंग सुविधाएं, एयर कार्गो एवं लॉजिस्टिक्स हब तथा मिथिला के पर्यटन, व्यापार, उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयो पर भी बैठक में प्रमुखता से चर्चा की तथा इन मुद्दों के शीघ्र क्रियान्वयन का आग्रह किया।उड़ान योजना के तहत दरभंगा एयरपोर्ट का विकास नागर विमानन मंत्रालय में उदाहरण के रूप में चर्चा की जाती है जो दरभंगा तथा मिथिला क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू तथा बिहार के सीएम सम्राट चौधरी बधाई के पात्र हैं। हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर हवाई का नाम मिथिलाक्षर में अंकित करने, कवि कोकिल बाबा विद्यापति के नाम पर हवाई के नामकरण की शीघ्र घोषणा किए जाने,एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित 90 एकड़ कि अधिग्रहण की सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया है। जमीन के रैयतों तथा किसानों को मुआवजे राशि का शतप्रतिशत भुगतान करने ,एनएच -27 से एयरपोर्ट टर्मिनल भवन तक 4 सौ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ट्रम्पटेड फ्लाईओभर के निर्माण कार्यों को शुरू करने सहित विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया है।

## संक्षिप्त खबरें

### निरक्षर को साक्षर बनाने का भी संकल्प ले : डॉ श्याम नारायण कुमर

स्वामी विवेकानंद बी.एड., डी.एल.एड.टिचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वासुदेवपुर दरभंगा में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस



**दरभंगा(एनएसबी)।** स्वामी विवेकानंद बी.एड., डी.एल.एड. टिचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वासुदेवपुर दरभंगा में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। महाविद्यालय एवं रामकृष्ण विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं राज्य सरकार के पूर्व शिक्षा निदेशक डॉ श्याम नारायण कुमर ने अपने संबोधन में बताया कि आज के दिन संसार के अधिकांश देशों में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जा रहा है । उन्होंने शिक्षकों, छात्र /छात्राओं से आह्वान किया कि प्रत्येक दिन का एक - एक क्षण निरक्षर को साक्षर बनाने का भी संकल्प ले । उन्होंने बताया कि देश में लगभग 80% साक्षर है और शिक्षित व्यक्ति चाहे तो एक वर्ष के अंदर प्रत्येक निरक्षर को साक्षर बना सकता है ।डॉ. कुमार ने बतलाया कि शिक्षा के सिवा देश की तरक्की का कोई दूसरा साधन नहीं है । उन्होंने सभी शिक्षकों एवं छात्रों से देश को आगे बढ़ाने में एवं समृद्धशाली बनाने में अपना अहम योगदान देना चाहेंगे । इस अवसर पर रामकृष्ण विद्यापीठ के निदेशक डॉ.मलय कुमार, प्रोफेसर कमलनाथ, प्रभारी प्राचार्य कुमारी मंजू पाठक सहित कई शिक्षक/ छात्र ने सभा को संबोधित किया इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

### जन्माष्टमी की प्रतिमा का हुआ विसर्जन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**तारडीह(एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत मतनाजे स्थित श्री श्री 108 कारू बाबा स्थान परिसर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा की प्रतिमा का मंगलवार को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। गाजे-बाजे के साथ निकली विसर्जन शोभायात्रा में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। पूजा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव उर्फ भंगी, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार उर्फ मनी एवं सचिव रंजित कुमार के नेतृत्व में विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर उमेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार यादव, मदन सिंह, अनुराग सिंह गौतम, सुनील कुमार यादव, अरविंद कुमार यादव, जिबछ ठाकुर, सुधीर कुमार यादव, राजेश कुमार यादव एवं नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकतपुर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे। पुलिस की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमा का विसर्जन कराया गया।

### कटका के पैरा गांव मे गायक सकल बलमुआ को सूनने उमडी भीड़

छह दिन चलने वाले आयोजन मे भजन प्रस्तुति से गुलजार हो रहा पुरा गांव



**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** कटका पंचायत के पैड़ा गांव में चल रहे छह दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में धूमधाम से मनाई जा रही है। प्रतिदिन अलग-अलग के टोलियों के द्वारा राधा कृष्ण के भजन प्रस्तुति से पुरा गांव गुलजार हो रहा है। इसी दौरान सोमवार की शाम गायक सकल बलमुआ को सूनने के लिए दूर-दूर से आये लोगो की भीड उमड परी। खुश्बू झा, तन्नू, रितु,राहुल झा, ब्रजेश, गौतम एवं राकेश कलाकारो के द्वारा दी गई प्रस्तुति देख श्रोता आनंदित हो रहे थे। बताया गया है कि गांव में 50 वर्ष पूर्व सांपों के आतंक से बचने के लिए ग्रामीणों ने नाग नथैया भगवान कृष्ण की छह दिवसीय आराधना कृष्णाष्टमी के मौके पर शुरू की थी। पूजनोत्सव के 51 वे वर्ष को विशिष्ट बनाने के लिए कई तरह के अनुष्ठान एवं कार्यक्रम किए जा रहे हैं। यहां छह दिनों तक चलने वाले समारोह में श्री कृष्ण की लीलाओं से ग्रामीण सराबोर रहते हैं। मुखिया कुमार किसलय, शिक्षाविद चंद्रभूषण मिश्र,शिक्षक दिलीप कुमार, पुर्व मुखिया लाल पासवान,बिरजन सदा, शिवनंदन सदा, उपेंद्र राम, राजा पासवान आदि ने बताया की भगवान श्री कृष्ण से यहां मांगी गई मिन्नत पूरी होती है। छठिहार महोत्सव के दिन 56 प्रकार व्यंजनो के भोग एवं महा भंडारा की तैयारी श्रद्धालु कर रहे हैं। पूजनोत्सव में ग्रामीण ही नहीं आसपास के ग्रामीणों का भी सहयोग मिल रहा है।

### तकनीकी युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानवीय विवेक का संतुलन अनिवाय:ᐟ:प्रो मुश्ताक अहमद

**दरभंगा (एनएसबी)।** सी.एम. कॉलेज, दरभंगा के सेमिनार हॉल में बीबीए विभाग द्वारा जीआईएमएस, ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेषज्ञ संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसका विषय था "रणनीतिक निर्णय लेने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका"। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मुश्ताक अहमद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव सभ्यता के आरंभ से अब तक विश्व निरंतर बदलाव का साक्षी रहा है, किंतु विगत दो दशकों में तकनीक के क्षेत्र में हुई प्रगति अभूतपूर्व एवं अनुकरणीय रही है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग के प्रयोग ने आज के प्रबंधन विशेषज्ञों तथा उद्यमियों की कार्यप्रणाली को नया आयाम दिया है। भारत एवं विदेशों की कंपनियां जटिल व्यावसायिक समस्याओं के हल हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर रही हैं, परंतु इसका तात्पर्य यह नहीं कि मानवीय बुद्धि एवं मानवीय भागीदारी को नजरअंदाज किया जाए।संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता के. गिरि ने प्रबंधन की मूल अवधारणा, इस क्षेत्र की वर्तमान स्थिति तथा रणनीतिक निर्णय-प्रक्रिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के योगदान पर विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सीमाओं की भी गहन विवेचना की।बीबीए विभाग के समन्वयक डॉ. ललित शर्मा ने मशीन लर्निंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ऐतिहासिक विकास-क्रम की जानकारी देते हुए कहा कि इसके सुविचारित उपयोग से भारत एवं विदेशों में दक्ष पेशेवरों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। राजेश कुमार झा ने विद्यार्थियों में कौशल-विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि तकनीकी दक्षता एवं निरंतर परिश्रम के मेल से ही "विकसित भारत @2047" का सपना साकार होगा। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के बीबीए एवं बीसीए विभागों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उपस्थित विद्वतजनों ने उनके प्रश्नों का सारगर्भित एवं प्रभावी उत्तर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिव्या शर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ललित शर्मा द्वारा किया गया।



### डी एम सी एच में केवल अस्पताल की जांच रिपोर्ट के आधार पर होगा ऑपरेशन

बिचौलियों में हड़कंप, अस्पताल में उपलब्ध है जांच की पूरी सुविधा

**दरभंगा(एनएसबी)।** डीएमसीएच में परिजनों को बरगला कर उनसे मोटी राशि ऐंठ मानक पर खरे नहीं उतरने वाले निजी जांच केंद्रों में मरीजों की जांच कराने वाले बिचौलियों के मंसूबे पर पानी फेरने के लिए निशचेतना विभाग प्रशासन ने कमर कस ली है। विभागाध्यक्ष डॉ. हरी दामोदर सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि डीएमसीएच की जांच रिपोर्ट के आधार पर ही मरीजों का ऑपरेशन किया जायेगा। डॉ. सिंह कि ओर से ये कदम उठाये जाने से एक ओर बिचौलियों के माध्यम से अपना धंधा चलाने वाले निजी जांच घरों के संचालकों के मंसूबे पर लगाम लगेगा।विभागाध्यक्ष ने दो टूक कहा है कि मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले निजी जांच घरों कि रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का ऑपरेशन खतरे से खाली नहीं है। अस्पताल में सभी जांच की सुविधा नि : शुल्क उपलब्ध है। डीएमसीएच से जारी की गयी पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, सीटी स्कैन, एम आर आई आदि रिपोर्ट के आधार पर ही मरीजों का ऑपरेशन किया जायेगा।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी के पांच ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई ने की जांच


जांच करती आर्थिक अपराध इकाई की टीम

**आय से 121 प्रतिशत से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज**

**दरभंगा(एनएसबी)।** बहादुरपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद कुमार विभूति के पांच ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई के द्वारा मंगलवार की सुबह छापामारी की गई। छापामारी की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूति अपने आवास से गायब हो गए। उनके खिलाफ पटना के आर्थिक अपराध थाना में 21/26 मामला दर्ज किया गया है। इनके खिलाफ आय से 121 प्रतिशत से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज हुआ था जिसको लेकर सुबह 8:00 बजे से छापामारी की गई थी। छापामारी किराए के आवास एवं बहादुरपुर प्रखंड के कार्यालय कक्ष में भी छापामारी की गई वहीं मुजफ्फरपुर स्थित किराए के मकान में छपवादी किया गया उसके अलावा पैतृक गांव चंपारण में भी छापामारी की गई है। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के जनकपुरी मोहल्ले में डॉक्टर के मकान में किराए पर दो महीना पहले मकान लिए थे। छापामारी के दौरान ब्रांडेड कंपनी के जेवरात एवं कागजात और कई बैंकों के एटीएम कार्ड बड़ा मत किए गए हैं। छापामारी के बाद आर्थिक अपराध इकाई के डीएसपी मिथिलेश कुमार जायसवाल ने बताया कि इनके खिलाफ शिकायत मिली थी की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की गई है। वही दरभंगा स्थित आवास से तलाशी के दौरान कई महत्वपूर्ण कागजात और समान मिले हैं। वही तलाशी के दौरान कीमती जेवरात से संबंधित कागजात भी बरामद किए गए हैं इनमें ब्रांडेड दुकानों से खरीदे गए जब रात के बल और अन्य दस्तावेज शामिल है।एटीएम कार्ड और बैंक से संबंधित विस्तृत जांच टीम को मिली है। वही कार्यालय में भी छापामारी कर दस्तावेजों की जांच की गई। डीएसपी के मुताबिक शिकायत में आए से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने से संबंधित जानकारी मिली थी जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। छापामादी के दौरान मिले दस्तावेजों और अन्य सामानों की जांच की जा रही है जांच पूरी होने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि बरामद संपत्ति और दस्तावेजों का संबंध मामले से किस तरह है। बताया जा रहा है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी की पत्नी मुजफ्फरपुर में एक राजनीतिक पार्टी की जिला मंत्री है। श्री विभूति इससे पूर्व मुजफ्फरपुर जिले के कांटी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर तैनात थे। छापामारी लगभग 5 घंटे तक चला है। दरभंगा जिले में दो डीएसपी सहित छापामारी दल में कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# 200 स्वयंसेवकों का 'युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण' शिविर प्रारंभ



प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते अतिथि एवं अन्य

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के सौजन्य से जुबिली हॉल में दरभंगा जिला के विभिन्न कॉलेजों के 200 एनएसएस स्वयंसेवकों का सात दिवसीय आवासीय 'युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर' का शुभारंभ हुआ। सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो ध्रुव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में भू-संपदा पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान-विशिष्ट अतिथि, एसडीआरएफ, बिहटा, पटना के इंस्ट्रेक्टर रूपेश कुमार पासवान-मुख्य वक्ता, शिविर संयोजक डॉ आर एन चौरसिया-स्वागत कर्ता एवं विषय प्रवेश, एनएसएस समन्वयक-द्वितीय डॉ शबनम कुमारी-धन्यवाद कर्ता तथा तथा मंच संचालिका डॉ रीता कुमारी आदि ने विचार व्यक्त किया। मंचासीन अतिथियों के साथ ही मुकेश कुमार झा, मणिकांत ठाकुर तथा एसडीआर टीम के पंकज कुमार, राजू कुमार, संतोष कुमार, पूजा कुमारी तथा मिथिलेश तिवारी आदि का स्वागत पाग, चादर, मोमेंटो एवं बुके से किया गया। इस अवसर पर डॉ रीता कुमारी, डॉ अनुपम प्रिया, डॉ शंभू पासवान, डॉ सुजीत कुमार साफी, डॉ उदय कुमार, डॉ अमित कुमार सिन्हा, कुमार नीरज, डॉ युगेश्वर साह, डॉ अजय कुमार आदि एनएसएस पदाधिकारियों, अक्षय कुमार झा, अमित कुमार झा, विकास कुमार, सुमीत कुमार, रवीन्द्र कुमार सिंह आदि ने सक्रिय सहयोग किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो ध्रुव कुमार ने कहा कि आपदा प्रशिक्षण से युवाओं का एक बड़ा फोर्स तैयार होगा जो आपदा के समय समाज में जान-माल की रक्षा करने में सक्षम होंगे। एसडीआरएफ की टीम एनएसएस के माध्यम से चार बैचों में कुल 800 स्वयंसेवकों को जमीनी स्तर पर प्रशिक्षित कर रही है जो हमारे समाज के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### 09 एवं 10 सितंबर को दो पालियों में होगी यूजीसी नेट परीक्षा

**दरभंगा/एनएसबी।** अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर कुमार गौरव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट जून-2026 परीक्षा 09 एवं 10 सितंबर 2026 को दरभंगा नगर क्षेत्र स्थित आयन डिजिटल जोन इडज 1, खाजासराय , परीक्षा केन्द्र पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 09 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से अपराह्न 06: बजे तक होगी।

# डीआरसीसी के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश



**दरभंगा/एनएसबी।** आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमंडलीय सभागार में दरभंगा प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों- दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के स्थानीय क्षेत्र संगठन विभाग के अधीक्षण अभियंताओं एवं जिला योजना पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक एवं स्थानीय क्षेत्र से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।आयुक्त ने सांसद एवं विधायक द्वारा अनुशंसित योजनाओं को समयबद्ध क्रियान्वयन कराने हेतु निर्देशित किया।योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब किसी भी परिस्थिति में नहीं हो तथा संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता योजनाओं की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।साथ ही, योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।बैठक के दौरान आयुक्त ने जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की।

# ऑल इंडिया ज्ञान परीक्षा में अमित को देश में तीसरा, बिहार में पहला स्थान



सम्मानित करते समाजसेवी पप्पू सिंह, रवींद्र सिंह एवं अन्य ।

**घनश्यामपुर (दरभंगा)।** क्रीड़ा भारती की ओर से 6 सितंबर को आयोजित अखिल भारतीय ऑनलाइन ज्ञान परीक्षा में संस्कार वैली पब्लिक स्कूल, घनश्यामपुर के वर्ग 8 के छात्र अमित कुमार मुखिया ने शानदार प्रदर्शन किया। अमित ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि बिहार में वे प्रथम स्थान पर रहे। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय के साथ-साथ घनश्यामपुर और दरभंगा का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।ग्राम मसवासी, ब्रह्मपुरा निवासी अमित के पिता परमेश्वर मुखिया हैं। उनकी सफलता पर क्रीड़ा भारती की ओर से 25 हजार की सहयोग राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।अमित की उपलब्धि के बाद आयोजित सम्मान समारोह में क्रीड़ा भारती प्रांत उपाध्यक्ष रवींद्र सिंह, दिव्यांग प्रमुख संतोष शर्मा, जिला मंत्री आशीष, भाजपा जिला महामंत्री दरभंगा पूर्वी संजय सिंह पप्पू सिंह किसान मोर्चा महामंत्री बैद्यनाथ सिंह, पुनहद पंचायत के मुखिया एवं समाजसेवी संजीव सिंह, संस्कार वैली पब्लिक स्कूल के निदेशक राम सेवक सिंह और प्राचार्या नीरा सुब्बा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।क्रीड़ा भारती प्रांत उपाध्यक्ष रवींद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र का राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करना पूरे बिहार के लिए गौरव की बात है। अमित की सफलता दूसरे विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि अमित ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से पूरे जिले का मान बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन देने की है।संस्कार वैली पब्लिक स्कूल ने कम समय में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। हाल ही में विद्यालय की टीम ने सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट के दरभंगा जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया था। वहीं पिछले वर्ष विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल में चयन हुआ था।विद्यालय की प्राचार्या नीरा सुब्बा ने अमित को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी मेहनत और लगन का परिणाम है। निदेशक राम सेवक सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल, ज्ञान, अनुशासन और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना विद्यालय का लक्ष्य है। अमित की उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

# देश का भविष्य स्कूल की कक्षाओं से तय होता हैः मोहन झा

## मैथिली फिल्म अकादमी के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में अतिथि बच्चे एवं अन्य।

**दरभंगा(एनएसबी)।** बैंक अधिकारी, शिक्षाविद और समाजसेवी हरि मोहन झा की पहली पुण्यतिथि के मौके पर, मैथिली फिल्म अकादमी,दरभंगा के तत्वावधान में उच्च माध्यमिक विद्यालय, रैयाम पश्चिम में "शिक्षा और स्वास्थ्य" पर निबंध लेखन,कविता लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम के मुख्य विषयों में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण में लोक पर्व 'छठ' की भूमिका,हमारे दैनिक जीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व, बीमारी-मुक्त पंचायत के लिए जलजनित बीमारियों से निपटने के प्रयास और सामाजिक विकास में लैंगिक समानता की भूमिका शामिल थी। मुख्य अतिथि शिक्षाविद व कार्मिक विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी मोहन झा,अतिथियों में आनंद मोहन झा, प्रिया नंदनी, चांदनी एस. मिश्रा और अभिषेक, दयाकांत शामिल थे। अध्यक्षता विद्यालय के प्रचार्य प्रेम कुमार कर्ण ने की,जबकि मैथिली फिल्म अकादमी के संयोजक शशि मोहन भारद्वाज ने आरम्भ में विषय प्रवेश कराते हुए विषय को रखा। स्कूल की शिक्षिका मीनाक्षी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया. संचालन सुनील कुमार ने किया। वही शिक्षिका मिनाक्षी कुमारी,अनुप्रिया, शिक्षक सुनील कुमार और दिव्येश शुक्ला ने मूल्यांकन व कार्यक्रम में सराहनीय भूमिका निभाया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में रुकैया खातून (कक्षा 8) ने पहला, रूप कुमार ठाकुर (कक्षा 7) ने दूसरा और सुमित कुमार (कक्षा 5) ने तीसरा स्थान हासिल किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में आनंद कुमार (कक्षा 7) पहले, अंकुश कुमार दूसरे, तहरीमा (कक्षा 8) तीसरे और आदर्श चौथे स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में विवेक (कक्षा 8) ने पहला, उत्सव (कक्षा 7) ने दूसरा, अंजलि ने तीसरा और अनुष्का ने चौथा स्थान हासिल किया। दूसरे सत्र पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मोहन झा ने हरि मोहन झा के व्यक्तित्व कृतित्व की चर्चा करते हुए छात्रों से कहा कि हम सभी को स्वयंग के साथ साथ समाज के लिए सहयोग की भावना रखनी चाहिए जो हरि मोहन झा में कूट कूट के थे। विशिष्ट अतिथि आनन्द मोहन , प्रिया नन्दनी,चांदनी एस मिश्रा व अभिषेक ने बीमारी-मुक्त पंचायत के सपने को सच करने के लिए छात्रों को 'स्वच्छता दूत' बनने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी के निर्देश पर बासोपट्टी प्रखंड के सेली-बेली पंचायत में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई



**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, मधुबनी के निर्देश के आलोक में दिनांक 07 सितंबर, 2026 को बासोपट्टी प्रखंड अंतर्गत सेली-बेली पंचायत सरकार भवन को जोड़ने वाले रास्ते को अस्थाई अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अंचल अधिकारी, बासोपट्टी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, बासोपट्टी द्वारा पुलिस बल के सहयोग से उक्त कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि सेली-बेली पंचायत सरकार भवन का निर्माण लगभग 8झ10 वर्ष पूर्व ही पूर्ण हो चुका था, किंतु पंचायत सरकार भवन तक पहुंचने वाले रास्ते के अवरुद्ध रहने के कारण आम नागरिकों को पंचायत सरकार भवन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं सुविधाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा था।उक्त रास्ते पर कुछ ग्रामीणों द्वारा पेड़-पौधे लगाने, झोपड़ी एवं अन्य अस्थाई संरचनाएं खड़ी कर मार्ग को अवरुद्ध करते हुए अतिक्रमण किया गया था। प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाकर रास्ते को आवागमन के लिए मुक्त कराया गया। रास्ता अतिक्रमणमुक्त होते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, बासोपट्टी के स्तर से रास्ते के मिट्टीकरण का कार्य भी तत्काल प्रारंभ करा दिया गया है, ताकि पंचायत सरकार भवन तक आमजन का सुगम एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्रवाई प्रशासन की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता एवं लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान का महत्वपूर्ण उदाहरण है। पंचायत सरकार भवन तक सुगम पहुंच बहाल होने से स्थानीय ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं एवं प्रशासनिक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायत स्तर पर अधिक आसानी से प्राप्त हो सकेगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है तथा लंबे समय से लंबित इस समस्या के समाधान के प्रति लोगों ने संतोष व्यक्त किया है।

### योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन का एसडीओ ने दिया निर्देश



**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय के प्रकोष्ठ में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों (बीपीआरओ) के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तर पर संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यों की बारी-बारी से गहन समीक्षा की गई। इस दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। एसडीओ ने अधिकारियों को सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब नहीं हो, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। एसडीओ ने सभी बीडीओ को भूमिहीन विद्यालयों की सूची पुनः उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिया कि संबंधित अंचल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ऐसे विद्यालयों के लिए तत्काल भूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें।उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों के पास भूमि उपलब्ध है, लेकिन भवन नहीं है, अथवा भवन एवं भूमि दोनों उपलब्ध होने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का अभाव है या संपर्क पथ नहीं है, ऐसे विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन कर आवश्यक कार्य कराया जाए। इससे विद्यालयों को सुदृढ़ कर विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जा सकेगा।बैठक में बीडीओ बेनीपट्टी महेश्वर पंडित, बीडीओ बिस्फी बसंत कुमार सिंह, बीडीओ हरलाखी रविशंकर पटेल, बीडीओ मधवापुर मनोज मुर्मू, बीपीआरओ बेनीपट्टी मधुकर कुमार तथा बीपीआरओ हरलाखी एवं मधवापुर अशोक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून नहीं, संस्थागत जिम्मेदारी भी::- अंजनी कुमार झा

**मधुबनी(एनएसबी)।** कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं गरिमापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन मिशन शक्ति, मधुबनी एवं महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के तत्वावधान में सीता मुरलीधर +2 उच्च विद्यालय, बसैठा में अधिनियम-2013 पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक अंजनी कुमार झा ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा एवं सम्मान की रक्षा करना प्रत्येक संस्थान की जिम्मेदारी है। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को केवल शारीरिक हरकत तक सीमित नहीं समझना चाहिए, बल्कि अवांछित व्यवहार के अन्य स्वरूपों को भी गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है।उन्होंने बताया कि अनुचित स्पर्श, अवांछित शारीरिक निकटता, यौन प्रकृति की टिप्पणियां या संकेत, अशोभनीय संदेश अथवा चित्र भेजना, यौन संबंध या यौन लाभ की मांग करना तथा ऐसा कोई भी अवांछित मौखिक, गैर-मौखिक या लिखित आचरण, जिससे महिला असहज, अपमानित, भयभीत अथवा असुरक्षित महसूस करे, कानून के दायरे में आ सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न की रोकथाम के लिए कानून की जानकारी के साथ-साथ संस्थागत संवेदनशीलता एवं जवाबदेही भी आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मियों से अपील की कि वे अपने संस्थान में सम्मानजनक व्यवहार एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।कार्यशाला में लैंगिक विशेषज्ञ शिवराम मेहरा ने अधिनियम के अंतर्गत शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, शिकायतों के निवारण की व्यवस्था, संस्था एवं नियोक्ता की जिम्मेदारियों तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को अनुचित व्यवहार की स्थिति में निर्धारित कानूनी एवं संस्थागत प्रक्रिया के माध्यम से समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक काशफूददूजा एवं कृष्ण कुमार झा, रामचन्द्र राम, अभिलाषा राजभर, विश्वनाथ प्रसाद, सुरेश कुमार भगत, सत्यवीर सिंह, सत्येन्द्र कुमार, रामबाबू कुमार, जितेंद्र पासवान, संतोष मण्डल, शिल्पी कुमारी, सबाना परवीन, सुषमा कुमारी, राजकुमारी एवं संगम कुमारी पांडेय सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।इस दौरान प्रतिभागियों ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका जिला मिशन समन्वयक अंजनी कुमार झा एवं लैंगिक विशेषज्ञ शिवराम मेहरा द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया।

### रघौली पंचायत के वार्ड नंबर-12 स्थित भरन टोल और मुशहरी टोला में सड़क की बदहाल स्थिति

**बिस्फी : (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की रघौली पंचायत के वार्ड नंबर-12 स्थित भरन टोल और मुशहरी टोला में सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बिस्फी से सिंघिया जाने वाली पक्की सड़क से जुड़ने वाले इस मार्ग की हालत लंबे समय से जर्जर बनी हुई है। खासकर प्राथमिक विद्यालय से लेकर महेश सहनी के घर तक सड़क की स्थिति काफी खराब है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और रास्ता ऊबड़-खाबड़ हो चुका है। इस कारण पैदल चलने वाले लोगों के साथ-साथ बाइक, साइकिल और अन्य वाहनों से आने-जाने वालों को भी परेशानी होती है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है, जिन्हें प्रतिदिन इसी रास्ते से होकर विद्यालय जाना पड़ता है।बारिश के मौसम में सड़क की समस्या और गंभीर हो जाती है। कई स्थानों पर पानी जमा हो जाने से सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे राहगीरों के गिरने और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों के मुताबिक, आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी खराब सड़क परेशानी का कारण बन सकती है।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह रास्ता आसपास के टोले-मुहल्लों को मुख्य सड़क से जोड़ता है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत को लेकर अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सड़क का स्थलीय निरीक्षण कराकर जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

# नई उर्वरक वितरण नीति से किसान परेशान, खाद खरीद खरीदने में हो रही परेशान



किसान दुकान पर

**लदनियां (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुए अमृत तुल्य बारिश के बाद जब किसानो ने अपने खेत मे लगी धान की फसल में उर्वरक देने के लिए जब खाद बीज भंडार पर पहुंचते है तो उर्वरक बिक्रेता द्वारा वहां किसानो को ऑनलइन अप्लाई कर अप्लाई के बाद कम्प्यूटर जनीत क्यूआर कोड लेकर आने को बोला जाता है किसान जब काफी मस्कत के बाद कही से अप्लाई कर के आते है तो अप्लाई में तो काफी समस्या आती है कि किसानों का पहले आधार सत्यापन होता है फिर मोबाईल सत्यापन उसके बाद जिस खेसरा पर फसल लगी है ,उस खेसरा को अप्लाई के समय दशार्ना परता है ।अंचल कर्यालय की उदासीनता के कारण खेसरा भी जमाबंदी मे ऑनलइन अपडेट नहीं रहने के कारण उर्वरक खरीद अप्लाई मे स्वीकृति होता है फिर भी किसान रो गाकर जैसे तैसे अप्लाई करवाकर अब दुकानदारों के पास आते है ,आने बाद उनका क्यूआर कोड उर्वरक बिक्रेता को सरकार द्वारा उपलब्ध मशीन पर नहीं खुल पा रहा है ।जिससे किसानो को उर्वरक बिकेर्ताओं द्वारा उर्वरक नहीं दिया जा रहा है , किसान करें तो क्या करें किसान खेती छोड़ने का मन बना रहे है यहां के 95फीसदी किसान की माली हालत ऐसा हैं ,जो पहले से उर्वर्क का भंडारण नहीं कर सकते किसान शिवनाथ चौधरी आसीमांनंद, अशोक, राजीव कुमार, दिलीप यादव, आदि बताते है, कि अगले बर्ष से खेती छोड़ दिल्ली पंजाब चला जाऊंगा मजदूरी करने किसान रंजीत कुमार बताते है की पिछले चार दिनों से इफ्को बजार फ्रेंचाइजी पर आकर परेशान हूँ खेत मे पानी सुख रहे है उर्वरक बिक्रेता के भंडार मे उर्वरक है पर सरकार के गलत व्यवस्था के कारण हम किसानों को उर्वरक नहीं मिल रहाहै यही शिकायत प्रखंड क्षेत्र के सभी 65 दुकान पर ये हाल हाल है सरकारी की ओर से किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण नहीं मिलने से भी इस तरह की परेशानी हो रही है। संवाददाता ने जमीनी स्तर पर दुकानदारों एवं आम लोगों से जानकारी उपलब्ध करने का प्रयास किया है। सभी जानकारी सत्यापित हुआ है। इधर प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं किसान सलाहकार से इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि सरकार के द्वारा नियम में नया व्यवस्था किया गया है, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुआ है। हालांकि नेपाल सीमा से महज एक एवं दो किलोमीटर पर अवस्थित दुकानदारों के द्वारा बिहारी मूल के नागरिकों के नाम पर खाद बुक कर नेपाल के नागरिकों के हाथों उच्ची किमत पर बेचा जा रहा है । कोई अधिकारी जवाबदेही लेने को तैयार नहीं है। प्रखंड क्षेत्र में तैनात अधिकारी जनता को नजरंदाज कर खाद व्यापारी के पक्ष में काम कर रहा है ऐसा शिकायत करने वाले जनता का आरोप है।

## उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक और जैविक खेती पर जोर, किसानों को मिली उपयोगी जानकारी



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**मधुबनी (एनएसबी)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), मधुबनी एवं कृषि विज्ञान केंद्र, सुखेत, झंझारपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषकों एवं कृषि वैज्ञानिकों के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कृषक-वैज्ञानिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों की स्थानीय कृषि समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान उपलब्ध कराने तथा उन्हें नवीनतम एवं उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. राहुल सिंह राजपूत ने किसानों को बीज उपचार, धान की फसल में कीट एवं व्याधि प्रबंधन तथा कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. जगपाल ने पशुओं में होने वाली लम्पी बीमारी, उसके लक्षण एवं नियंत्रण के उपायों से किसानों को अवगत कराया।कृषि विभाग के उप परियोजना निदेशक नंदन ने उन्नत बीज एवं फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य एवं संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, जल संरक्षण, कृषि यंत्रीकरण, उद्यानिकी फसलों तथा फसल विविधीकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।इस दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को वैज्ञानिकों के समक्ष रखा। वैज्ञानिकों ने स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक सुझाव देते हुए किसानों की समस्याओं का समाधान किया। किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन, गुणवत्तापूर्ण उपज तथा कृषि से आय बढ़ाने के लिए तकनीकी उपायों को अपनाने पर जोर दिया गया।वक्ताओं ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों की तकनीकी विशेषज्ञता और किसानों के व्यावहारिक अनुभव के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने से कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।आत्मा, मधुबनी के अधिकारियों ने बताया कि किसानों को वैज्ञानिकों से सीधे संवाद का अवसर उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय कृषि समस्याओं का त्वरित एवं तकनीकी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा वैज्ञानिक तकनीकों को अपनी खेती में अपनाने का संकल्प लिया।

## पर्यावरण बचाने को आगे आए विद्यार्थी, संगोष्ठी में लिया संरक्षण का संकल्प

**नदियां जीवन का आधार, इनके संरक्षण में हर नागरिक निभाए जिम्मेदारीः राजेश कुमार**



पौधारोपण करते छात्र

**मधुबनी (एनएसबी)।** उच्च माध्यमिक विद्यालय नौआबाखर, हटनी, घोघरडीहा तथा जिला गंगा समिति (नमामि गंगे), मधुबनी के संयुक्त तत्वाधान में नदियों एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी सह शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। गंगा मित्र एवं विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक सुभाष कुमार कामत के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने कहा कि नदियां हमारी सभ्यता, संस्कृति और जीवन का आधार हैं। इनके संरक्षण के लिए केवल सरकारी स्तर पर प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। विद्यालय स्तर से बच्चों में पर्यावरण एवं नदियों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।गंगा मित्र एवं विशिष्ट शिक्षक सुभाष कुमार कामत ने कहा कि नदियों को स्वच्छ और निर्मल रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों की स्वच्छता का संदेश व्यापक स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता के साथ-साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं।संगोष्ठी के दौरान नदियों को प्रदूषण से मुक्त रखने, जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को नदियों एवं जल स्रोतों में कचरा नहीं डालने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने नदियों एवं पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों को स्वच्छ रखने तथा आम लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अमित कुमार, सारिका शुभम एवं छवि कुमार मंडल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पिंटू कुमार, कार्तिक कुमार, संध्या कुमारी, संजना कुमारी, शिवम कुमार, शांभवी कुमारी, पूजा कुमारी, रितेश, रवि एवं जयंत सहित कई छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## मधुबनी पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई

**मधुबनी (एनएसबी)।** खिरहर थाना पुलिस द्वारा संध्या गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम सोनई में विधिवत छापामारी कर 1.102 किलोग्राम गांजा (मूल्य लगभग-55,100 रु/-) के साथ 01 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया हैं। बरामद मादक पदार्थ को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं ।

## बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए प्रशासन ने शुरू की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की पहल



विद्यालय भवन के शिलान्यास खरते

**मधुबनी (एनएसबी)।** बच्चों को निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में, जिलाधिकारी, मधुबनी श्री आनंद शर्मा द्वारा पूर्व में बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के भ्रमण/निरीक्षण के दौरान नया प्राथमिक विद्यालय, राम सागर टोल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में आवश्यक आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने तथा बच्चों के पठन-पाठन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। जिलाधिकारी के उक्त निर्देश के अनुपालन में सोमवार को नया प्राथमिक विद्यालय, राम सागर टोल के परिसर में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से दो कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख रीता कुमारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंत कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख रीता कुमारी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। भवनविहीन अथवा भूमिहीन विद्यालयों में भी पठन-पाठन जारी रखने के लिए तत्काल समुचित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा एवं उनके सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंत कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रखंड प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों की आधारभूत आवश्यकताओं की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।सरकारी विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने तथा आधारभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 11 बिंदुओं पर विद्यालय प्रधानाध्यापकों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। इसमें विद्यालय भवन की उपलब्धता, विद्यालय की आधारभूत संरचना सहित भवनविहीन एवं भूमिहीन विद्यालयों से संबंधित जानकारी भी शामिल है। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकताओं का आकलन कर प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय में अतिरिक्त कमरों के निर्माण की पहल से स्थानीय ग्रामीणों एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने बच्चों की शिक्षा के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही पहल की सराहना की। इस अवसर पर समाजसेवी मदन यादव, मोहम्मद चांद, मनोज कुमार मंडल, सुधीर कुमार मंडल, शिक्षिका नीलम कुमारी, शंभू यादव, सहायक शिक्षक परवेज आलम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।*

## बेनीपट्टी अनुमंडल अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**दशरथ व्यार प्रियदर्शी दूसरी बार अध्यक्ष, ब्रजेश कुमार सिंह पहली बार बने महासचिव**



**बेनीपट्टी, (एनएसबी)।** बेनीपट्टी अनुमंडल अधिवक्ता संघ का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर दशरथ व्यार प्रियदर्शी ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। वहीं महासचिव पद पर पहली बार ब्रजेश कुमार सिंह विजयी घोषित किए गए। चुनाव पर्यवेक्षक संतोष कुमार ठाकुर की निगरानी में आर ओ मणिशंकर प्रतिहस्त के द्वारा चुनाव कराया गया।कुल 146 मतदाताओं में से 141 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद शाम करीब पांच बजे मतगणना शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर दशरथ व्यार प्रियदर्शी को 50 मत मिले, जबकि दूसरे स्थान पर रहे अशोक झा को 49 मत मिले। तीसरे उम्मीदवार रमेश कुमार मेहता को 42 मत प्राप्त हुए। इस तरह प्रियदर्शी ने महज एक मत के अंतर से जीत हासिल की।महासचिव पद पर ब्रजेश कुमार सिंह को 61 मत मिले। दूसरे स्थान पर ईश्वर चंद्र झा को 38, राजदेव प्रसाद को 25, सरोज कुमार झा को 14 तथा विनयेश सहनी को दो मत मिले, जबकि एक मत रद्द घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर प्रणव कुमार 83 मत प्राप्त कर विजयी हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी शंकर कुमार झा को 57 मत मिले और एक मत रद्द हुआ। संयुक्त सचिव पद पर राम सुंदर चौधरी ने 76 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि महेश कुमार यादव को 64 मत मिले और एक मत रद्द हुआ।सहायक सचिव पद पर प्रमोद कुमार साह ने 79 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। दूसरे स्थान पर रहे बाबू साहेब पासवान को 60 मत मिले और दो मत रद्द हुए। कोषाध्यक्ष पद पर शिवेश्वर कुमार झा 84 मत प्राप्त कर विजयी हुए, जबकि ओम को 57 मत मिले। वहीं अंकेक्षक पद पर पवन कुमार राम ने 80 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जय कृष्ण झा को 59 मत मिले तथा दो मत रद्द किए गए।चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं में उत्साह देखा गया। विजयी अध्यक्ष, महासचिव सहित अन्य पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने बधाई दी और फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि संघ की नई टीम अधिवक्ताओं के हित में प्रभावी ढंग से कार्य करेगी।

## मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी

# थावे मंदिर से पूजा कर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार, एक की मौत, 4 घायल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राजेपुर थाना क्षेत्र के फुलबरिया गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो में सवार मीनापुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 निवासी करीब 45 वर्षीय बीरेंद्र प्रसाद की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।



मौके पर लगी लोगों की भीड़।

घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार, ऑटो में सवार एक हीं परिवार के सभी पांच लोग थावे मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान राजेपुर थाना क्षेत्र के फुलबरिया गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार एक पिकअप वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौके पर हीं मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत और बचाव का काम शुरू किया। लोगों ने ऑटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। घटना के बाद मौके पर कुछ देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। घायलों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे में मीनापुर नगर पंचायत वार्ड नंबर 9 निवासी बीरेंद्र प्रसाद (करीब 45 वर्ष), पिता नागिन्द्र प्रसाद की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है और घटनास्थल से जुड़े लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार चालक की पहचान और तलाश शुरू कर दी है। हालांकि, पुलिस ने हादसे में शामिल पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और अब चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस सड़क हादसे में घायल चारों लोगों का एसकेएमसीएच में इलाज जारी है। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बाकी घायलों का भी चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। पूजा-अर्चना के बाद घर लौट रहे परिवार के साथ हुए इस हादसे से इलाके में भी शोक का माहौल है।

## नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की टीम ने तुर्की थाना क्षेत्र से कंटेंनर पर लोड 990 किलो गांजा की बड़ी खेप पकड़ी, दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की टीम ने मंगलवार को मिली पूर्व सूचना के आधार पर मुजफ्फरपुर हाजीपुर मार्ग के तुर्की थाना क्षेत्र से तस्करी कर मुजफ्फरपुर लाई जा रही कंटेंनर पर लोड एक हजार किलो गांजा बरामद कर जब्त किया है। पकड़ी गई गांजे की इस बड़ी खेप की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 3 करोड़ रुपए आँकी गई है। नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की टीम ने इस मामले मे कंटेंनर चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति चंपारण के निवासी बताये जा रहे है।

नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड सूत्रों के अनुसार मिले इनपुट के आधार पर तुर्की थाना क्षेत्र स्थित मुजफ्फरपुर हाजीपुर मार्ग में जाल बिछाया गया। इसी दौरान बी आर 21जीसी - 2912 नंबर की एक कंटेंनर को रोककर तलाशी ली गईं। तालाशी मे कंटेंनर में फूल लोड गांजा पाया गया, जिसे कंटेंनर सहित जब्त कर चालक सहित दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया। वजन के अनुसार 990 किलोग्राम गांजा बरामद कर जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत



अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे लगभग 3 करोड़ रुपए आँकी गई है। फिलहाल एनसीबी की टीम गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों से पूछताछ कर रही है। टीम फिलहाल यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा की इतनी बड़ी खेप कहां से लोड की गई थी और मुजफ्फरपुर मे इसे कहां पहुंचाया जाना था। बताया गया है कि तस्करी द्वारा यह बड़ी खेप मुजफ्फरपुर के किसी सप्लायर के यहां पहुंचाने की तैयारी थी, इसी बीच नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड ने मिली पूर्व सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कंटेंनर को तुर्की थाना क्षेत्र में हीं पकड़ लिया। एसडीपीओ पश्चिमी टू ए सी ज्ञानी ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कैलाश वानखेड़े का उपन्यास 'उजाला अँधेरे' 17वां अयोध्या प्रसाद खत्री सम्मान के लिए चयनित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अयोध्या प्रसाद खत्री स्मृति समिति, मुजफ्फरपुर ने वर्ष 2026 के 17वें अयोध्या प्रसाद खत्री स्मृति-सम्मान के लिए लेखक कैलाश



वानखेड़े के उपन्यास 'उजाला अँधेरे' का चयन किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर में 11 जनवरी 1970 को जन्मे कैलाश वानखेड़े के इस उपन्यास का चयन आलोचक एवं ह्यआलोचनाह्न के संपादक आशुतोष कुमार ने किया है। समिति के अनुसार उपन्यास का चयन उसकी व्यापक सामाजिक दृष्टि, जीवन की गहरी पकड़ और विशिष्ट कथात्मक संवेदना के आधार पर किया गया है। समिति ने कहा कि 'उजाला अँधेरे' महज दलित समुदाय की पीड़ा का आख्यान नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से भारतीय समाज की संरचना और उसकी अंतर्विरोधी विकास-यात्रा की व्यापक समीक्षा सामने आती है। उपन्यास में वंचना को केवल करुणा का विषय न बनाकर उसे मनुष्य के स्वप्न, संघर्ष और गरिमा के प्रश्न से जोड़ा गया है। 'उजाले' और 'अँधेरे' का द्वंद्व केवल अभाव और सुविधा का द्वंद्व नहीं, बल्कि आधुनिक और लोकतांत्रिक समाज के विवेक का प्रश्न भी बनकर सामने आता है। अयोध्या प्रसाद खत्री स्मृति समिति के संयोजक वीरेन नंदा ने बताया कि कैलाश वानखेड़े ने अपने लेखन में हाशिए के जीवन को सामाजिक, ऐतिहासिक और मानवीय जटिलताओं के साथ देखने की विशिष्ट दृष्टि विकसित की है। उनकी रचनात्मकता अनुभव की प्रामाणिकता के साथ सामाजिक संरचनाओं की आलोचनात्मक समझ को जोड़ती है, जिसका सशक्त रूप उनके उपन्यास में दिखाई देता है। वानखेड़े के दो कथा-संग्रह 'सत्यापन' और 'सुलगना' भी चर्चित रहे हैं। उनकी कई कहानियों का पंजाबी, मराठी और अंग्रेजी में अनुवाद हो चुका है। वे फिलहाल मध्य प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा में कार्यरत हैं। अयोध्या प्रसाद खत्री स्मृति समिति के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार रवि, संयोजक वीरेन नंदा और कोषाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने बताया कि सम्मान समारोह का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा, जिसमें कैलाश वानखेड़े को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### डॉ रघुवंश व्याख्यान माला व पुण्यतिथि 13 सितंबर को

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रख्यात समाजवादी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.रघुवंश प्रसाद सिंह की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में एक व्याख्यान माला का आयोजन 13 सितंबर रविवार को एलएस कॉलेज के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को उनके पुत्र सत्य प्रकाश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम गैर राजनीतिक है। इस कार्यक्रम में स्वर्गीय डॉ. रघुवंश सिंह से जुड़े प्राध्यापक, पात्रकार, साहित्यकार, राजनेता व उनके करीब रहे लोग हिस्सा लेंगे। वहीं इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए स्थानीय ब्रह्मपुरा स्थित एक विवाह भवन में एक बैठक भी की गई। जिसमें आयोजन को सफल बनाने के लिए आपस में चर्चा हुई। इस मौके पर रवींद्र प्रसाद सिंह, श्रीकांत सिंह, कामेश्वर सिंह, पत्रकार प्रभात कुमार, संजय सिंह, पवन गुप्ता, नितेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, पंकज कुमार सिंह, ठाकुर सुशील कुमार सोलंकी, मोहम्मद मुनार, शहजाद मंसूरी, सुरेश प्रसाद यादव, रघु पासवान आदि उपस्थित थे।



बैठक करते आयोजक मंडल के सदस्य।

### साक्षरता को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** एस के जे लॉ कॉलेज के तत्वावधान मे मंगलवार को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन महाविद्यालय के निदेशक जयंत कुमार ने किया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी, महाविद्यालय एन एस एस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एस पी चौधरी, प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार, डॉ पंकज कुमार, प्रो आशुतोष कुमार, डॉ अर्चना अनुपम, डॉ. मधु कुमार मौजूद थे। संगोष्ठी मे उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए डॉ एस पी चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उदेश्य साक्षरता को शत प्रतिशत बढ़ाना है, इसके लिए हम सभी को अपने अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय जाने के लिए जागरूक करने को संकल्पित होना होगा कनिदेशक जयंत कुमार ने उपस्थित लोगो को बताया कि सिर्फ डाटा- आंकडो और प्रतिशत के खेल से साक्षरता को बढ़ा कर दिखाना शिक्षा के प्रति नाइंसाफी होंगी, इसलिए प्रत्येक साक्षर व्यक्ति को संकल्पित होना होगा कि वे कम से कम पाँच अशिक्षित को शिक्षित करें कप्राचार्य डॉ के के एन तिवारी ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा साक्षरता को बढ़ाने के लिए अनेको कार्यक्रम और योजनाएं चलाया जा रहा है, लेकिन व्यवहार में उसे जमीन पर उतारने के लिए युवाओं को आगे आकर कार्य करने की आवश्यकता है। संगोष्ठी को डॉ रत्नेश कुमार, डॉ पंकज कुमार, प्रो आशुतोष कुमार, डॉ अर्चना अनुपम, प्रो. दीक्षा, प्रो सौम्या, प्रो अदिति ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, एनएसएस वालाटियर्स एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



साक्षरता पर केंद्रित संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता।

## दरभंगा जिले के बहादुरपुर बीडीओ के मुजफ्फरपुर स्थित आवास सहित पांच ठिकानों पर ईओयू की छापेमारी

# आय से अधिक संपत्ति मिली, 1.71 करोड़ की संपत्ति के साक्ष्य

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड के वर्तमान एवं मुजफ्फरपुर जिले के काँटी प्रखंड के निवर्तमान बीडीओ डॉ आनंद कुमार विभूति के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को मुजफ्फरपुर के बैरिया एवं सैदनगर के जनकपुरी स्थित उनके आवास समेत पांच अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में निगरानी कोर्ट के आदेश पर की जा रही इस कार्रवाई में ईओयु की टीम द्वारा डॉ आनंद कुमार विभूति के सभी ठिकाने पर घंटों तलाशी अभियान चलाते हुए चल अचल संपति से संबंधित कागजात, बैंक पासबुक, जमीन के दस्तावेज आदि बरामद कर जांच के लिए जब्त किए जाने की सूचना है। हालांकि ईओयु की टीम ने उनके ठिकाने से क्या क्या संपति से संबंधित साक्ष्य बरामद किए गए, इस संबंध मे आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

बताया जा रहा है कि डॉ आनंद कुमार विभूति करीब दो माह पहले मुजफ्फरपुर जिले के कांटी प्रखंड से स्थानांतरित होकर बहादुरपुर के बीडीओ का पदभार संभाला है। मंगलवार को ईओयु की टीम के उनके अहियापुर आदर्श नगर स्थित निजी आवास पर पहुंचते हीं मोहल्ले के लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान टीम ने उनके निजी



बीडीओ आनंद कुमार विभूति के निजी आवास पर छापेमारी करने पहुंची ईओयू की टीम।

आवास में घंटों तलाशी और जांच की कार्रवाई की। आर्थिक अपराध इकाई के मुताबिक, जांच में बीडीओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के साक्ष्य मिले हैं। प्रारंभिक जांच में उनकी आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में 1 करोड़ 71 लाख 84 हजार रुपये की अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने के साक्ष्य मिले हैं।

यह संपत्ति उनकी आय से करीब 121.87 प्रतिशत अधिक बताई जा रही है। ईओयु की टीम मे शामिल अधिकारी ने बताया की छापामारी और जांच की कार्रवाई पूरी होने के बाद इससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इधर, काँटी के पूर्व बीडीओ के निजी आवास पर ईओयु की छापेमारी की खबर फैलते ही आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। कार्रवाई को लेकर प्रशासनिक महकमे में भी चचाओं का दौर शुरू हो गया है।

## अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई, पुलिस ने जेसीबी सहित 4 ट्रैक्टर किया जब्त

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गायघाट थाना क्षेत्र के असिया मन में सरकारी जमीन से कथित तौर पर मिट्टी काटने की मिली सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक जेसीबी और चार ट्रैक्टर जब्त किया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां मौजूद खनन से जुड़े लोग और वाहन चालक मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गायघाट थानाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता को सूचना मिली थी कि असिया मन इलाके में सरकारी जमीन से अवैध तरीके से मिट्टी का खनन किया जा रहा है।

सूचना मिलने के बाद उन्होंने मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने इलाके में छापेमारी शुरू की तो वहां खनन में इस्तेमाल की जा रही जेसीबी और चार ट्रैक्टर मिले। पुलिस ने सभी वाहनों को अपने कब्जे में लेकर गायघाट थाने पहुंचाया। इस दौरान पुलिस छापेमारी की जानकारी मिलते ही कथित तौर पर अवैध खनन में शामिल लोग और वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

फिलहाल जब्त वाहनों के आधार पर भी पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सरकारी जमीन से मिट्टी निकालने के पीछे कौन लोग हैं और इस काम में किन-किन लोगों की भूमिका रही है। जांच के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने इस मामले में बताया कि गायघाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सरकारी जमीन से अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से एक जेसीबी और चार ट्रैक्टर जब्त किए हैं। एसएसपी के मुताबिक, मामले की जांच जारी है। जांच में जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि अवैध खनन से जुड़े मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



अवैध खनन के मामले मे जब्त जेसीबी और चार ट्रैकटर।

## 5 अपराधी हथियार कारतूस और बाइक के साथ गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर कार्रवाई करते हुए एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी के साथ कुल 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, 7 सितंबर 2026 को मुशहरी थाना क्षेत्र के तिरहुत नहर, मोहम्मदपुर के पास कुछ अपराधियों के बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्र होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मोहम्मदपुर के पास छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने पूर्व में चोरी किए गए सामान से जुड़े मामलों में दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देवलाल सहनी, कैलाश कुमार, विक्रम कुमार उर्फ बल्लू, कुन्दन कुमार साह और विक्की कुमार के रूप में हुई है। सभी जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ का पूर्व से आपराधिक इतिहास भी रहा है। कैलाश कुमार और देवलाल सहनी के खिलाफ मुशहरी थाना में पहले से कई मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, उत्पाद अधिनियम और अन्य धाराओं से जुड़े मामले शामिल हैं।

## जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने बच्चों व पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भारत स्काउट एवं गाइड के मुख्य संरक्षक जिला पदाधिकारी कुमार गौरव तथा संरक्षक एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड के बच्चों एवं पदाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। 15 अगस्त, 2026 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता तथा श्रावणी मेला, 2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा, सहायता एवं विभिन्न व्यवस्थाओं में सराहनीय योगदान के लिए भारत स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारियों एवं स्काउट के लगभग 230 बच्चों को सम्मानित किया गया।

जिला पदाधिकारी एवं एसएसपी ने भारत स्काउट एवं गाइड के बच्चों एवं पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने अनुशासन, सेवा भावना, समर्पण, पेशेवर व्यवहार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अधिकारीद्वय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान तथा श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सहायता एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सहयोग देकर उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




स्काउट एवं गाइड के बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते डीएम और एसएसपी।

# मुजफ्फरपुर में गिरिराज सिंह के जन्मदिन पर रक्तदान लगा शिविर

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को इमली चौक स्थित एक निजी होटल के सभागार में गिरिराज सिंह फैंस क्लब की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद अजय निषाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं, गिरिराज सिंह के समर्थकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया।




उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अतिथि एवं आयोजक।

शिविर में रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की जांच के उपरांत रक्त संग्रह किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि किसी जरूरतमंद मरीज के लिए समय पर उपलब्ध कराया गया रक्त उसके जीवन की रक्षा का माध्यम बन सकता है। रक्तदान के इस पुनीत अभियान में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अजय निषाद ने कहा कि गिरिराज सिंह के जन्मदिन के अवसर पर गिरिराज सिंह फैंस क्लब के संरक्षक देवांशु किशोर के नेतृत्व में पिछले 18 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का मूल उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को कठिन समय में समय पर रक्त उपलब्ध कराना और मानव सेवा के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से वर्षभर जरूरतमंद मरीजों की सहायता का प्रयास किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर देर रात तक रक्त की व्यवस्था के लिए क्लब के सदस्य सक्रिय रहते हैं। उन्होंने आमजन, विशेषकर युवाओं से नियमित रक्तदान कर इस पुनीत सेवा अभियान का हिस्सा बनने की अपील की। गिरिराज सिंह फैंस क्लब के संरक्षक देवांशु किशोर ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। क्लब के सदस्य पूरे वर्ष जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं और आवश्यकता के अनुरूप रक्त उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास करते हैं।

**83 लोगों ने किया रक्तदान**

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी रक्तदान के साथ-साथ अन्य सामाजिक एवं सेवा कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ जारी रखा जाएगा। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामना की। शिविर में कुल 83 लोगों ने रक्तदान कर इस मानवीय अभियान में अपनी भागीदारी निभाई। प्रमुख रक्तदाताओं में शिव पासवान, निखिल कुमार, सुशांत मेहता, विजय भगत, गोविंद कुमार, गौरव कुमार उर्फ नन्हे जी, दिनेश झा, रौशन कुमार सिंह, सूरज कुमार सिंह, रामानंद मिश्रा, प्रियांशु कुमार, रौनक कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार एवं सतीश कुमार अमीन समेत अन्य रक्तदाता शामिल रहे। शिविर के सफल आयोजन में सिटी ब्लड बैंक की ओर से अवनीश कुमार, संतोष कुमार, शशि कुमार एवं सुभाष कुमार का भी सहयोग रहा। गिरिराज सिंह फैंस क्लब की ओर से सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं आयोजन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

प्रिया रानी रॉय डिग्री महाविद्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ निर्वाचन

# सहायक प्राध्यापक प्रो. डॉ. नरेश कुमार बने शिक्षक प्रतिनिधि

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय प्रिया रानी रॉय डिग्री महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नरेश कुमार को शिक्षक प्रतिनिधि चुना गया। मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो. डॉ. मनोज कुमार की देखरेख में निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न हुई। उपस्थित शिक्षकों ने डॉ. नरेश कुमार के समर्थन में हस्ताक्षर कर उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना।

निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अशोक कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय प्रतिनिधि की मौजूदगी में नवनिर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. नरेश कुमार को प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. मनोज कुमार ने उन्हें फूलमाला पहनाकर डायरी एवं कलम भेंट की तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। चुनाव के दौरान कुछ शिक्षक अनुपस्थित रहे।


नवनिर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. नरेश कुमार को प्रमाणपत्र प्रदान करते प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अशोक कुमार सिंह।


विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो. डॉ. मनोज कुमार, निर्वाचितशिक्षक प्रतिनिधि एवं उपस्थित महाविद्यालय शिक्षक व कर्मी।

नवनिर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. नरेश कुमार को महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मियों ने बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। डॉ. दीपा सिंह, डॉ. हरिशंकर भारती, प्रो. गिरधारी शरण, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. पुष्पा सिंह एवं कॉलेज के पूर्व सचिव डॉ. एम.एन. रॉय सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। मौके पर डॉ. जयती, डॉ. रवीन्द्र, प्रो. रंजीत, प्रो. अमित, प्रो. देवी प्रसाद चौधरी, प्रो. विनोद सिंह, डॉ. विनोद जायसवाल, डॉ. जुही, डॉ. अभिषेक, प्रो. निकहत, प्रो. राम एकबाल पंडित, प्रो. रामकुमार, प्रो. राजकुमार, प्रो. शहाबुद्दीन एवं डॉ. भारती सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे। प्रधान लिपिक तारा बाबू सिंह, लिपिक शिवशंकर, गुड्डू, बैजू, मुन्तजिर, सुनील झा एवं भीम सिंह ने भी बधाई दी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी एवं अपर थानाध्यक्ष राजकुमार सशस्त्र बल के साथ मौजूद रहे।

# ऑपरेशन तलाश में पुलिस ने 24 घंटे में 6 लापता युवतियों को किया बरामद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** घर से लापता या अपहृत युवतियों और महिलाओं की सुरक्षित बरामदगी को लेकर मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन तलाश" के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए महज 24 घंटे के भीतर घर से लापता हुई 6 युवतियों को सकुशल बरामद किया है।

इसी क्रम में गायघाट थाना पुलिस ने अलग-अलग जिलों से पांच युवतियों को बरामद किया। वहीं, हथौड़ी थाना पुलिस ने भी एक युवती को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की। इस तरह 24 घंटे के भीतर कुल छह युवतियों की सुरक्षित बरामदगी हुई है। बरामद युवतियों को पुलिस न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी में जुटी है। न्यायालय में उनका धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया जाएगा। इसके बाद न्यायालय के आदेश के अनुसार नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ईस्ट वन अलय वत्स ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर "ऑपरेशन तलाश" के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि गायघाट थाना क्षेत्र से पांच और हथौड़ी थाना क्षेत्र से एक युवती को सकुशल बरामद किया गया है। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत कर उनका बयान दर्ज कराया जाएगा। पुलिस ने कहा कि लापता और अपहृत युवतियों की बरामदगी को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा। "ऑपरेशन तलाश" के माध्यम से ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने और लापता युवतियों को सुरक्षित घर वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या में लघु उद्योग भारती की अखिल भारतीय स्तरीय बैठक में मुजफ्फरपुर से तीन प्रतिनिधि रहे शामिल

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** लघु उद्योग भारती की अखिल भारतीय कार्यसमिति एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 6 से 8 सितंबर 2026 तक अयोध्या, उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सहभागिता की। बिहार प्रदेश की ओर से चार सदस्यों श्याम सुंदर भीमसेरिया – अध्यक्ष, बिहार, शिव शंकर साहू – उपाध्यक्ष, बिहार, सुमन शेखर – सदस्य, अखिल भारतीय कार्यसमिति एवं नितिन बंसल – सदस्य, अखिल भारतीय कार्यसमिति ने बैठक में शामिल हुए। इनमें भीमसेरिया, साहू और बंसल मुजफ्फरपुर के हैं। बैठक का मूल उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों में संगठन के कार्यों की समीक्षा करते हुए "राष्ट्रोद्धारो – लघु उद्यमे" के ध्येय को आगे बढ़ाने की दिशा में आगामी कार्ययोजना तय करना था। बैठक में विशेष रूप से लघु उद्योगों के सुदृढ़ीकरण, कौशल विकास, रोजगार सृजन, तकनीकी उन्नयन तथा उद्योग और युवाओं के बीच कौशल की दूरी को समाप्त करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

### महंत रघुनाथ दास बालिका उच्च विद्यालय में साइबर फ्रॉड एवं बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर स्थित महंत रघुनाथ दास बालिका उच्च विद्यालय, सीतामढ़ी में कपूरी ठाकुर ग्रामीण विकास संस्थान के सहयोग से साइबर फ्रॉड एवं बाल सुरक्षा को लेकर मंगलवार 08 सितंबर 2026 को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक, साइबर द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल श्रम, गुड टच-बैड टच तथा साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बच्चों को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने, अनजान लोगों से ऑनलाइन संपर्क से बचने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी गई। साथ ही, किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं डायल-112 तथा बाल सुरक्षा से संबंधित मामलों में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देने की अपील की गई। अधिकारियों ने छात्राओं एवं शिक्षकों से साइबर अपराध और बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने का आग्रह किया।

**कपूरी ठाकुर ग्रामीण विकास संस्थान के सहयोग से छात्राओं एवं शिक्षकों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**


जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं एवं शिक्षकों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

### दिवंगत प्रमोद रंजन भारद्वाज की स्मृति में 11 सितंबर को होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** दिवंगत श्री प्रमोद रंजन भारद्वाज की पुण्य स्मृति में आगामी 11 सितंबर 2026 को प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम फ्रंट-एज स्टडीज, सीनियर ब्रांच, पुनौरा धाम के निकट, बाबा पोखर, सीतामढ़ी में आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे से हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 9:30 बजे से कवि सम्मेलन होगा, जिसमें कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वहीं दोपहर 12:30 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक परिवार ने श्रद्धालुओं, परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की स्मृति में प्रार्थना करने की अपील की है। परिवार की ओर से कहा गया है कि अपनों की स्मृतियां सदैव हृदय में जीवित रहती हैं और उनकी उपस्थिति एवं प्रार्थना परिवार के लिए संबल का कार्य करेगी।


दिवंगत श्री प्रमोद रंजन भारद्वाज।

### नियोजित शिक्षकों के साथ सरकार का सौतेला व्यवहार, विगत दो महीने से वेतन नहीं : संघ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सीतामढ़ी के जिला अध्यक्ष बिनोद बिहारी मंडल एवं जिला सचिव दिलीप कुमार शाही ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नियोजित शिक्षकों के वेतन भुगतान में सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा सौतेला व्यवहार करने पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, शिक्षा विभाग द्वारा सभी कोटियों के शिक्षकों के वेतन का भुगतान कर दिया गया है, लेकिन नियोजित कोटि के शिक्षकों का विगत दो महीने से वेतन नहीं मिलने से परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने डीपीओ स्थापना से अविलंब नियोजित शिक्षकों के वेतन भुगतान करने की मांग की।

### एकमा पश्चिमी के स्कूलों में बीइओ का निरीक्षण

**रसूलपुर।** थाना क्षेत्र के एकमा पश्चिमी भाग के चार विद्यालयों बीइओ मनीष कुमार ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेनौत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेलिया डीह, प्राथमिक विद्यालय असहनी टोले वंशीछपरा में निरीक्षण के दौरान मध्यांतर के बाद भी बच्चों के खेलने पर विद्यालय प्रशासन को हिदायत दी और पठन पाठन पर जोर दिया।कहां कि खेल जरूरी है पर समय पर होना चाहिए।आर एन हाईस्कूल योगियां में बीइओ मनीष ने विद्यालय की इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्र छात्राओं व शिक्षकों की उपस्थिति देख प्रसन्नता व्यक्त की।

# सेटेलाईट सीतापुरम सिटी प्रोजेक्ट आदेश रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर

**नवसंदेश ब्यूरो**

**सीतामढ़ी।** भूमि बचाओ संघर्ष समिति के 6 सदस्यों की ओर से पटना उंच्च न्यायालय के जाने-माने वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत कुमार चौधरी तथा कनीय अधिवक्ता अरविंद कुमार ने सेटेलाईट सीतापुरम सीटी प्रोजेक्ट,सीतामढी को किसानों के जीवन के खिलाफ बताते हुए बिहार सरकार के आदेश 4583 दिनांक 24अप्रैल 2026 को रद्द करने हेतू रिट याचिका दायर किया है। इस रिट याचिका का नं सीडब्लूजेसी -12357/2026 है।

इस मामले में याचिकाकर्ता बैधनाथ हाथी, डा. आनन्द किशोर, नवीन कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, रामसागर ठाकुर, प्रेमचन्द्र सिंह की ओर से बिहार सरकार के मुख्य सचिव के माध्यम से प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, इन्सपेक्टर जेनरल मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, डिप्टी इंस्पेक्टर जेनरल मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, सीतामढी के समाहर्ता सह जिला दण्डाधिकारी को प्रतिवादी बनाया गया है।

विद्वान अधिवक्ता ने रिट याचिका में अपना पक्ष रखते हुए सरकारी आदेश को संविधान के अनुच्छेद 14 तथा भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के खिलाफ बताया है।

जमीन की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध को भारतीय भूमि निबंधन कानून तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300ए के खिलाफ बताते हुए अधिकारी के सक्षमता को चुनौती दी है। इस आदेश को बिहार शहरी प्रोजेक्ट एण्ड डेवलपमेंट कानून-2013 तथा बिहार अर्बन प्रोजेक्ट एण्ड डेवलपमेंट एमेंडमेंट एक्ट-2022 के विरूद्ध बताया है तथा कहा है कि प्रशासनिक आदेश संविधानिक अधिकार पर लादा नही जा सकता।यह निर्णय सीधा नागरिकों के माल्कियत, बाजार, आर्थिक तथा कानूनी हकों के खिलाफ है। वादी तथा अन्य को कठिन परिस्थितियों में भी भूमि की बिक्री, मॉर्गेज, दान, कृषि कार्य, पारिवारिक शिक्षा, ईलाज तथा अन्य कठीन वितीय परिस्थितियों में भी अपने भूमि उपयोग पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। प्रतिवादी भविष्य के प्रोजेक्ट के चलते निजी संपति को फ्रीज नही कर सकता है। यह संविधान के स्वच्छ तथा निष्पक्ष गारंटी के खिलाफ राज्य का आदेश है। वादी की ओर से 2012 में लाये गये लैंड पूलिंग कानून तथा 2022में प्रभावितों की राय नही लेने के पैरेंट एक्ट के अनुच्छेद 47 में बिहार सरकार के संशोधन को भी चुनौती दी है।

बार -बार अधिकारियों द्वारा पहले 99.23वर्ग कि मी फिर 200 वर्ग किमी क्षेत्र में सेटेलाइट सीटी के विस्तार पर भी सवाल उठाया है। यह भी कहा गया है कि 1972 में जिला बना सीतामढी अविकसित ग्रामीण तथा शहरी मुहल्ला है तथा उपजाऊ भूमि होने के चलते अनाज तथा गन्ना की अच्छी उपज होती है। सीतामढी में उद्योग के लिए वियाडा के तहत जमीन लेने के बाद भी औद्योगिक विकास नहीं हो सका है।

माता सीता मंदिर के अतिरिक्त दो एनएच, दो एक्सप्रेस वे, रामजानकी पथ, बोर्डर रोड, सैनिक रोड, रेलवे के नाम पर प्रयाप्त भूमि पहले हीं अधिगृहित किया जा चुका है फिर सेटेलाइट प्रोजेक्ट के नाम पर जमीन का पुलिंग तथा खरीद बिक्री पर प्रतिबंध सरकार का मनमाना कदम है। इसप्रकार कुल 37 बिन्दुओं पर न्यायालय से वादी के पक्ष में न्याय की मांग की गई है। सरकार के स्तर से वादी को न्याय नहीं मिलने पर माननीय उच्च न्यायालय में न्याय के लिए रिट याचिका दिया गया है।

**वरिष्ठ अधिवक्ता वसंत कुमार चौधरी ने की 37 बिन्दुओं पर न्यायालय से न्याय की गुहार**

**केस नंबर-सीडब्लूजेसी 12357/2026 में राज्य सरकार के पांच अधिकारियों को प्रतिवादी बनाया**

# ध्वजारोहण और हनुमान आराधना के साथ गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव का शुभारंभ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बाबा गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ मंगलवार को विधिवत ध्वजारोहण और हनुमान आराधना के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में हुआ। दोपहर 12 बजे ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद दोपहर 2 बजे से प्रभु इच्छा तक हनुमान आराधना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा गणिनाथ गोविन्द के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यजमान अमरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। वहीं श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं महाप्रसाद की व्यवस्था तपेश्वर कुमार गुप्ता की ओर से की गई। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

समारोह को सफल बनाने में आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूरे कार्यक्रम की देखरेख अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, सचिव शशि कुमार, महामंत्री सुरेश गुप्ता और कोषाध्यक्ष छोटू कुमार ने की। इसके अलावा समिति के सदस्य प्रेम साह, कैलाश साह और विश्वनाथ साह, पुजारी असरफी साह एवं भुनेश्वर भगत जी सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग दिया।

कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार एवं मीडिया व्यवस्था की जिम्मेदारी मीडिया प्रभारी दीपक कुमार एवं सह- मीडिया प्रभारी पवन साह ने संभाली। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा परिसर धार्मिक वातावरण से सराबोर रहा। आयोजकों ने बताया कि बाबा गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता का संदेश देने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और आने वाले कार्यक्रमों में भी बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। समारोह समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे जन्मोत्सव के आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा गणिनाथ गोविन्द का आशीर्वाद प्राप्त करें।


जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ को लेकर विधिवत ध्वजारोहण और हनुमान आराधना के साथ पूजा - अर्चना करते श्रद्धालु।

# बैरगनिया नगर परिषद की सामान्य बोर्ड बैठक हंगामे की भेंट चढ़ी

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर परिषद सभागार में मंगलवार को सभापति सिंधु गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य बोर्ड की बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के विकास से जुड़े करीब 15 एजेंडों पर चर्चा और निर्णय होना था, लेकिन पार्षदों के बीच विवाद और विरोध के कारण किसी भी प्रस्ताव पर अंतिम मुहर नहीं लग सकी। स्थिति बिगड़ने पर नगर परिषद प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी।

बैठक शुरू होते ही विभिन्न एजेंडों को लेकर वार्ड पार्षदों के बीच बहस शुरू हो गई। पार्षद कुणाल कुमार ने एजेंडा तैयार करने में मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। इसके बाद कुछ अन्य पार्षद भी उनके समर्थन में आ गए और सभा कक्ष में हंगामा होने लगा। स्थिति को देखते हुए नगर परिषद प्रशासन ने थाना को सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी पुलिस बल के साथ नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और हंगामा कर रहे पार्षदों को समझाकर शांत कराया।

इसके बाद बैठक की कार्यवाही पुनः शुरू की गई और प्रस्तावित एजेंडों पर चर्चा की गई। सभापति द्वारा रखे गए प्रस्तावों में पिछली बैठक की संपुष्टि, महावीरी झंडा आयोजन की घटनोत्तर स्वीकृति, 15 अगस्त 2026 के कार्यक्रम की घटनोत्तर स्वीकृति, नगर परिषद के सभी वार्डों में एलईडी लाइट लगाने, मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, जल-जीवन-हरियाली योजनाओं, नगर की सड़कों के वर्गीकरण, नगर परिषद क्षेत्र के विस्तार, दैनिक मजदूर एवं बिजली मिस्त्री रखने तथा कर्मियों के मानदेय और दैनिक मजदूरों व चालकों के वेतन में वृद्धि जैसे विषय शामिल थे।

इसके अलावा पानी के टैंकर की खरीद, नगर परिषद के विधि सलाहकार के रूप में अधिवक्ता विंदेश्वर साह से कार्य लेने, नगर निकाय क्षेत्र में सफाई कार्य के लिए एजेंसी के चयन तथा अनिवार्य योजनाओं समेत अन्य मुद्दों पर भी विचार किया जाना था।

बैठक के दौरान कुछ पार्षदों ने आरोप लगाया कि सभापति द्वारा मनमाने तरीके से एजेंडा तैयार कर उसे सामान्य बोर्ड की बैठक में पारित कराने का प्रयास किया जा रहा है। पार्षदों ने मांग की कि नगर परिषद के सभी वार्डों में पहले सर्वे कराया जाए और यह निर्धारित किया जाए कि किस वार्ड में कितनी एलईडी लाइट की आवश्यकता है। सर्वे के बाद आवश्यकता के अनुरूप लाइट लगाने की कार्रवाई की जाए। पार्षदों ने कार्यालय की परिचारिका शैल देवी को हटाने, सेवानिवृत्त कनीय अभियंता आलोक कुमार से कार्य लेने तथा 15 लाख रुपये तक की योजनाओं पर विचार करने की मांग भी उठाई। हालांकि सभापति ने इन मांगों को स्वीकार नहीं किया। हंगामे और पार्षदों की आपत्तियों के बीच प्रस्तावित एजेंडों को अगली सामान्य बोर्ड की बैठक तक स्थगित कर दिया गया।

बैठक में उपसभापति धीरज कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार सुमन सहित नगर परिषद के पार्षद उपस्थित थे।

**15 प्रस्तावों में किसी पर नहीं लगी मुहर**

**पुलिस के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ मामला, एलईडी लाइट समेत कई योजनाओं पर पार्षदों ने जताई आपत्ति**

आईएपी सीतामढ़ी के आयोजन में हृदय रोग एवं स्ट्रोक से बचाव के उपायों पर हुई चर्चा

# फिजियोथेरेपी दिवस पर नृत्य के जरिए दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर आईएपी सीतामढ़ी शाखा एवं आईएपी महिला सेल के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य सुदर्शन लायंस सेंट्रल आई हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान फिजियोथेरेपी के महत्व के साथ हृदय रोग एवं स्ट्रोक से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।

आईएपी सीतामढ़ी के संयोजक डॉ. राजेश कुमार सुमन ने कहा कि आज की बदलती जीवनशैली में शारीरिक रूप से सक्रिय रहना बेहद जरूरी है। नियमित व्यायाम और फिजियोथेरेपी को जीवनशैली का हिस्सा बनाकर हृदय रोग एवं स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के साथ बीमारी के बाद बेहतर पुनर्वास में भी मदद मिल सकती है। हमारा उद्देश्य फिजियोथेरेपी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम में आईएपी के कोषाध्यक्ष डॉ. एमएन रहमान, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हिमांशु कुमार, आईएपी महिला सेल की प्रमुख डॉ. स्मिता सिंह के साथ डॉ. प्रसन्न कुमार, डॉ. कशिश, डॉ. अंजनी, डॉ. सुशील राज, डॉ. शिप्रा एवं डॉ. साक्षी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। इसके अलावा दर्जनों मरीज, विशेष शिक्षक नरेंद्र सिंह, अस्पताल के कर्मचारी, उनके परिजन एवं अन्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से समझाए बचाव के उपाय :** जागरूकता कार्यक्रम में रूपबाल मेमोरियल एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से हृदय रोग एवं स्ट्रोक से बचाव का संदेश दिया। छात्राओं ने नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता, संतुलित जीवनशैली एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व को अपनी प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में चिकित्सकों ने बताया कि फिजियोथेरेपी केवल बीमारी के बाद पुनर्वास तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और शरीर को सक्रिय रखने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। लोगों से नियमित व्यायाम करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की गई।

**कुमार अभिषेक को मोमेंटो देकर किया सम्मानित :** इस अवसर पर आईएपी की ओर से अस्पताल के कोषाध्यक्ष कुमार अभिषेक को संस्था को समय-समय पर सहयोग एवं समर्थन देने के लिए मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने आईएपी की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना रहा कि नियमित शारीरिक गतिविधि, व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हृदय रोग एवं स्ट्रोक से बचाव की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जा सकता है।



आचार्य सुदर्शन लायंस सेंट्रल आई हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते अतिथि व अन्य।

## सम्पादकीय

# गरिमा पर किसी पेशे की मुहर नहीं

किसी व्यक्ति का पेशा उसकी पूरी पहचान नहीं हो सकता। समाज किसी काम को स्वीकार करे या न करे, लेकिन इससे उस व्यक्ति के मानवीय और संवैधानिक अधिकार समाप्त नहीं हो जाते। सेक्स वर्कर्स के अधिकारों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इसी बुनियादी सिद्धांत को सामने रखती है। इसका महत्व केवल सेक्स वर्कर्स तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक सोच से जुड़ा सवाल है कि क्या हम हर व्यक्ति को उसकी सामाजिक स्थिति और पेशे से परे एक समान मनुष्य और नागरिक के रूप में देख पाते हैं।

हमारे समाज में सेक्स वर्क से जुड़े लोगों के प्रति लंबे समय से अनेक तरह के पूर्वाग्रह रहे हैं। उन्हें अक्सर सम्मान, सुरक्षा और सामान्य नागरिक अधिकारों की ष्टि से अलग समझ लिया जाता है। यही वह जगह है जहां कानून और समाज, दोनों की संवेदनशीलता की परीक्षा होती है। कानून का उद्देश्य केवल अपराध को रोकना नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी है।

कानून की नजर में व्यक्ति पहले, पेशा बाद में । बालिग व्यक्ति यदि अपनी इच्छा और सहमति से किसी काम से जुड़ा है, तो केवल उसके पेशे के कारण उसके साथ अपमानजनक या मनमाना व्यवहार नहीं किया जा सकता। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि हर प्रकार की गतिविधि को कानून की स्वीति मिल जाती है। जबरन देह व्यापार, मानव तस्करी, नाबालिगों का शोषण और अन्य आपराधिक गतिविधियां गंभीर अपराध हैं और इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी ही चाहिए। लेकिन अपराध और पेशे के बीच का अंतर स्पष्ट रहना आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं अपराध या हिंसा का शिकार है, तो उसका पेशा उसके न्याय पाने के अधिकार को कम नहीं कर सकता। किसी महिला के साथ यौन हिंसा होती है तो पहले यह देखा जाना चाहिए कि उसके साथ अपराध हुआ है, न कि यह कि वह किस पेशे से जुड़ी है। यही न्याय की निष्पक्षता है । अपराधी की पहचान से पहले अपराध को देखना और पीड़ित की पहचान से पहले उसकी पीड़ा को समझना।

पुलिस के लिए अधिकार के साथ जिम्मेदारी भी। पुलिस कानून की प्रहरी है। उसे अपराध की रोकथाम और कानून का पालन सुनिश्चित करना है। लेकिन कानून लागू करने की प्रक्रिया में संवेदनशीलता और गरिमा का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है। किसी व्यक्ति के साथ केवल उसके पेशे के कारण दुर्व्यवहार, अपमान या अनावश्यक हस्तक्षेप कानून के शासन की भावना को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का यही महत्वपूर्ण पक्ष है कि सेक्स वर्कर्स भी कानून के संरक्षण की हकदार हैं। यदि उनके साथ हिंसा या कोई अपराध होता है, तो उन्हें पुलिस सहायता, चिकित्सा सुविधा और न्याय की वही प्रक्रिया मिलनी चाहिए, जो किसी अन्य पीड़ित नागरिक को मिलती है। कानून का सम्मान तभी बढ़ता है, जब कानून का व्यवहार भी सम्मानजनक हो।

बच्चे को मां के पेशे का दंड क्यों। इस पूरे विमर्श का सबसे संवेदनशील पक्ष बच्चों के अधिकारों से जुड़ा है। किसी महिला के पेशे का प्रभाव उसके बच्चे के अधिकारों पर नहीं पड़ना चाहिए। बच्चा अपने माता-पिता की सामाजिक पहचान का दोषी नहीं होता। उसे शिक्षा, सुरक्षा, परिवार और सम्मान के साथ जीवन जीने का समान अधिकार है। समाज अक्सर वयस्कों के निर्णयों का बोझ उनके बच्चों पर डाल देता है। यह प्रवृत्ति केवल अन्यायपूर्ण ही नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य के लिए भी नुकसानदेह है। यदि हम वास्तव में समानता और न्याय की बात करते हैं, तो बच्चों को सामाजिक पूर्वाग्रह से बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

संवेदनशीलता का अर्थ अपराध को नजरअंदाज करना नहीं। सेक्स वर्कर्स के अधिकारों की बात करते समय संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। संवेदनशीलता का अर्थ अपराध के प्रति नरमी नहीं है और अधिकारों की बात करने का अर्थ अवैध गतिविधियों को उचित ठहराना भी नहीं है। समाज को एक साथ दो बातें समझनी होंगीजहां अपराध है, वहां कानून सख्ती से काम करेय और जहां कोई व्यक्ति अपराध का शिकार है, वहां कानून उसकी रक्षा करे। यही अंतर न्याय और पूर्वाग्रह के बीच की रेखा तय करता है। सवाल यह भी है कि हम कानून को केवल कमजोर लोगों पर लागू होते हुए क्यों देखना चाहते हैं जिस व्यक्ति को समाज पहले ही हाशिये पर रख चुका है, उसके लिए कानून की निष्पक्षता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। कानून का वास्तविक मूल्य तभी सामने आता है, जब वह प्रभावशाली और कमजोरदोनों के लिए समान रूप से खड़ा दिखाई दे। समाज को भी बदलनी होगी अपनी दृष्टि। अदालतें अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं, पुलिस कानून लागू कर सकती है और सरकार नीतियां बना सकती है, लेकिन सामाजिक सम्मान केवल आदेश से पैदा नहीं होता। उसके लिए सोच बदलनी पड़ती है।

# हॉस्टल में पढ़ने गया बच्चा कितना सुरक्षित


राजेन्द्र रमण

निजी हॉस्टल और पीजी में रहने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा आज देश की गंभीर चिंता है। हादसे होते हैं, कुछ दिनों तक प्रशासन और राजनीतिक दल सक्रिय रहते हैं, फिर व्यवस्था पुराने ढर्रे पर लौट जाती है। अब जरूरत स्थायी और जवाबदेह व्यवस्था की है।

माता-पिता जब अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे शहर भेजते हैं तो उनके मन में सबसे बड़ा भरोसा यही होता है कि बच्चा सुरक्षित वातावरण में रहकर पढ़ाई करेगा। लेकिन देश के विभिन्न हिस्सों से निजी हॉस्टल और पीजी में रहने वाले छात्र-छात्राओं के साथ होने वाली घटनाएं इस भरोसे पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। सवाल केवल किसी एक हादसे का नहीं है, बल्कि उस पूरी व्यवस्था का है जिसमें हजारों विद्यार्थी बिना पर्याप्त सुरक्षा मानकों के रह रहे हैं।

निजी हॉस्टल और पीजी का कारोबार तेजी से बढ़ा है। बड़े शहरों से लेकर कोचिंग हब तक विद्यार्थियों के लिए आवास एक बड़ा व्यवसाय बन चुका है।

विडंबना यह है कि अनेक स्थानों पर इन प्रतिष्ठानों के पंजीयन, क्षमता, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छता और आपातकालीन व्यवस्था को लेकर स्पष्ट और नियमित निगरानी दिखाई नहीं देती।

कई जगह एक छोटे से कमरे में क्षमता से अधिक बेड लगा दिए जाते हैं। संचालक के लिए जितने अधिक बेड, उतनी अधिक आमदनीय । लेकिन विद्यार्थी के लिए इसका मतलब है कम जगह, कम हवा, कम निजता और कई बार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से समझौता। क्या किसी छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थी को केवल इसलिए ऐसी परिस्थितियां स्वीकार करनी चाहिए क्योंकि वह पढ़ाई के लिए घर से दूर है।

स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब कोचिंग संस्थान भी विद्यार्थियों के आवास की व्यवस्था करने लगते हैं। अभिभावक को लगता है कि जिस संस्थान में बच्चा पढ़ रहा है, उससे जुड़े आवास में भी उसकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

ऐसे में संस्थानों की जिम्मेदारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यदि वे हॉस्टल या पीजी की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं या किसी आवास की अनुशंसा कर रहे हैं तो वहां की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी और जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

सुरक्षा का मतलब केवल सीसीटीवी कैमरा लगाना नहीं है। भवन की मजबूती, अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास, बिजली के तार और उपकरण, जलभराव की स्थिति में विद्युत सुरक्षा, पर्याप्त रोशनी और वेंटिलेशन, प्रवेश-निकास की निगरानी, महिला विद्यार्थियों की सुरक्षा, प्रशिक्षित स्टाफ तथा आपात स्थिति में तत्काल सहायता, इन सभी को अनिवार्य मानक बनाया जाना चाहिए।

दिल्ली के सत्य निकेतन की घटना हो या देश के अन्य शहरों में हॉस्टल, पीजी और

> **सुरक्षा का मतलब केवल सीसीटीवी कैमरा लगाना नहीं है। भवन की मजबूती, अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास, बिजली के तार और उपकरण, जलभराव की स्थिति में विद्युत सुरक्षा, पर्याप्त रोशनी और वेंटिलेशन, प्रवेश-निकास की निगरानी, महिला विद्यार्थियों की सुरक्षा, प्रशिक्षित स्टाफ तथा आपात स्थिति में तत्काल सहायता, इन सभी को अनिवार्य मानक बनाया जाना चाहिए।**

शिक्षण संस्थानों से जुड़ी घटनाएं, हर बार एक ही तस्वीर सामने आती है। हादसे के बाद प्रशासन सक्रिय होता है, राजनीतिक बयान आते हैं, जांच समितियां बनती हैं और कुछ दिनों तक कार्रवाई की चर्चा रहती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या जांच के बाद व्यवस्था स्थायी रूप से बदलती है

बरसात के दौरान जलभराव और करंट जैसी घटनाएं भी बताती हैं कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को केवल हॉस्टल की चारदीवारी तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। जिस शहर में हजारों विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं, वहां आवास, सड़क, बिजली, जलनिकासी और आपातकालीन सेवाओं की समग्र सुरक्षा भी प्रशासन की जिम्मेदारी का हिस्सा होनी चाहिए।

अब केवल जांच नहीं, स्थायी व्यवस्था चाहिए। सरकार को देशभर में निजी हस्टल और पीजी के लिए एक समान न्यूनतम सुरक्षा मानक निर्धारित करने चाहिए। प्रत्येक निजी हॉस्टल और पीजी का अनिवार्य पंजीयन हो। उसमें रहने वाले विद्यार्थियों की अधिकतम संख्या, प्रति कमरे उपलब्ध स्थान, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और स्वच्छता की नियमित जांच हो। निरीक्षण की तारीख और सुरक्षा प्रमाणपत्र की स्थिति सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध हो।

जिन हॉस्टल और पीजी में मानकों का उल्लंघन हो, उनके खिलाफ केवल नोटिस देकर मामला समाप्त नहीं होना चाहिए। जुर्माना, संचालन पर रोक और गंभीर मामलों में पंजीयन रद्द करने जैसी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

साथ ही विद्यार्थियों के लिए ऐसी शिकायत व्यवस्था हो जहां उनकी शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो।

विशेष रूप से छात्राओं के हॉस्टल में सुरक्षा व्यवस्था की स्वतंत्र जांच और महिला स्टाफ की उपलब्धता को गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए।

किसी भी विद्यार्थी की संदिग्ध मृत्यु को महज एक घटना मानकर भूल जाने के बजाय प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच और उसके निष्कर्षो से व्यवस्था में सुधार होना चाहिए।

आज की युवा पीढ़ी को केवल शिक्षा और रोजगार की जरूरत नहीं है, उसे सम्मानजनक, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण भी चाहिए। सरकारें यदि वास्तव में युवा शक्ति और जेन जी के हित की बात करती हैं तो उन्हें घोषणाओं से आगे बढ़ना होगा।

समय आ गया है कि देश में हादसे के बाद कार्रवाई की जगह हादसा रोकने की व्यवस्था बनाई जाए। जिस बच्चे को माता-पिता अपना भविष्य सौंपकर घर से बाहर भेजते हैं, उसकी सुरक्षा केवल हॉस्टल संचालक की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रशासन और सरकार की भी जवाबदेही है। शिक्षा के लिए घर से निकला विद्यार्थी सुरक्षित घर लौटे । इससे बड़ी प्राथमिकता कोई नहीं हो सकती।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# बीमा सलाहकारों का काम होगा आसान, ग्राहकों को मिलेगी बेहतर डिजिटल सेवा

**ग्राहकों** के लिए सही बीमा प्लान चुनने से लेकर पॉलिसी लेने और बाद में सेवा पाने तक का सफर आसान होना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने डिजिटल प्लेटफार्म को बेहतर बनाते हुए, आईसीआईसीआई लाइफ पार्टनर स्टैक 2.0 लान्च किया है। इससे एडवाइजर और कंपनी के साथ काम करने वाले पार्टनर्स को ग्राहकों की जरूरत समझने, सही प्लान बताने, कोटेशन बनाने और डिजिटल तरीके से सेवा देने में आसानी होगी।

इस नए प्लेटफार्म में एआई की मदद से काम करने वाले कई टूल्स पेश किए गए हैं। ईकोट ऐप ग्राहक की जरूरत और उसकी जिंदगी के अलग-अलग पड़ाव के हिसाब से सही बीमा प्लान सुझाने में मदद करता है। एडवाइजर इसी के जरिए कोटेशन बनाकर ग्राहक के साथ शेयर कर सकते हैं। वहीं, लिवा एआई चौटबट से प्लान की जानकारी और कोटेशन लेना आसान हो जाता है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी अमिश बैंकर ने कहा, हमारे एडवाइजर और पार्टनर्स ग्राहकों को सही बीमा समाधान चुनने में मदद करते हैं।

पार्टनर स्टैक 2.0 उनका रोज का काम आसान करता है। सही प्लान चुनने से लेकर कोटेशन, पॉलिसी शुरू करने और बाद की सेवा तक, पूरी प्रक्रिया अब ज्यादा आसान और तेज होगी।

प्लेटफार्म को 200 से ज्यादा पार्टनर सिस्टम से जोड़ा गया है। आधार, सीकेवाईसी, जीएसटीएन, ईपीएफओ और दूसरे डेटाबेस से जुड़ने के कारण आवेदन फर्म का 70 प्रतिशत तक हिस्सा पहले से भरा जा सकता है। इससे केवाईसी और दूसरे दस्तावेज जुटाने का काम कम होगा।

ग्राहकों को एएसबीए और व्हाट्सऐप से प्रीमियम भरने की सुविधा भी मिलेगी। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में 2.7 करोड़ डिजिटल सेवा इंटरैक्शन हुए और 54 प्रतिशत सेविंग्स पलिसी उसी दिन जारी की गईं। इस दौरान, कंपनी का दावा निपटान अनुपात 99. 3 प्रतिशत रहा और बिना जांच वाले व्यक्तिगत मृत्यु दावों का भुगतान औसतन एक दिन में किया गया।

# चरखे से रुपहले पर्दे तक : खादी और हिंदी सिनेमा का सफर


अविनाश कुमार झा

जब सिनेमा के विशाल रुपहले पर्दे पर कोई किरदार खादी के कुर्ते, धोती या साड़ी में दिखाई देता है, तो वह केवल एक पोशाक नहीं होती। उसके पीछे इतिहास, संघर्ष, स्वदेशी चेतना, श्रम की गरिमा और भारतीयता की एक पूरी कहानी छिपी होती है।

खादी ने जहाँ चरखे की घरघराहट के बीच स्वतंत्रता, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया, वहीं सिनेमा ने रुपहले पर्दे के माध्यम से भारतीय समाज की धड़कनों, आकांक्षाओं और बदलते समय की तस्वीर को करोड़ों दर्शकों तक पहुँचाया।

एक ओर चरखा था और दूसरी ओर कैमरा। दोनों ने अपने-अपने ढंग से भारत की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसलिए खादी और सिनेमा का संबंध केवल वस्त्र और मनोरंजन का संबंध नहीं है। यह भारतीय इतिहास, संस्कृति, राजनीति, सामाजिक चेतना और बदलती जीवनशैली के बीच विकसित हुए एक दिलचस्प संवाद की कहानी है।

खादी वस्त्र से कहीं आगे है, इसका भारतीय इतिहास में खादी का महत्व असाधारण है। महात्मा गांधी ने इसे महज कपड़े के रूप में नहीं देखा, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन के सामाजिक और आर्थिक हथियार के रूप में अपनाया। चरखा और खादी विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के प्रतीक बने। गांधी जी के लिए चरखा केवल सूत कातने का साधन नहीं था । वह ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, श्रम की प्रतिष्ठा स्थापित करने और आम आदमी को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने का माध्यम भी था।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में खादी पहनना अपने आप में एक राजनीतिक और सामाजिक वक्तव्य था। यह सादगी, त्याग, देशभक्ति और राष्ट्रनिर्माण की भावना से जुड़ गया। नेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के परिधान के रूप में खादी ने एक ऐसी दृश्य पहचान बनाई, जिसे आज भी भारतीय जनमानस आसानी से पहचान लेता है।

खादी की सबसे बड़ी शक्ति यही रही कि उसने कपड़े को विचार में बदल दिया। सूत का प्रत्येक धागा स्वदेशी, श्रम और आत्मनिर्भरता की कहानी कहने लगा।

**हिंदी सिनेमा समाज का चलता-फिरता आईना है :** हिंदी सिनेमा ने समाज की बदलती तस्वीर को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता, गरीबी, सामाजिक असमानता, ग्रामीण जीवन, किसान, मजदूर, राष्ट्रवाद, राजनीतिक संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन जैसे विषय फिल्मों के इस सशक्त माध्यम से जनमानस तक पहुँचे।

सिनेमा की शक्ति केवल कहानी कहने में नहीं, बल्कि दृश्य प्रतीकों के निर्माण में भी है। पोशाक, भाषा, परिवेश और पात्रों की जीवनशैली दर्शकों के मन में किसी विशेष विचार या वर्ग की पहचान बना देती है। इसी संदर्भ में खादी हिंदी सिनेमा की एक महत्वपूर्ण दृश्य भाषा बन गई।

खादी पहने व्यक्ति को अक्सर सादगी, ईमानदारी, त्याग, जनसेवा या राजनीतिक चेतना से जोड़कर प्रस्तुत किया गया। हालांकि समय के साथ इस प्रतीक का अर्थ भी बदला। जो खादी कभी स्वतंत्रता सेनानी की पहचान थी, वही आगे चलकर राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्ति की पोशाक बन गई।

यानी खादी ने सिनेमा में केवल कपड़े का रूप नहीं लिया, उसने चरित्र की सामाजिक और वैचारिक पहचान को व्यक्त करने का काम किया।

**गांधी और खादी का रुपहला रिश्ता -** हिंदी सिनेमा में महात्मा गांधी और गांधीवादी मूल्यों के चित्रण के माध्यम से खादी की उपस्थिति विशेष रूप से दिखाई देती है। रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गांधी' (1982) इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। फिल्म में स्वतंत्रता आंदोलन, सत्याग्रह और गांधी के जीवन-दर्शन को व्यापक रूप से प्रस्तुत किया गया है। गांधी का सादा पहनावा और खादी उनके विचारों, जीवनशैली तथा आम भारतीय जनता से उनके गहरे जुड़ाव को दृश्य रूप प्रदान करता है।

इसी प्रकार 'शहीद' (1965) जैसी फिल्मों में स्वतंत्रता संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का भाव प्रमुखता से सामने आता है। ऐसे सिनेमा में भारतीय वेशभूषा और खादी उस दौर की राष्ट्रीय चेतना को दृश्य रूप देती है।

'सरदार' (1993) में भी स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रनिर्माण की पृष्ठभूमि में उस समय की राजनीतिक-सामाजिक संसति को देखा जा सकता है। खादी यहाँ उस युग की सार्वजनिक और राजनीतिक पहचान के महत्वपूर्ण संकेतों में से एक है।

इन फिल्मों के माध्यम से नई पीढ़ियों ने स्वतंत्रता आंदोलन के उन दृश्यों को देखा, जिनमें खादी केवल पहनी नहीं जाती थी, बल्कि वह एक विचार का प्रतिनिधित्व करती थी।

**गांधीवादी विचारों की आधुनिक वापसी :** खादी और सिनेमा का रिश्ता केवल ऐतिहासिक फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। गांधीवादी विचारों को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करने वाली 'लगे रहो मुन्नाभाई' (2006) ने गांधी को इतिहास की किताबों से निकालकर समकालीन जीवन में पुनः स्थापित किया।

फिल्म में सत्य, अहिंसा, नैतिकता और मानवीय व्यवहार जैसे गांधीवादी मूल्यों को आधुनिक परिस्थितियों के साथ जोड़ा गया। यहाँ गांधी की प्रासंगिकता किसी पुराने दौर की स्मृति भर नहीं रह जाती, बल्कि वर्तमान समाज के लिए नैतिक प्रश्न बन जाती है।

यही वह बिंदु है जहाँ खादी के अर्थ को भी नए ढंग से समझा जा सकता है। खादी केवल गांधी की पोशाक नहीं, बल्कि गांधीवादी मूल्यों की सांस्कृतिक स्मृति है।

**राजनीति, खादी और सिनेमा :** स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति में खादी की भूमिका और भी व्यापक हुई। सार्वजनिक जीवन और राजनीति में खादी एक विशिष्ट पहचान बन गई। हिंदी फिल्मों ने भी इस छवि को कई रूपों में प्रस्तुत किया।

'नायक' (2001) और 'राजनीति' (2010) जैसी फिल्मों में भारतीय राजनीति, सत्ता, नेतृत्व और जनप्रतिनिधित्व की जटिल दुनिया दिखाई देती है। पारंपरिक भारतीय वेशभूषा और राजनीतिक परिधान इन फिल्मों में पात्रों की सामाजिक और राजनीतिक पहचान को मजबूत करते हैं।

यहाँ खादी का अर्थ धीरे-धीरे बदलता दिखाई देता है। स्वतंत्रता आंदोलन में वह प्रतिरोध और स्वदेशी का प्रतीक थी । स्वतंत्र भारत में वह सार्वजनिक जीवन और राजनीति की पहचान बनी और आधुनिक समय में वह फैशन, भारतीय डिजाइन तथा टिकाऊजीवनशैली से भी जुड़ने लगी।

इस परिवर्तन को समझना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी समाज में किसी वस्त्र का अर्थ स्थिर नहीं रहता। समय के साथ उसकी सामाजिक व्याख्या बदलती रहती है।

**गाँव, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता :** खादी का मूल संबंध ग्रामीण भारत और स्थानीय अर्थव्यवस्था से है। इस दृष्टि से कुछ ऐसी फिल्में भी महत्वपूर्ण हैं, जो सीधे खादी पर केंद्रित न होते हुए भी उसके मूल विचारों से संवाद करती हैं।

'स्वदेस' (2004) इसका उल्लेखनीय उदाहरण है। फिल्म का केंद्र खादी नहीं है, लेकिन गाँव, स्थानीय संसाधन, आत्मनिर्भरता और अपने समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे विषय स्वदेशी की मूल भावना से गहरा संबंध रखते हैं।

इसी तरह 'पीपली लाइव' (2010) ग्रामीण भारत की सामाजिक और आर्थिक विडंबनाओं को सामने लाती है। ऐसी फिल्मों के माध्यम से ग्रामीण जीवन को केवल रोमांटिक दृष्टि से देखने के बजाय उसकी वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिलता है।

खादी को भी इसी व्यापक ग्रामीण संदर्भ में देखना आवश्यक है। इसके पीछे केवल कपड़ा नहीं, बल्कि कताई-बुनाई, कारीगर, बुनकर, ग्रामीण रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था की पूरी श्रृंखला जुड़ी हुई है।

**खादी का नया चेहरा :** आज खादी के अर्थ में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। वह अब केवल स्वतंत्रता सेनानी या राजनेता की पोशाक नहीं है। युवा पीढ़ी के बीच खादी फैशन, डिजाइन, पर्यावरण-संवेदनशीलता और टिकाऊजीवनशैली से भी जुड़ रही है।

फैशन डिजाइनरों ने खादी को आधुनिक कट, रंग और डिजाइन के साथ प्रस्तुत किया है। इससे यह पारंपरिक वस्त्र आधुनिक जीवनशैली के साथ संवाद करने लगा है। प्रकाश झा की राजनीति (2010) से लेकर एक्सेल एंटरटेनमेंट की वेब सीरीज मिर्जापुर (2018) इसके बेहतरीन उदाहरण हैं ।

सिनेमा इस परिवर्तन को गति देने का एक प्रभावशाली माध्यम बन सकता है।

यदि फिल्मों में खादी को केवल पुराने नेताओं की पोशाक के रूप में दिखाने के बजाय आधुनिक युवा, कलाकार, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक की जीवनशैली से जोड़ा जाए, तो इसकी नई पहचान विकसित हो सकती है।

सिनेमा की लोकप्रियता और खादी की सांस्कृतिक विरासत का यह मेल ग्रामीण कारीगरों और बुनकरों के लिए नए अवसर भी पैदा कर सकता है।

यह मानने में कोई संकोच नहीं होगा कि सिनेमा के माध्यम से खादी को नई पहचान मिली है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि खादी को केवल अतीत की स्मृति बनाकर न रखा जाए। सिनेमा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। फिल्मों में खादी के पीछे काम करने वाले कातिनों , बुनकरों और कारीगरों की कहानियाँ दिखाई जा सकती हैं। उनकी मेहनत, संघर्ष और रचनात्मकता को कथा का हिस्सा बनाया जा सकता है।

**खादी को पर्यावरण-** अनुकूल और टिकाऊफैशन के रूप में भी प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे एक ओर भारतीय हस्तकला और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी में स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों के प्रति रुचि पैदा होगी।

डिजिटल युग में सिनेमा का प्रभाव थिएटर तक सीमित नहीं है। फिल्में, वेब सीरीज, विज्ञापन और सोशल मीडिया के दृश्य लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुँचते हैं। इसलिए खादी की नई कहानी कहने के लिए आज पहले से कहीं अधिक मंच उपलब्ध हैं।

निःसन्देह खादी और हिंदी सिनेमा दोनों भारतीय समाज की स्मृति और चेतना के महत्वपूर्ण वाहक हैं। खादी हमें स्वदेशी, स्वावलंबन, श्रम की गरिमा और गांधीवादी विचारों की याद दिलाती है, जबकि सिनेमा इन विचारों और सामाजिक बदलावों को प्रभावशाली दृश्य एवं कथात्मक माध्यम से जनता तक पहुँचाता है।

स्वतंत्रता आंदोलन में खादी त्याग और प्रतिरोध का प्रतीक थी। स्वतंत्रता के बाद वह राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन की पहचान बनी। आज वह भारतीयता, हस्तशिल्प, पर्यावरण-संवेदनशीलता और टिकाऊ फैशन के नए संदर्भो में अपनी जगह बना रही है।

दूसरी ओर, सिनेमा ने खादी को कभी इतिहास के प्रतीक के रूप में, कभी चरित्र की पहचान के रूप में और कभी सामाजिक विचारधारा के संकेत के रूप में प्रस्तुत किया है। यही कारण है कि खादी और सिनेमा का संबंध केवल कपड़े और पर्दे का संबंध नहीं है।

यह चरखे और कैमरे के बीच बना वह सांस्कृतिक संवाद है, जिसमें भारत का अतीत, वर्तमान और भविष्य एक साथ दिखाई देता है।

खादी ने सिनेमा को भारतीय इतिहास और विचारधारा का एक सशक्त दृश्य प्रतीक दिया, तो सिनेमा ने खादी को बदलते समय के साथ नए अर्थों और नए संदर्भो में समाज के सामने प्रस्तुत किया।

चरखे की धीमी-धीमी सी घरघराहट आज भी सुनाई देती हैबस उसके साथ अब कैमरे की रोशनी भी जुड़ गई है। और शायद यही खादी और सिनेमा की सबसे खूबसूरत साझी कहानी है ।

*( लेखक बिहार सरकार में अधिकारी हैं ।)*
*(यह उनके व्यक्तिगत विचार हैं।)*

## एचआर लीडर

# अनुश्री सिंह को नया चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर नियुक्त किया गोदरेज एग्रोवेट ने

**भारत के प्रमुख फार्म-टू-प्रोटीन प्लेटफॉर्म्स** में से एक, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (गोदरेज एग्रोवेट) ने घोषणा की कि अनुश्री सिंह कंपनी में चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर के रूप में शामिल हो गई हैं। इस पद पर, अनुश्री कंपनी की पीपल स्ट्रेटजी (कर्मचारी नीतियों और विकास) का नेतृत्व करेंगी। वह लीडरशिप टीम के साथ मिलकर संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने, प्रतिभाओं को निखारने और गोदरेज एग्रोवेट के दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप एक भविष्य-उन्मुख व उच्च-प्रदर्शन वाला संगठन तैयार करने का काम करेंगी।


अनुश्री सिंह
चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर
गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (गोदरेज एग्रोवेट)

लीडरशिप टीम में उनका स्वागत करते हुए, गोदरेज एग्रोवेट के एमडी एवं सीईओ सुनील कटारिया ने कहा, गोदरेज एग्रोवेट में हमारा उद्देश्य नवाचार (इनोवेशन) के जरिए किसानों को सशक्त बनाना और देश का पोषण करना है। इस यात्रा में हमारे लोगों और नेतृत्व की क्षमताओं को मजबूत बनाए रखना हमेशा हमारी रणनीतिक प्राथमिकता रही है। अनुश्री के पास वर्क कल्चर निर्माण, संगठनात्मक उत्कृष्टता और कर्मचारियों के विकास से जुड़ा गहरा अनुभव है, और हम टीम में उनका स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। हमें विश्वास है कि उनका नेतृत्व हमारे विकास के अगले चरण को नई दिशा देगा। उनकी नियुक्ति गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के इस अटूट विश्वास को भी दर्शाती है कि मजबूत संगठनों के निर्माण और टिकाऊमूल्य पैदा करने में कर्मचारी ही सबसे मजबूत आधार होते हैं।

अनुश्री एक अनुभवी एचआर लीडर हैं, जिनके पास विभिन्न उद्योगों और वैश्विक बाजारों में पीपल स्ट्रेटजी, संगठनात्मक बदलाव, कल्चर बिल्डिंग, एमएंडए इंटीग्रेशन (विलय और अधिग्रहण एकीकरण), बोर्ड प्रबंधन और लीडरशिप डेवलपमेंट में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने कर्मचारियों की रणनीतियों को व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ जोड़ने, बड़े पैमाने पर बदलावों का नेतृत्व करने, विविधता एवं समावेशन (डायवर्सिटी एंड इनक्लूजन) को बढ़ावा देने और उच्च-प्रदर्शन करने वाली टीमें तैयार करने में गहरी विशेषज्ञता हासिल की है। गोदरेज एग्रोवेट में, उनका मुख्य ध्यान कंपनी के विकास के अगले चरण को गति देने के लिए मानव संसाधन और संगठनात्मक क्षमताओं को मजबूत करने पर रहेगा।

अपनी नियुक्ति पर बात करते हुए गोदरेज एग्रोवेट की नव नियुक्त चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर अनुश्री सिंह ने कहा, गोदरेज एग्रोवेट की विकास यात्रा के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर कंपनी से जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूं। इस कंपनी की एक मजबूत विरासत, स्पष्ट उद्देश्य और एक ऐसा कल्चर है जो कर्मचारियों को सफलता के केंद्र में रखता है। मैं लीडरशिप टीम के साथ मिलकर एक भविष्य-उन्मुख संगठन बनाने, हमारी एचआर नीतियों को मजबूत करने और एक ऐसा माहौल तैयार करने के लिए उत्सुक हूं, जहां हमारे कर्मचारी आगे बढ़ सकें और कंपनी के विकास में सार्थक योगदान दे सकें।

गोदरेज एग्रोवेट से पहले, वह जेएसडब्ल्यू एनर्जी में चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर के पद पर कार्यरत थीं, जहां उन्होंने कंपनी के तेज विकास और बदलाव में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा वह एवरी डेनिसन, अक्जो नोबेल और आदित्य बिड़ला ग्रुप में भी प्रमुख पदों पर काम कर चुकी हैं, जिससे उनके पास भारतीय और वैश्विक दोनों बाजारों का व्यापक अनुभव है।

गोदरेज एग्रोवेट अपनी नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने और भविष्य-उन्मुख क्षमताओं में निवेश करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अनुश्री की नियुक्ति कंपनी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह एक उच्च-प्रदर्शन करने वाला संगठन बनाकर सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) के लिए दीर्घकालिक और टिकाऊ मूल्य तैयार करना चाहती है।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

संक्षिप्त खबरें

## पेट के पथरी के आपरेशन से मरीज की मौत

**मोतिहारी(एनएसबी)।** इस वक्त की बड़ी खबर पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी से आ रही है जहां पेट के पथरी के आपरेशन से एक मरीज की मौत हो गयी है। मामला छतौनी थाना क्षेत्र स्थित जेजे कनक हॉस्पीटल का बताया गया है। जहां आपरेशन के दौरान खाद दूकानदार विजय पाण्डेय की मौत हो गयी है।घटना की सूचना मिलते ही छतौनी थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया और मामले की पड़ताल में जुट गए हैं।वही घटना से मृतक की पत्नी व दो बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि विजय पाण्डेय स्वस्थ हालत में घर से पथरी के इलाज के लिए जेजे कनक हॉस्पीटल पहुंचे थे। जहां आपरेशन के बाद उसकी मौत हो गयी। आखिर आपरेशन के बाद ऐसा क्या हुआ कि विजय पाण्डेय को मौत की निंद सोनी पड़ गयी।यह चिकित्सक और उसके चिकित्सकीय प्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।वही घटना से गुस्साएं लोगों ने जमकर हॉस्पीटल में हंगामा खड़ा कर दिया है।जिसे पुलिस समझाने का प्रयास कर रही है। किन्तु गुस्साए लोगों का गुस्सा थमने का नाम नही ले रहा है।

## विद्यालय में अवैध वसूली करने वाले शिक्षक हुए निलंबित

**अरेराज(एनएसबी)।** अरेराज के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय झखरा में इंटर साइंस में नामांकन के नाम पर अवैध वसूली करने वाले कंप्यूटर शिक्षक रविशंकर को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निलंबित कर दिया है। अरेराज बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया जहां उक्त शिक्षक पर लगाए गए आरोप सत्य पाए गए हैं।बीडीओ श्री दीक्षित ने जिला पदाधिकारी मोतिहारी को पत्र लिख कर बताया है की जांच के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए दो अडियो रिकर्डिंग, व्हाट्सएप चौट का स्क्रीनशट तथा विद्यालय के लगभग 10-15 विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से पूछताछ की गई। जांच के क्रम में उपलब्ध साक्षय एवं संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर निम्न तत्व प्रकाश में आए हैं। सबूतों के अवलोकनो प्रांत यह स्पष्ट होता है कि संबंधित शिक्षक द्वारा नामांकन के ऐवज में धनराशि की मांग की गई है। एक अडियो से संबंधित शिक्षक द्वारा छात्र के बड़े भाई से बातचीत के दौरान धनराशि प्राप्त करने की बात स्वीकार की गई है। जिसको लेकर बीडीओ ने उक्त शिक्षक पर कार्रवाई करने एवं दूसरे स्कूल मे स्थानांतरण करने की अनुशंसा डीएम से की है। ताकि विद्यालय का वातावरण सही रहे। जिसको लेकर संबंधित शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

## 41,348 पेंशनधारियों का पेंशन बंद, बैंक खाते में आधार सीडिंग कराना अनिवार्य

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत गैर-आधार सीडेड बैंक खातों वाले पेंशनधारियों का पेंशन भुगतान बंद हो गया है। पूर्वी चंपारण जिले में ऐसे 41,348 पेंशनधारी हैं, जिनके बैंक खाते में आधार सीडिंग नहीं होने के कारण पेंशन की राशि नहीं भेजी जा रही है।सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पूर्वी चंपारण ने बताया कि वित्तीय र्विष 2026-27 से एनएसएपी (छे।च) पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन एसएनए स्पर्श (छ। ै च।ै) मड्यूल के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण तथा बैंक खाते की आधार सीडिंग आवश्यक है। अप्रैल 2026 से एनएसएपी पेंशनधारियों को आधार ब्रिज पेमेंट के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में गैर-आधार सीडेड खातों में पेंशन की राशि का भुगतान संभव नहीं हो रहा है।विभाग के अनुसार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धजन पेंशन योजना के 9,202, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 1,193 और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के 489 पेंशनधारियों का आधार सीडिंग लंबित है। इसी तरह बिहार निःशक्तजन पेंशन योजना के 1,149, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 24,116 तथा ल़सा़सू पेंशन योजना के 4,499 पेंशनधारियों के बैंक खाते की आधार सीडिंग नहीं हुई है।सहायक निदेशक ने पेंशनधारियों से अपील की है कि जिनका पेंशन भुगतान बंद है, वे जल्द से जल्द अपने बैंक खाते में आधार सीडिंग करवाएं, ताकि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि उनके खाते में भेजी जा सके।

# योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता : जायसवाल

## पीएम सूर्य घर योजना को जिले में प्राथमिकता से लागू करें : डीएम

### डीएलआरएसी-डीएलसीसी की बैठक में बैंकवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, लंबित व अस्वीत आवेदनों का मांगा ब्योरा


बैठक में उपस्थित सांसद संजय जयसवाल , जिलाधिकारी व अन्य।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलआरएसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलसीसी) की प्रथम तिमाही (जून 2026) की बैठक हुई। बैठक में बेतिया सांसद ड़ संजय जायसवाल भी उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, बैंकवार उपलब्धियों तथा लंबित एवं अस्वीत आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमईजीपी, जिला साख योजना, पीएमएफएमई, पीएम स्वनिधि, महिला स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज, वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता, पीएम सूर्य घर योजना, आरसेटी की कार्यप्रगति, बचत खाते, मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, क्लेम सेटलमेंट एवं अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।पीएम सूर्य घर योजना पर विशेष जोर बैठक में पीएम सूर्य घर योजना की विशेष रूप से समीक्षा की गई। डीएम ने पिछले माह प्राप्त आवेदनों, स्वीत एवं अस्वीत आवेदनों तथा आवेदन अस्वीत किए जाने के कारणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में पीएम सूर्य घर योजना को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए। नगर निकायों सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किया जाए।डीएम ने कहा कि योजना का लाभ प्राप्त कर चुके लोगों के माध्यम से आसपास के परिवारों को भी जागरूक कर योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाए। उन्होंने बैंकों को लंबित आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया।अस्वीत आवेदनों का स्पष्ट कारण दर्ज करने का निर्देश विभिन्न बैंकों की योजनावार प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बैंकवार उपलब्धियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन बैंकों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, वहां कार्य में तेजी लाई जाए। लंबित एवं अस्वीत आवेदनों की बैंकवार स्थिति स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि किसी आवेदन को अस्वीत करने की स्थिति में उसका स्पष्ट एवं तर्कसंगत कारण दर्ज करना अनिवार्य होगा।उन्होंने अगली बैठक में बैंकवार अद्यतन रिपोर्ट के साथ पूरी तैयारी से उपस्थित रहने तथा सभी योजनाओं का विधानसभा वार प्रतिवेदन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इससे क्षेत्रवार योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आकलन किया जा सकेगा।मत्स्य व्यवसाय को योजनाओं से जोड़ने पर जोर बैठक में जिले में मत्स्य पालन एवं मत्स्य व्यवसाय की स्थिति पर भी चर्चा हुई। डीएम ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पूर्वी चंपारण में मत्स्य पालन महत्वपूर्ण क्षेत्र है। मछली पालन एवं इससे जुड़े व्यवसाय करने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहल की जाए।सांसद ड़ संजय जायसवाल ने बैंक अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।12 से 16 सितंबर के बीच पीएम विश्वकर्मा कैंप पर चर्चाबैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत छौड़ादानो, घोड़ासहन, हरसिद्धि एवं अरेराज में विशेष कैंप आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। कैंप 12 से 16 सितंबर के बीच आयोजित किए जाने प्रस्तावित हैं। एलडीएम के़एम़ सिंह ने बताया कि कैंप की तिथि शीघ्र निर्धारित की जाएगी। कैंप के माध्यम से आम लोगों को बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।बैठक की शुरुआत अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) के़एम़ सिंह के स्वागत संबोधन से हुई। मौके पर उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, डीडीएम नाबार्ड आनंद अतिरेक, सेंट्रल बैंक आरसेटी के निदेशक बिपिन कुमार, एलडीओ, आरबीआई प्रतिनिधि मोहित कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जीविका प्रतिनिधि राजू कुमार सहित विभिन्न बैंकों के मुख्य प्रबंधक, जिला समन्वयक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर डीएम और एसपी ने संभाला मोर्चा यातायात थाना मोतिहारी में की गई बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा आज संध्या पहर यातायात थाना मोतिहारी में जाम की समस्या को दूर करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की गई जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मोतिहारी, प्रभारी यातायात सहित अन्य पुलिस प्रभारी उपस्थिति थेस शहर के मुख्य बाजार में सड़कों पर जहां-तहां ठेला लगाने से जाम की समस्या बढ़ रही है। इसको लेकर निर्देश दिया गया कि शहर के सभी मुख्य पथों और चौराहों के पास ठेला नहीं लगाया जाए। छतौनी चौक के आसपास लगने वाले सभी ठेला को नरेगा पार्क में लगाया जाए। इसके लिए माइकिंग करा कर सभी को सूचना दे दी जाए। सड़कों के किनारे तीन पहिया और चार पहिया वाहन खड़ा नहीं रहे इस पर ध्यान दिया जाए और खड़ी वाहन के चालकों से जरूरी पूछताछ कर उसे वहां से हटाया जाएस यातायात के सुचारू संचालन को लेकर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल लगातार चौकन्ना रहकर स्थिति का जायजा लेते रहें। शहर में यातायात पेट्रोलिंग को बढ़ाया जाए एवं ध्यान रहे कि कहीं भी जाम की समस्या नहीं हो। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा मीना बाजार से लेकर छतौनी चौक तक फ्लैग मार्च किया गया और स्थिति का जायजा लिया गया।


सड़कों पर जहां-तहां ठेला लगाने से जाम की समस्या।

## आपदा मित्रों की बैठक में अनुभवों और प्रगति की हुई समीक्षा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी कार्यालय में मंगलवार को बाल रक्षा भारत एवं जिला आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आपदा मित्रों की समीक्षा एवं अनुभव-साझाकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आपदा मित्रों की प्रगति, सक्रियता तथा आपदा के दौरान उनके अनुभवों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ भविष्य में सामुदायिक आपदा तैयारी और मानवीय सहायता व्यवस्था को और मजबूत करना रहा।बैठक में बाल रक्षा भारत की ओर से हामिद रजा एवं सत्य प्रकाश तथा जिला आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से इंजीनियर गोविंद एवं नवीन सिंह ने आपदा मित्रों से उनके कार्यों एवं अनुभवों की जानकारी ली। इस दौरान आपदा मित्रों ने समुदाय के बीच किए गए जागरूकता कार्य, पूर्व चेतावनी के प्रसार, मक ड्रिल, संवेदनशील लोगों की सुरक्षित निकासी, आपदा के दौरान सहायता तथा सामुदायिक आपदा प्रबंधन योजनाओं में अपनी भूमिका के बारे में जानकारी साझा कीस बैठक में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि आपदा मित्र केवल आपदा आने के बाद राहत एवं बचाव कार्य तक सीमित न रहें, बल्कि आपदा से पहले तैयारी, जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व चेतावनी के प्रभावी प्रसार और समुदाय को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया में भी सक्रिय भूमिका निभाएं

## प्रखंड कार्यान्वयन समिति की बैठक

### राशन कार्ड, स्वास्थ्य पर उठे सवाल, डक्टरों की कमी, आंगनबाड़ी केंद्र बंद और कबीर मठ की जमीन पर अतिक्रमण का मामला उठा

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को प्रखंड कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष उपेंद्र कुमार चौधरी ने की, जबकि बीडीओ दिनेश कुमार सिंह ने संचालन किया। बैठक में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे।बैठक में प्रखंड के अलग-अलग कार्यालयों में हो रही गड़बड़ी का मुद्दा उठा। ग्रामीणों को राशन कार्ड बनवाने में आ रही दिक्कतों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डक्टरों की कमी पर भी चर्चा हुई।इसके अलावा, कई पंचायतों में सालों पहले आंगनबाड़ी केंद्र बने, लेकिन वे अब तक शुरू नहीं हुए हैं। बेलवतिया गांव स्थित कबीर मठ की जमीन पर अतिक्रमण का मामला भी बैठक में उठाया गया। विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों का जल्द समाधान होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं का फायदा सही लोगों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाएं और ग्रामीणों की समस्याएं तुरंत हल करें। इस दौरान प्रमुख रजनीश कुमार, सीओ कुमार राघवेंद्र राघवन, उपाध्यक्ष जितेंद्र साह, राजकिशोर सिंह, गौरीशंकर साह समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।


बैठक में भाग लेते लोग।

## बाढ़ के पानी में मिली अज्ञात मछलियों के सेवन से बचें

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नेपाल की ओर से बाढ़ के पानी के साथ बिहार के कुछ क्षेत्रों में अज्ञात एवं असामान्य प्रकार की मछलियों के पहुंचने की सूचना के बाद मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना ने आम लोगों के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की एडवाइजरी जारी की है। ऐसी मछलियों के सेवन के बाद कुछ लोगों के बीमार पड़ने की सूचना भी प्राप्त हुई है। मत्स्य निदेशालय के अनुसार बाढ़ के दौरान तालाब, नदी, झील एवं अन्य जलाशयों से मछलियां पानी के साथ दूर-दूर तक फैल जाती हैं। गंदे नालों, मृत जानवरों एवं अन्य दूषित पदार्थों के संपर्क में आने से इन मछलियों में जीवाणु, विषाणु एवं फंगस आदि से संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में बाढ़ के पानी से पकड़ी गई मछलियों का सेवन नहीं करने की सलाह दी गई है।अज्ञात मछली बाजार में खरीदने-बेचने से भी बचें विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि अज्ञात अथवा असामान्य दिखने वाली मछलियों का सेवन नहीं करें। बाढ़ के पानी से पकड़ी गई ऐसी मछलियों को खरीदने, बेचने अथवा खाद्य उपयोग में लाने से भी बचें। बिना पहचान एवं संबंधित विभाग की पुष्टि के किसी अपरिचित मछली को खाने योग्य नहीं माना जाए।एडवाइजरी में कहा गया है कि यदि ऐसी मछली के सेवन के बाद उल्टी, दस्त, पेट दर्द, चक्कर, सांस लेने में कठिनाई अथवा कोई अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दे तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श लिया जाएस विभाग ने लोगों से ऐसी मछलियों की सूचना मिलने पर जिला मत्स्य पदाधिकारी अथवा स्थानीय प्रशासन को तत्काल जानकारी देने की अपील की है।

# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सामाजिक कलंक पर संगोष्ठी

## विशेषज्ञों ने कहा- जागरूकता और संवेदनशीलता से ही कम होगा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी पूर्वाग्रह



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के काउंसलिंग सेल एवं प्रक्टोरियल बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मेंटल हेल्थ स्टिग्मारू साइकोलजी कन्सिंसेस एंड इट्स सोशल ओरिजिन्स विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के महात्मा बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार में हुआ। इसमें मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सामाजिक कलंक, उसके मनोवैज्ञानिक प्रभाव और सामाजिक कारणों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे।

विशेषज्ञों ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर समाज में मौजूद पूर्वाग्रह और भेदभाव प्रभावित व्यक्ति की परेशानी को और बढ़ा सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता तथा समय पर सहायता उपलब्ध कराना जरूरी है। वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े लक्षणों को समझने और आवश्यकता पड़ने पर बिना झिझक विशेषज्ञ की मदद लेने पर जोर दिया।संगोष्ठी में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो़ तुषार सिंह, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के ड़ रवि पांडेय, प्रो़ सुजीत चौधरी एवं प्रो़ पंकज सिंह सहित कई विशेषज्ञ शामिल हुए। विश्वविद्यालय की ओर से ओएसडी प्रशासन प्रो़ एक़े सरण, छात्र परामर्शदाता एवं कार्यक्रम की संयोजक ड़ शशि प्रभा, प्रो़ सरोज रंजन, प्रो़ बिमलेश कुमार, प्रो़ पंकज कुमार सिंह, ड़ अनुपम कुमार वर्मा, ड़ श्याम बाबू प्रसाद, ड़ अवनीश कुमार एवं ड़ उमेश कुमार समेत अन्य शिक्षक और अधिकारी मौजूद रहे।

वक्ताओं ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चुप्पी और सामाजिक कलंक को समाप्त करने में परिवार, शैक्षणिक संस्थानों और समाज की सामूहिक भूमिका महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति सकारात्मक ष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

संगोष्ठी में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़े सवाल पूछे। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मिथकों एवं सामाजिक कलंक को कम करना तथा जरूरतमंदों के लिए सहायता लेने का सकारात्मक वातावरण तैयार करना था।

संक्षिप्त खबरें

## मेहसी में दयार-ए-हबीब कन्फ्रेंस एवं जश्न-ए-दस्तार-ए-हुफ्फाज आयोजित

**मेहसी (एनएसबी)।** मेहसी चकलालू स्थित ऐतिहासिक मदरसा इस्लामिया इत्तेहादिया के परिसर में दयार-ए-हबीब कन्फ्रेंस सह जश्न-ए-दस्तार-ए-हुफ्फाज-ए-किराम का आयोजन किया गया। 104 वर्षों से धार्मिक एवं शैक्षणिक सेवाएं दे रहे इस संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उलेमा, शिक्षक और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की सरपरस्ती शहजादा-ए-हुजूर शेर-ए-बिहार हजरत अल्लामा अरशद रिजवी एवं हजरत अल्लामा अहसन रिजवी ने की, जबकि अध्यक्षता उस्तादुल कुर्रा हजरत कारी इरशाद रौशन ने की। आयोजन की सफलता में मदरसा कमेटी के अध्यक्ष अताउर्रहमान एवं सचिव ताजुल हक ताज सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राजस्थान से पहुंचे हजरत अल्लामा मौलाना शम्सुद्दीन मकराना ने मीलाद-ए-मुस्तफा विषय पर संबोधन किया। उन्होंने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा की सीरत, उनके संदेश और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। हजरत मौलाना इर्तजा कमाल अशरफी ने सीरत-ए-मुस्तफा विषय पर विचार रखे। हजरत कारी जर्रार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शायर-ए-इस्लाम शहबाज रजा नूरी ने नातिया कलाम प्रस्तुत कर आध्यात्मिक माहौल बनाया। कार्यक्रम में तंजीम उलेमा ए अहले सुन्नत व जमाअत, मेहसी शरीफ से जुड़े उलेमा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन में मदरसा की दीनी, शैक्षणिक एवं सामाजिक सेवाओं को भी रेखांकित किया गया।

डीएसआर धान में पौध संख्या और खरपतवार का सर्वेक्षण पीपराकोठी। टीसीए, धोली के रावे (रॉम्) विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष बीजित धान (डीएसआर) की फसल में पौध स्थापना और खरपतवार की स्थिति का क्षेत्रीय सर्वेक्षण किया। विद्यार्थियों ने खेत में एक वर्गमीटर क्षेत्रफल में धान के पौधों की वास्तविक संख्या गिनी और इसकी अनुशंसित पौध संख्या से तुलना कर अंतर का आकलन किया। साथ ही, पौध संख्या में अंतर का संभावित उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव को समझा।इस दौरान विद्यार्थियों ने ड्रेट विधि से खेत में मौजूद विभिन्न खरपतवारों का सर्वेक्षण किया। प्रमुख खरपतवार प्रजातियों की पहचान कर उनकी संख्या, घनत्व और खेत में फैलाव का रिकर्ड तैयार किया गया। सर्वेक्षण के आधार पर खेत में सबसे प्रभावी खरपतवार प्रजाति का भी निर्धारण किया गया।क्षेत्रीय अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों ने डीएसआर पद्धति में फसल स्थापना, उचित पौध संख्या और खरपतवार प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं को करीब से समझा। विद्यार्थियों ने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से फसल की स्थिति और खरपतवारों का आकलन कर उत्पादन बढ़ाने के लिए बेहतर प्रबंधन रणनीति तैयार की जा सकती है।

## अनंत चतुर्दशी मेले को लेकर बैठक

### पड़ाव व पार्किंग स्थलों का लिया जायजा, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**अरेराज(एनएसबी)।** आगामी अनंत चतुर्दशी मेले को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज सुजीत कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित, पुलिस निरीक्षक पूर्णकाम सामर्थ एवं अरेराज थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी के साथ क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न मेला स्थलों, पड़ाव एवं पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान परशुरामपुर चौक से हरपुर पकड़ी चौक, ओल्हा बाजार, भादा पुल तथा भादा हाईस्कूल मैदान सहित विभिन्न स्थानों का जायजा लिया गया। एसडीओ ने श्रद्धालुओं की सुविधा, आवागमन की सुगमता, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान परशुरामपुर-संग्रामपुर मुख्य मार्ग पर फतुहा के समीप स्थित जर्जर लोहई पुल की रेलिंग को लेकर भी चिंता जताई गई। एसडीओ ने अंचलाधिकारी को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग के सहयोग से पुल की रेलिंग को बांस-बल्ला आदि लगाकर मजबूत कराने का निर्देश दिया, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो और दुर्घटना की आशंका कम की जा सके। वहीं भादा पुल के समीप नहर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इसके लिए अंचलाधिकारी हरसिद्धि को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।प्रशासन की ओर से मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरा करने पर जोर दिया गया है।


निरीक्षण करते अधिकारी।

## ऋषिपंचमी तीज को चंद्र दर्शन निषेध, 15 सितंबर को मध्या व्यापिनी पंचमी तिथि में होगा ऋषिपंचमी व्रत

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महिलाओं के अखंड सौभाग्य का पर्व हरितालिका तीज वत इस वर्ष 14 सितंबर, सोमवार को मनाया जाएगा। इसी दिन बिहार में प्रचलित चौथ चन्दा (ढेलहिया चौथ) एवं चंद्र पूजा तथा वैनायकी सिद्धि विनायक श्रीगणेश चतुर्थी का पर्व भी मनाया जाएगा। 15 सितंबर, मंगलवार को मध्या व्यापिनी पंचमी तिथि में ऋषिपंचमी वत का विधान है। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि सौभाग्यवती महिलाएं चिरस्थायी सौभाग्य की कामना से जबकि अविवाहित कन्याएं मनोनुकूल वर एवं सुखी दांपत्य जीवन की कामना से हरितालिका तीज का कठिन वत श्रद्धा एवं विश्वास के साथ करती हैं। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार वतों में हरितालिका वत को श्रेष्ठ माना गया है।वत के दिन महिलाएं शुद्ध मन एवं शरीर से उपवास रखकर प्रदोषकाल में माता पार्वती सहित भगवान शिव की पूजा करती हैं। रात्रि में मंगलगीत एवं भजन-कीर्तन के साथ जागरण किया जाता है। अगले दिन प्रातः अन्न, वस्त्र एवं दक्षिणा आदि का दान करने के बाद वत का पारण किया जाता है।

### चौथ चन्दा पर गणेश पूजा

प्राचार्य पाण्डेय ने बताया कि बिहार में चौथ चन्दा वत एवं चंद्र पूजा का मान भी 14 सितंबर को ही है। इस दिन चंद्रमा का दर्शन निषेध माना जाता है। इसी दिन भगवान गणेश की उपासना का पर्व गणेश चतुर्थी भी मनाया जाएगा। गणेश पूजा के दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा पर सिंदूर अर्पित करने एवं लड्डू का भोग लगाने की परंपरा है। गणेशोत्सव के साथ देशभर में गणेश उत्सव की शुरुआत होगी।

### 15 सितंबर को ऋषिपंचमी वत

ऋषिपंचमी वत 15 सितंबर, मंगलवार को मध्या व्यापिनी पंचमी तिथि में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सप्त ऋषियों एवं अरुंधती की पूजा का विधान बताया गया है। प्राचार्य पाण्डेय के अनुसार इस वत को पापों के नाश एवं शुद्धि से जुड़ा माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार वत के प्रभाव से ज्ञात-अज्ञात पापों से मुक्ति एवं मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।उन्होंने बताया कि ऋषिपंचमी का अनुष्ठान सात वर्षों तक करने का विधान शास्त्रों में बताया गया है। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी की जा रही है।

## फोर्थ ग्रेड कर्मी से मरीजों के उपचार का वीडियो वायरल

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो में एक कर्मी जख्मी मरीज का उपचार करते हुए तथा टांका लगाते हुए दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि वीडियो में नजर आ रहा कर्मी ष्णा कुमार है, जो स्वास्थ्य केंद्र में फोर्थ ग्रेड कर्मी के पद पर कार्यरत है।मामला सामने आने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली और मरीजों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सामने आए एक ड्यूटी रोस्टर में ष्णा कुमार का नाम पैरामेडिकल ड्यूटी में दर्ज होने की बात कही जा रही है। रोस्टर के अनुसार बुधवार एवं गुरुवार को सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक उनकी ड्यूटी लगाए जाने की जानकारी सामने आई है।यदि वायरल वीडियो और ड्यूटी रोस्टर में दर्ज जानकारी सही पाई जाती है तो सवाल उठता है कि फोर्थ ग्रेड कर्मी को मरीजों के उपचार एवं टांका लगाने जैसी जिम्मेदारी किस आधार पर दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### लड़की का गला दबाने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी, एक हिरासत में

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** बरैठ पंचायत के अमृता गांव में एक लड़की का गला दबाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना से आहत लड़की की मां रेखा देवी, पत्नी रवि सादा, ने सोनवर्षा थाना में आवेदन देकर दिलीप सादा, मंगल कुमार, खोखिया देवी और शेलेन सादा पर मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार घटना छह सितंबर की रात करीब आठ बजे की है। पीड़िता ने बताया कि वह मेला देखने गई थी। इसी दौरान दिलीप सादा उसके दरवाजे पर पहुंचा और उसकी पुत्री का गला दबाने लगा। हल्ला सुनकर जब दोनों पुत्रियां वहां पहुंचीं तो आरोप है कि उनके साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि आरोपियों के डर से उसका पुत्र विद्यालय जाने से भी कतराता है। आवेदन के मुताबिक, वर्ष 2024 में पीड़िता के पति रवि सादा की आरोपी दिलीप सादा के सगे भाई राकेश सादा द्वारा हत्या कर दी गई थी। राकेश सादा वर्तमान में सदर कारागार में सजा भुगत रहा है। पीड़िता का आरोप है कि इसी आक्रोश में आरोपी के रिश्तेदार उसके बच्चों के साथ आए दिन मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। इससे पूरा परिवार दहशत में जीवन व्यतीत कर रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। एक आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। ननिहाल में नल चलाने के दौरान लगा करंट, 10 साल की बच्ची की मौके पर हुई मौत; बचाने पहुंचे मामा भी झुलसे

### नियुक्त अतिथि शिक्षकों का संघ पहले से गठित है तथा कार्य कर रहा हैः डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ, आरएम कॉलेज इकाई, सहरसा बीएनएमयू मधेपुरा के अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि 2019-20 में नियुक्त अतिथि शिक्षकों का संघ पहले से गठित है तथा कार्य कर रहा है। डॉ मिश्रा ने कहा की संघ की शाखा को भंग करने का अधिकार केवल अध्यक्ष के पास होता है जो अन्य पदाधिकारियों की राय से किया जा सकता है या महाविद्यालयीय संघ को स्थानीय अध्यक्ष के सलाह पर विश्वविद्यालय संघ प्रतिनिधि सभा की राय से भंग कर सकता है। संघ में जो शामिल होना चाहते हैं उनका स्वागत है। संघ हमेशा सबके हित में काम करता आया है चाहे वे पहले से कार्यरत हैं या नये आये हैं। यदि कुछ साथीगण नया संघ बनाना चाहते हैं तो बना सकते हैं। ये उनकी इच्छा और स्वतंत्रता है। लेकिन जो पहले से गठित मूल संघ से अलग हैं उनको संघ भंग करने का अधिकार है ही नहीं। मूल संघ मजबूती के साथ यथावत बना हुआ है। मूल संघ को भंग करने का प्रचार कर कुछ महत्वाकांक्षी साथी जो संघ के साथ नहीं हैं वे नव आगन्तुक अतिथि साथियों को भ्रमित कर एक भ्रामक स्थिति उत्पन्न करना चाहते हैं। आप नया संघ बना सकते हैं, लेकिन मूल संघ को मूल संघ का संगठन ही भंग कर सकता है। यह हमारी लड़ाई को कमजोर करने तथा एकता को भंग करने का प्रयास है। संघ लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप चलता है और चलता रहेगा। साथियों से कहना चाहते हैं कि वे अपने मूल संगठन में बने रहें। संघर्ष के अन्तिम दौर को देखते हुए अवसर मिलते ही संघ का विस्तार भी किया जा सकता है।



### कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के लिए आयुष आनंद के चयन से फ्रेंड्स इलेवन क्रिकेट क्लब खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित किए जाने वाले कर्नल सी के नायडू ट्रॉफी के लिए बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित फिटनेस एंड स्किल कैम्प के लिए बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित किए गए घरेलु टूनार्मेंट में निरंतर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चयनित 68 खिलाड़ियों की सूची में फ्रेंड्स इलेवन क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी आयुष आनंद को भी चयनित किया गया है।आयुष आनंद के चयन से फ्रेंड्स इलेवन क्रिकेट क्लब एवं जिले के खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। आयुष के चयन के कारण खिलाड़ियों में उत्साहवर्धन होने से जिले के खिलाड़ी लगन से मेहनत के साथ नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित होंगे जिससे वे भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा जिले एवं राज्य की टीमों में चयनित होकर अपने भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष आशीष कुमार कात्यायन, सचिव बिश्वजीत बनर्जी, संयुक्त सचिव आशुतोष आनंद, कोषाध्यक्ष असफहान खान, डॉ विमल भारती, गुलनियाज रब्बानी, नसीम आलम, बिश्वनाथ कुमार, ब्रह्मदेव कामत, मसूद आलम, बादल कुमार, नित्यानंद ठाकुर, प्रभात कुमार सिंह, शशि यादव, अमित कुमार सिंह, शैलेश झा, सुनील कुमार गुप्ता, डॉ एचएस ठाकुर, निखिल कुमार सिंह, मुकेश कुमार झा इत्यादि ने आयुष को बधाई देते हुए बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाले कर्नल सी के नायडू ट्रॉफी के लिए स्टेट टीम में चयनित होने की शुभकामना दी।



### मारवाड़ी युवा मंच द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का भव्य शुभारंभ, शिविर के पहले दिन कुल 150 लोगों का हुआ रजिस्ट्रेशन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, सहरसा शाखा द्वारा स्थानीय रिफ्यूजी कालोनी स्थित रॉयल गार्डन में तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। मारवाड़ी युवा मंच केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचार है।युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति में बदलने का विचार।मंच ने सेवा परमो धर्मरू के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए रक्तदान, शिक्षा, पर्यावरण, स्वच्छता और दिव्यांग सेवा जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य किया है। हमारा उद्देश्य सिर्फ मदद करना नहीं, बल्कि किसी के जीवन में स्वावलंबन और आत्मसम्मान की लौ को फिर से प्रज्ज्वलित करना है। हमारा मानना है कि किसी को सहारा देना ही सच्ची मानवता है, और किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं। इसी भावना के साथ इस शिविर में दिव्यांग बंधुओं को कृत्रिम हाथ-पैर, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र आदि उपकरण पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।शिविर के प्रथम दिन ही जरूरतमंदों में गजब का उत्साह देखा गया। आज कुल 150 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया और सभी लाभार्थियों का माप लिया गया। चयनित सभी लाभार्थियों को उपकरणों का वितरण परसों यानी 10 सितंबर को दिन में 12,00 बजे आयोजित होने वाले समापन सह वितरण समारोह में किया जाएगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त की गरिमामयी उपस्थिति में सभी लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए जाएंगे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा के सभी सदस्यों का भरपूर योगदान रहा। प्रमुख रूप से अध्यक्ष आदित्य मित्तल,सुमित केजरीवाल, नितेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, बिक्रम अग्रवाल, दीक्षित खेतान, राहुल सलामपुरिया, रवि शर्मा, प्रीतम उदयपुरिया, नितेश डहलान, आयुष भीमसेरिया, आशीष अग्रवाल, शोभम अग्रवाल, नीरज पारसपुरिया सहित सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाया।



# 95 भूमिहीन परिवारों के बीच विधायक संजय कुमार सिंह ने वितरित किया बंदोबस्ती पर्चा

**कहा हर भूमिहीन परिवार को मिलेगा जमीन और आवास, बच्चों की शिक्षा पर दें विशेष ध्यान**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा अंतर्गत सलखुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में आज अभियान बसेरा-2 योजना के तहत सम्हारखुर्द एवं कबीरा के 95 भूमिहीन परिवारों के बीच विधायक संजय कुमार सिंह ने अपने हाथों से जमीन का बंदोबस्ती पर्चा वितरित किया। जमीन नहीं होने के कारण लंबे समय से झुग्गी-झोपड़ी एवं अस्थायी आवास में जीवन-यापन कर रहे इन परिवारों के लिए यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है। अभियान बसेरा-2 योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के अंतर्गत इन 95 परिवारों की जमीन बंदोबस्ती की गई है। पर्चा वितरण के दौरान विधायक संजय कुमार सिंह ने सभी लाभुक परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को उनका अधिकार दिलाने के लिए छ्व। सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। हर भूमिहीन परिवार को जमीन और आवास उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि भूमिहीन परिवारों को अपनी जमीन मिलना उनके जीवन में स्थायित्व, सम्मान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लाभुकों से अपील करते हुए कहा कि जमीन मिलने की खुशी के साथ अपने बच्चों की शिक्षा को भी प्राथमिकता दें, क्योंकि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। बासगीत पर्चा वितरण कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सरिता संगम जी, बीडीओ वीरेंद्र कुमार जी, सीओ रवि कुमार जी एवं आरओ सचिन आनंद जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोजपा प्रखंड अध्यक्ष अरुण यादव जी, भाजपा मंडल अध्यक्ष ललन जायसवाल जी, कालिकांत निषाद जी, लच्छेंद्र सिंह जी, मुरारी प्रसाद सिंह जी, सर्वेश साह जी, अशोक सिंह जी, छोटू सिंह जी, मनोरंजन सिंह जी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



भूमिहीन बंदोबस्ती पर्चा देते विधायक

## बेटी की मौत की खबर से पिता और नानी बदहवास, बबली की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया

**नानी का रो-रोकर बुरा हाल था, गांव की महिलाएं उन्हें संभालने और ढांढस बंधाने में जुटी, घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।**

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** बरैठ पंचायत के गढ़ अमृता वार्ड नंबर 1 में मंगलवार को नल में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को बचाने पहुंचे उसके मामा भी करंट की चपेट में आकर झुलस गए। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, सलखुआ थाना क्षेत्र के करहड़ा वार्ड नंबर-3 निवासी अचंद्र यादव की 10 वर्षीय पुत्री बबली कुमारी इन दिनों अपनी ननिहाल गढ़ अमृता में नानी के घर रह रही थी। मंगलवार को नानी ने उसे बकरी देखने के लिए भेजा था। इसी दौरान प्यास लगने पर वह पानी पीने के लिए नल चलाने पहुंची। बताया जा रहा है कि नल में मोटर लगा था। मोटर में विद्युत गड़बड़ी के कारण नल में करंट प्रवाहित हो रहा था। बबली ने जैसे ही नल चलाया, वह करंट की चपेट में आ गई। बच्ची को तड़पता देख उसके मामा बब्लेश कुमार उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गए। इस दौरान बब्लेश झुलस गए। परिवार के अन्य सदस्यों ने किसी तरह बिजली के तार को खींचकर अलग किया, जिसके बाद दोनों को करंट से अलग किया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही बच्ची के पिता अचंद्र यादव गढ़ अमृता के लिए रवाना हो गए। वहीं, सूचना पर सोनवर्षाराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए जांच शुरू कर दी।



बबली की मौत पर रोती नानी

## वर्ल्ड फिजीयोथेरेपी दिवस समारोह आयोजित, फिजियोथैरेपी में असीम संभावनाएंः डा राजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सोनवर्षा नगर पंचायत क्षेत्र स्थित रामचंद्र विद्यापीठ पैरामेडिकल व नर्सिंग कॉलेज में मंगलवार को वर्ल्ड फिजियोथैरेपी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर फिजियोथैरेपी और स्वस्थ जीवन के योग के महत्व पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजन कुमार सिंह, बीपीटी व बीओटी के विभागा अध्यक्ष डॉक्टर दानिश, पैरामेडिकल विभागाअध्यक्ष बबलू कुमार साह एवं नर्सिंग प्राध्यापक नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्राचार्य डॉक्टर राजन कुमार सिंह ने कहा कि फिजियोथैरेपी का समाज में महत्व बढ़ रहा है और यह भारतीय सेना से लेकर जिला अस्पताल तक सभी चिकित्सा विभागों में आवश्यक है. उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए फिजियोथेरेपी एक प्रमुख निदान है। बीपीटी के विभाग अध्यक्ष ने छात्रों को वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फिजियोथैरेपी ने भारतीय चिकित्सा पद्धति को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान निभाया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत नृत्य, भाषण, ड्रामा की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की सांस्कृतिक झलक ने समारोह में विशेष आकर्षण और रंग भर दिया। मौके पर रामचंद्र विद्यापीठ पैरामेडिकल नर्सिंग के प्रशासनिक पदाधिकारी संजीत कुमार खां प्रशासनिक सहायक अनिकेत कुमार लेखपाल मनोज कुमार स्वागती ज्योति कुमारी एवं सत्यम कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते चिकित्सक व

## 'विकसित भारत क्विज' में युवाओं की भागीदारी का आह्वान, राष्ट्रीय स्तर पर चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री जी के समक्ष विचार प्रस्तुत करने का मिलेगा अवसर

**सहरसा (एनएसबी)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा मेरा युवा भारत, सहरसा देहात के तत्वावधान में युवाओं की प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ह्यविकसित भारत क्विजह्न का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी, तृप्ति जैन मेरा युवा भारत, सहरसा देहात ने जिले के पात्र युवाओं से इस प्रतियोगिता में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप राष्ट्रीय युवा महोत्सव का पुनर्गठन ह्यविकसित भारत युवा संवादह्न के रूप में किया गया है। इसी क्रम में 30वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, विकसित भारत युवा संवाद 2027 का आयोजन प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना तथा उनमें नवाचार, रचनात्मक चिंतन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता पांच चरणों में आयोजित होगी। क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन, जिला स्तरीय चैंपियनशिप एवं प्रस्तुतीकरण, राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संवाद एवं प्रस्तुतीकरण, राष्ट्रीय स्तर पर संवाद एवं प्रस्तुतीकरण। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री जी के समक्ष अपने विचार एवं दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा। यह युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को राष्ट्रीय मंच पर रखने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस प्रतियोगिता में भागीदारी पूर्णतः निःशुल्क है। सफल प्रतिभागियों को विकसित भारत 2047 की परिकल्पना में अपने विचारों एवं रचनात्मक योगदान के माध्यम से सहभागी बनने का अवसर मिलेगा। जिला युवा अधिकारी ने जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अधिकाधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लें और ह्यविकसित भारतह्न के निर्माण में युवा शक्ति की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें।




खेल मंत्रालय, भारत सरकार

### दशकों से सड़क निर्माण का इंतजार, खेत की पगडंडी से आवागमन को मजबूर वार्डवासी

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 23 में सड़क निर्माण नहीं होने से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। दशकों से सड़क की बाट जोह रहे दर्जनों परिवारों को आज भी खेतों के बीच बने कच्चे और संकरे रास्ते से ही आवागमन करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार बच्चों को स्कूल जाने से लेकर युवाओं और अन्य लोगों को रोजगार व जरूरी कामों के लिए इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। बारिश के मौसम में रास्ते में घुटने भर तक पानी जमा हो जाता है। जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। लोग पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरने को मजबूर हैं। वार्डवासी प्रकाश मेहता, ओमप्रकाश यादव, हेमा श्रीवास्तव, साहिल और राजीव सहित अन्य लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर कई बार यहां के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक आश्वासन के अलावा कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारियों से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है, ताकि वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके। गौरतलब है कि सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र में हाल के दिनों में सड़क निर्माण और चैड़ीकरण से जुड़ी कई योजनाएं सामने आई हैं, लेकिन वार्ड 23 के इस हिस्से में अभी तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि उनकी समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जाए।

### धर्मपरायणा व समाजसेविका के निधन, पत्रकार को मातृ शोक

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के न्यू कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त सहरसा कलेक्ट्रेट के नाजिर उदित नारायण दास की धर्मपत्नी 80 वर्षीय अहिल्या देवी का पिछले दिन निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। इलाज के दौरान निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्री माधुरी वर्मा, संगीता पुत्र राकेश कुमार ,पत्रकार राजेश कुमार, नाती, नतिनी, पोते पोती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन पर अरविंद कुमार वर्मा, पुष्पलता, अतुल कुमार, विद्यानंद वर्मा, स्वर्णलता, वीणा वर्मा, डॉली कुमारी, निशा रानी, राजीव रंजन, डा.पी के वर्मा, पंकज कुमार, तरुण झा, मेजर गौतम, मोहन वर्मा, दिलीप दिवाकर, विजय झा, दीपक कुमार, प्रज्ञा प्रसून, प्राची प्रसून, प्रणव प्रसून, तमन्ना, नित्या, आर्या अरुणित राज, इंद्रशेखर कर्ण सहित अन्य ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।



## 216 फीट कांवर के साथ बाबा नगरी पहुंचे हजारों कांवरिया, बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा कांवरिया पथ, देर रात तक हुआ जलाभिषेक

**कारु खिरहरी, मां तारा स्थान, बाबा मटेश्वर धाम व मां कात्यायनी मंदिर को कॉरिडोर से जोड़ने की पहल, मंत्री से मिलने की विधायक ने दी जानकारी**

**सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** 30वें मटेश्वर महोत्सव के अवसर पर डाक एवं कांवरिया संघ की ओर से बाबा मटेश्वर को समर्पित 216 फीट के विशाल कांवर के साथ निकली कांवरिया पदयात्रा रविवार को बाबा मटेश्वर धाम पहुंची। हजारों कांवरियों के बाबा नगरी पहुंचते ही पूरा कांवरिया पथ बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कांवरियों के उत्साह और भक्ति से पूरा माहौल शिवमय हो गया। बाबा मटेश्वर धाम पहुंचने के बाद कांवरियों ने अद्भुत शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित कर जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। देर रात तक जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। 216 फीट के विशाल कांवर को देखने के लिए रास्ते में जगह-जगह लोगों की भीड़ जुटी रही। श्रद्धालु कांवर के दर्शन कर बाबा मटेश्वर के जयकारे लगाते नजर आए। कांवरियों की सेवा के लिए मार्ग में जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए थे। शिविरों में ठंडा पानी, शर्बत, भोजन समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। लंबी पदयात्रा कर पहुंचे कांवरियों को इससे काफी राहत मिली। जलाभिषेक के बाद रविवार शाम मंदिर परिसर में डाक एवं कांवरिया संघ की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक संजय कुमार सिंह, न्यास समिति के सचिव संतोष सिंह, डाक एवं कांवरिया संघ के अध्यक्ष मुन्ना भगत, कोषाध्यक्ष कृष्ण कन्हैया खेतान, मुखिया सह न्यास समिति सदस्य संजीव जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह, पंसस परितोष कुमार अंशु, कृष्ण कन्हैया तथा बोल बम सेवा समिति के पंकज भगत, बम-बम गुप्ता और फुलेश्वर रजक सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर विधायक संजय कुमार सिंह ने कहा कि भादो मास के बाद बाबा की कृपा से मंदिर निर्माण का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। बाबा मटेश्वर का मंदिर भव्य और अलौकिक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा मटेश्वर धाम आने वाले समय में क्षेत्र के विकास और पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेगा। विधायक ने 216 फीट की कांवर यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह यात्रा कल्पना से भी ऊपर है। भारी-भरकम कांवर के साथ 15 से 20 हजार श्रद्धालु तीन दिनों में करीब 80 से 90 किलोमीटर की यात्रा पूरी करते हैं। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए भोजन, आवासन और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि कारु खिरहरी, मां तारा स्थान, बाबा मटेश्वर धाम और धमारा घाट स्थित मां कात्यायनी मंदिर को कॉरिडोर से जोड़ने के लिए मंत्री से मुलाकात की गई है। मंत्री की ओर से भी भरोसा दिया गया है। उनका प्रयास रहेगा कि इन प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाला कॉरिडोर बनाया जाए। इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। कार्यक्रम में बीडीओ मोहन कुमार सिंह, सीओ नवीन कुमार, आरओ खुशबू कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। अतिथियों ने 216 फीट की कांवर के साथ बाबा नगरी पहुंचे कांवरियों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भक्ति, सेवा और आपसी सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत भजन गायक विक्रम बिहारी ने गणेश वंदना से की। इसके बाद भजन गायक शुभम भास्कर, अर्चना गोस्वामी और सोनम श्री ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। भजनों की मधुर धुन पर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। कलाकारों ने बाबा मटेश्वर की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु तालियां बजाते और बाबा मटेश्वर के जयकारे लगाते रहे। देर शाम तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम से मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।



216 फीट कांवर

# खगड़िया में 1,59,492 जनसंख्या बाढ़ से प्रभावित : जिलाधिकारी

## डीएम विक्रम विरकर खुद राहत केन्द्रों का लिया जायजा

खगड़िया (एनएसबी)। जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों तक राहत एवं आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रभावी एवं समन्वित कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यो की सतत निगरानी करते हुए आमजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बताते चले कि जिले में कुल 1,59,492 जनसंख्या बाढ़ से प्रभावित हुई है। प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के लिए कुल 32 सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है, जहां प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आवासीय एवं अन्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अब तक 4,000 पलीथीन शीट्स का वितरण किया जा चुका है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए भी जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। अंचलाधिकारियों द्वारा अस्थायी चापाकल एवं शौचालय अधिष्ठापन हेतु की गई अधियाचनाओं के आलोक में अब तक 55 अस्थायी चापाकल एवं 16 अस्थायी शौचालय अधिष्ठापित कराए जा चुके हैं। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुढ़ रखने के उद्देश्य से जिले में कुल 06 बोट एम्बुलेंस का संचालन किया जा रहा है। इनमें गोगरी अंचल में 02, मानसी अंचल में 01 तथा खगड़िया अंचल में 03 बोट एम्बुलेंस शामिल हैं। इसके माध्यम से बाढ़ प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आमजनों के आवागमन तथा राहत एवं बचाव कार्यो को सुचारू बनाए रखने के लिए अब तक कुल 122 नावों का परिचालन किया जा रहा है। इन नावों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन के साथ-साथ राहत सामग्री एवं आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता एवं आवागमन की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। संबंधित पदाधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण एवं स्थिति की निगरानी करते हुए आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वही जिलाधिकारी के द्वारा जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बाढ़ की स्थिति, प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त सूचनाओं एवं राहत-बचाव कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं से संपर्क कर उनकी स्थिति एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सुरक्षित स्थान एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही आमजनों को निःशुल्क नाव परिचालन की सुविधा एवं उपलब्ध नावों के संबंध में नियमित रूप से जानकारी देने, नियंत्रण कक्ष में प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने तथा राहत एवं बचाव कार्यो की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम विक्रम वीरकर द्वारा खेल भवन में बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए तैयार किए जा रहे ड्राई राशन पैकेट के पैकेजिंग स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तैयार किए जा रहे राशन पैकेटों की गुणवत्ता एवं निर्धारित वजन का रैंडम रूप से सत्यापन भी किया गया। उन्होंने पैकेजिंग की प्रक्रिया, सामग्री की उपलब्धता एवं वितरण हेतु तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से राशन पैकेट तैयार कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बाढ़ की विषम परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी विक्रम वीरकर द्वारा बापू मध्य विद्यालय में संचालित सामुदायिक रसोई केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक रसोई में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं भोजन वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बाढ़ पीड़ितों के साथ स्वयं बैठकर भोजन किया और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सामुदायिक रसोई में भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बाढ़ की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आश्रय, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार जमीनी स्तर पर निगरानी की जा रही है।

## पोषण ट्रैकर को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला प्रशिक्षण

**चौथम।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईसीडीएस कार्यालय के सभाकक्ष में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए पोषण ट्रैकर से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों से बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। अलग-अलग सेक्टरों में सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के संचालन एवं इसके माध्यम से विभागीय कार्यो को अनलाइन अपडेट करने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सेविकाओं को बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का नियमित रूप से पोषण ट्रैकर ऐप पर अनलाइन संधारण और अपलोड किया जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन, नाश्ता एवं अन्य पोषण संबंधी सुविधाओं की जानकारी अनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। इसके साथ ही सेविकाओं को स्टक पंजी, टीएचआर (टेक होम राशन) वितरण, बच्चों की उपस्थिति तथा स्वास्थ्य संबंधी विवरण पोषण ट्रैकर पर अपडेट करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। बच्चों की लंबाई, वजन एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को समय-समय पर दर्ज करने और उसे अनलाइन अपडेट रखने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने सेविकाओं को मोबाइल एप के विभिन्न फीचर्स की जानकारी देते हुए बताया कि पोषण ट्रैकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों एवं बच्चों से संबंधित आंकड़ों का अनलाइन रिकर्ड तैयार किया जा रहा है। इससे विभागीय स्तर पर योजनाओं की निगरानी एवं लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के दौरान सेविकाओं को निर्देश दिया गया कि पोषण ट्रैकर पर सभी आवश्यक जानकारियों को समय पर और सही तरीके से अपडेट करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही से विभागीय कार्यो की निगरानी प्रभावित हो सकती है। इसलिए सभी सेविकाओं से पोषण ट्रैकर एप का नियमित और अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम में एलएस प्रेमलता कुमारी, रेखा कुमारी, सीमा कुमारी एवं आभा कुमारी सहित अन्य संबंधित कर्मियों ने सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान चौथम प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों की सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद रहीं।

## भाजपा ने बेला एवं हरिपुर मंडल में नए मंडल अध्यक्षों को किया मनोनीत

**खगड़िया।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष माननीय संजय सरावगी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी खगड़िया जिला इकाई द्वारा संगठनात्मक कार्यो को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में बेला एवं हरिपुर मंडल में नए मंडल अध्यक्षों का मनोनयन किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार, पूर्व में संबंधित मंडलों में मंडल अध्यक्षों द्वारा अपेक्षित रूप से संगठनात्मक कार्य नहीं किए जाने के कारण उनके स्थान पर नए मंडल अध्यक्षों का मनोनयन किया गया है। बेला मंडल के मंडल अध्यक्ष के रूप में शशि रंजन कुमार उर्फ राजू केसरी को मनोनीत किया गया है। वही हरिपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष के रूप में धीरज कुमार को मनोनीत किया गया है। जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत ने दोनों नवमनोनीत मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सशक्त एवं अनुशासित संगठन है। संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वह पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करे। नवमनोनीत मंडल अध्यक्षों शशि रंजन कुमार उर्फ राजू केसरी एवं धीरज कुमार को उनके मनोनयन पर भाजपा परिवार की ओर से लगातार बधाइयां मिल रही हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत, जिला महामंत्री ड़ इंदु भूषण कुशवाहा, नीतीश कुमार, नंदू शाह जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह जितेंद्रयादव, प्रीति प्रिया, ममता देवी जिला मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता मनीष कुमार राय एवं सहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नवमनोनीत मंडल अध्यक्षों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## बेलदौर में सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत पांच घायल

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। यह हादसा मंगलवार दोपहर बेलदौर-आलम नगर पथ पर धरक्का सिंह बासा के पास हुई। घायलों की पहचान सकरोहर पंचायत के वार्ड नंबर 5 चक्रमाणिया मुसहरी निवासी राजेश सदा की पत्नी आशा देवी जो कि प्राथमिक विद्यालय चक्रमणियां मुसहरी में रसोइया के पद पर कार्यरत है, उनके बेटे प्रेम सागर कुमार और सतीश सदा के बेटे अमर कुमार के रूप में हुई है। दूसरे मोटरसाइकिल पर पचोत पंचायत के मूसो सदा के बेटे उपहास कुमार और भरना गांव निवासी सहदेव सदा के बेटे कुंदन कुमार सवार थे। जानकारी के अनुसार, चक्रमाणिया निवासी आशा देवी अपने बेटों प्रेम सागर कुमार और अमर कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर बेलदौर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर पचोत निवासी उपहास कुमार और उनके दोस्त कुंदन सवार थे। हादसे के बाद चक्रमाणिया गांव के वार्ड सदस्य सौरभ कुमार और गौतम कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने सभी घायलों को तुरंत बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। आशा देवी के सिर में गंभीर चोट लगी है, जबकि उनके बेटे प्रेम सागर कुमार के मुंह और चेहरे पर बुरी तरह चोट लगी है। दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार उपहास कुमार की हालत भी गंभीर है उसका दायां पैर टूट गया है। बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डक्टरों ने आशा देवी, प्रेम सागर कुमार और उपहास कुमार को खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। बेलदौर पुलिस ने हादसे का शिकार हुई दोनों मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है। बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डक्टर विवेक कुमार ने बताया कि महिला सहित तीन घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें खगड़िया सदर अस्पताल भेजा गया है।

## टीबी मरीजों के बीच फल वितरण

**बेलदौर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब किया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ मुकेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी विवेक कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक यादव, बीसीएम दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, प्रकाश यादव, विजय कुमार, उमेश पंडित, एएनएम श्वेता आनंद, पूनम कुमारी और आशा फैसिलिटेटर समेत दूसरे स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। यह फूड बास्केट टीबी मरीजों को पोषण वाला खाना देने के लिए दिए गए। इसका मकसद मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना और उनके इलाज में मदद करना है। प्रभारी ड़ मुकेश कुमार ने बताया कि टीबी मरीजों के लिए संतुलित खाना बहुत जरूरी है। सरकार की इस योजना का लक्ष्य मरीजों को जल्दी ठीक करना है।बीसीएम दीपक कुमार ने जानकारी दी कि प्रखंड के चुने गए पचास टीबी मरीजों के लिए ये फूड बास्केट बांटे गए हैं। इसमें 200 ग्राम सोयाबड़ी, 500 ग्राम दलिया, 250 ग्राम रिफाइंड तेल, 2 किलोग्राम चावल, दूध पाउडर और ैक्स समेत दूसरी खाने की चीजें शामिल थे। मौके पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों को सलाह दी कि वे अपनी दवाएं समय पर लें और पौष्टिक खाना खाएं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए निकला प्रचार रथों का काफिला

## सिविल कोर्ट खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट गोगरी में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**खगड़िया (एनएसबसी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया द्वारा आगामी 12 सितंबर को सिविल कोर्ट, खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट, गोगरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का सुलह एवं समझौते के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के परिसर से प्रचार वाहनों के काफिले को जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। जिले के विभिन्न बैंकों द्वारा भी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन उपलब्ध कराया गया है। प्रचार वाहनों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया अरविन्द कुमार शर्मा, प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजय कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय पवन कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ प्रवाल दत्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंचम रुम्पा कुमारी, विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम पुष्पम कुमार झा, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय प्रभाकर झा, विशेष न्यायाधीश पोक्सो ऋषि चंदन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद यादव, सचिव नागेश्वर प्रसाद गुप्ता एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आदित्य कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम जय प्रकाश किस्कु, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ रितु कुमारी, अनुमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट गेशु, मुंसिफ सोनम कुमारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट संतोष कुमार साह, अभिनाश चंद्रा, सुश्री निष्ठा, विजय कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, यूको बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक अफ इंडिया, बैंक अफ बड़ौदा एवं अन्य बैंकों के जिला समन्वयक,मुख्य प्रबंधक, अधिवक्तागण, सिविल कोर्ट के कोर्ट मैनेजर बिपिन कुमार, नाजिर सुनील कुमार, न्यायालय कर्मी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी एवं पीएलवी सहित बड़ी संख्या में संबंधित लोग उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि प्रचार वाहनों का काफिला खगड़िया जिले के सभी प्रमुख शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में लोगों को जागरूक करेगा। प्रचार रथ के माध्यम से आम लोगों को लोक अदालत की विशेषताओं, इसके माध्यम से विवादों के त्वरित एवं सरल समाधान तथा सुलह-समझौते के आधार पर मामलों के निष्पादन से होने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के सुलहनीय एवं समझौता योग्य मामलों का त्वरित निष्पादन किया जा सकता है। लोक अदालत विवादों के समाधान का ऐसा प्रभावी माध्यम है, जिसमें पक्षकार आपसी सहमति एवं सौहार्द के आधार पर अपने विवाद का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इससे पक्षकारों के समय एवं धन की बचत होती है और लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया से भी राहत मिलती है। प्रचार अभियान के दौरान लोगों को यह भी बताया जाएगा कि वे अपने लंबित अथवा प्रीलिटिगेशन मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के माध्यम से समाप्त कराने के लिए आगे आएं। इसके लिए संबंधित न्यायालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं विधिक सेवा से जुड़े पदाधिकारियों या पीएलवी से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। श्री चंदन कुमार ने खगड़िया जिले की समस्त जनता से अपील करते हुए कहा कि लोग आपसी मतभेद एवं वैमनस्य को भुलाकर प्रेम, सौहार्द एवं आपसी सहमति के साथ अपने विवादों का समाधान राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराएं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत विवादों के त्वरित एवं सरल समाधान का बेहतर माध्यम है, जिसके माध्यम से पक्षकार अपने कीमती समय एवं धन की बचत कर सकते हैं।उन्होंने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने तथा अपने समझौता योग्य मामलों का सुलह के आधार पर त्वरित निष्पादन कराने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### मनरेगा कार्य कराने के बाद भी नहीं मिला भुगतान

**गोगरी।** मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण का कार्य कराने के बावजूद मजदूरी का भुगतान नहीं मिलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक लाभुक ने पीओ गोगरी को आवेदन देकर लंबित राशि का भुगतान कराने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के तहत उनके जमीन पर कार्य कराया गया था, लेकिन कार्य पूरा होने के बावजूद अब तक मजदूरी की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। लाभुक का कहना है कि भुगतान के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से मामले की जांच कर लंबित मनरेगा भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। आवेदन के साथ संबंधित कार्य एवं लाभुक से जुड़े विवरण भी दिए गए हैं। मनरेगा में मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाना प्रावधानों का हिस्सा है। वहीं इस मामले मे जब उक्त पंचायत के पीआरएस अजय कुमार से बात करने के लिए उनके मोबाइल पर फोन किया गया तो उनकी छोटी बेटी ने कहा की पापा नहा रहे है। जबकि उस समय दो बज रहे थे। इस मामले मे पीओ मिलन कुमार से बात की गयी तो उन्होंने कहा की राशि नहीं मिलने की शिकायत मिली है। इसको अच्छी तरह देख लेते हैं। वहीं पीआरएस के द्वारा ड्यूटी के समय नहाने के बारे मे कहा की इसकी जाँच की जाएगी। आखिर ड्यूटी के समय पीआरएस उस समय घर मे क्यों था। हालांकि उन्होंने कहा की उक्त पीआरएस पौरा, पैकांत और वासुदेवपुर में कार्यरत है।

### कर्ज के तनाव में घर से भाग गया था युवक

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के बीपी मंडल सेतु से बीते एक सितंबर की रात में 32 वर्षीय युवक कोसी नदी में छलांग लगाने के संदेह में बीते 2 से 4 सितंबर तक एसडीआरएफ की टीम एवं परिजनों के द्वारा कोसी नदी की खाक छानती रही तब भी युवक का पता नहीं चल पाया था। वहीं महेशखूंट थाना क्षेत्र के राजधान गांव निवासी गोपाल सिंह अपने 32 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार का कोसी नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का घटना को लेकर आवेदन दिया गया था। जहां बेलदौर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया था। इसके बाद युवक की पत्नी विनीता कुमारी एवं दो छोटे-छोटे पुत्र एवं पुत्री तथा माता-पिता का आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा था। बीते 6 सितंबर की देर शाम को युवक ने पटना से पत्नी विनीता को फोन कर बताया हम जीवित है, इसके बाद युवक समस्तीपुर के से अपने घर लौटा जहां परिजनों के द्वारा 164 का बयान देने के लिए बेलदौर थाना लाया। उक्त युवक प्रीतम कुमार ने बताया कि गांव के युवकों के द्वारा कर्ज वसूली को लेकर बराबर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था जिस कारण हमने कोसी नदी में आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसी दौरान मेरे दो छोटे-छोटे पुत्र एवं पुत्री का ख्याल आया इस समय पटना के लिए गाड़ी जा रही थी जिस पर चढ़कर पटना चले गए। दो रातें पटना रेलवे स्टेशन पर बिताने के बाद समस्तीपुर चले गएं। वहां से अपनी पत्नी को सारी घटना की जानकारी दी। कर्ज को लेकर युवक के द्वारा बराबर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था और धमकी दिया किसी दिन तुम्हारी हत्या कर देंगे।

### दिव्यांग फेरीवाले से हथियार के बल पर लूटपाट

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग फेरीवाले से हथियार के बल पर लूटपाट की घटना सामने आई है। बदमाशों ने उससे मोबाइल फोन और नगदी छीन ली। यह वारदात मंगलवार सुबह करीब 11 बजे खैरा बासा नहर के पुलिया के पास हुई। पीड़ित की पहचान डुमरी पंचायत के नारदपुर वार्ड नंबर 4 निवासी विष्णु देव महतो के 42 वर्षीय बेटे पंकज महतो के रूप में हुई है। पंकज ने बेलदौर थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। पंकज ने आवेदन में बताया कि वह रोज की तरह अपनी ट्राई साइकिल पर अगरबत्ती और मंजन बेचने के लिए बेला नौवाद और पीरनगरा गांव जा रहे थे। खैरा बासा नहर मार्ग से गुजरते समय पुलिया के पास एक लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने हथियार दिखाकर रेडमी मोबाइल और 2500 रुपए नगद छीन लिए और भाग गए। वारदात के दौरान बदमाशों की मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट ढका हुआ था।बता दें कि पीड़ित पंकज जन्म से ही दिव्यांग हैं और उनकी पत्नी भी दिव्यांग हैं। इस घटना से उनका परिवार काफी परेशान है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त नाव और राहत शिविर की व्यवस्था की मांग

**खगड़िया।** जिले में बूढ़ी गंडक, गंगा, बागमती और कोसी नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। बड़ी संख्या में लोग बाढ़ के पानी से घिर गए हैं और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए पलायन करने लगे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था, राहत शिविरों का संचालन तथा राहत एवं बचाव कार्य तत्काल तेज करने की मांग की है। सांसद ने पत्र में कहा है कि खगड़िया सदर प्रखंड के रहीमपुर उत्तर, रहीमपुर दक्षिण और रहीमपुर मध्य पंचायतों के लोग चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। इसके अलावा खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 बापू नगर बालुवाही, वार्ड संख्या 30 बालुवाही एवं वार्ड संख्या 5 रामचन्द्रा भी बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। वहीं, परबत्ता प्रखंड में बाढ़ का दायरा काफी अधिक बताया गया है। यहां जोरावरपुर, तेमथा करारी, दरियापुर भेलवा, लगार, कबेला, माधवपुर, कुल्हड़िया, भरसों, सौढ़ उत्तरी एवं सौढ़ दक्षिणी पंचायतें बाढ़ की चपेट में हैं। इसी प्रकार गोगरी प्रखंड के इटहरी, बन्नी, बोरना एवं रामपुर पंचायत सहित गोगरी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 मीरगंज, वार्ड संख्या 19 शारदा नगर एवं यशोदा नगर भी प्रभावित हैं। सांसद ने पत्र में मानसी प्रखंड के मानसी नगर पंचायत अंतर्गत मटिहानी और जालिम बाबू टोला सहित चपौरी में भी बाढ़ की स्थिति का उल्लेख किया है। राजेश वर्मा ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के सुरक्षित आवागमन और आवश्यक सामान पहुंचाने के लिए पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करना जरूरी है। जिन क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैल चुका है और लोगों के विस्थापित होने की स्थिति बन रही है, वहां आवश्यकतानुसार राहत शिविरों का संचालन अविलंब शुरू कराया जाना चाहिए। उन्होंने राहत शिविरों में प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पेयजल, चिकित्सा, शौचालय सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। सांसद ने कहा कि बाढ़ के दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन को सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पत्र में सांसद ने पशुपालकों की समस्याओं का भी विशेष रूप से उल्लेख किया है। बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसे में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए पर्याप्त पशुचारा और आवश्यक चिकित्सा सुविधा भी तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। सांसद ने जिलाधिकारी से कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की टीम लगातार स्थिति का जायजा ले और जरूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई जाए। साथ ही, आवश्यकता के अनुसार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सबसे जरूरी है कि बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर राहत मिले और उनके आवागमन, भोजन तथा स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान हो। सांसद ने जिलाधिकारी से नावों की पर्याप्त व्यवस्था, राहत शिविरों का संचालन और आवश्यक राहत एवं बचाव कार्य तत्काल सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। सांसद प्रतिनिधि पवन जायसवाल ने बताया कि बाढ़ की स्थिति देखते हुए उनके पहल पर कुल 5 जगहों आपर सामुदायिक किचेन शुरू किया गया है। जिसमें बापू मध्य विद्यालय, पूर्वी ठाठा के चौधा बांध, मटिहानी और जालिम बाबू टोला शामिल है। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि और भी जगह पर मंगलवार से कम्युनिटी किचेन शुरू किया जाएगा। जिसके लिए वे जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं।

### दर्जनों महिलाओं ने सीओ से जमीन की पर्चा देने की मांग

**चौथम।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नीरपुर पंचायत के महादलित टोला की दर्जनों महिलाएं ने पर्चा की समस्या को लेकर चौथम अंचल कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने अंचल अधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और लंबे समय से लंबित जमीन के पर्चा उपलब्ध कराने की मांग की। अंचल कार्यालय पहुंची महिलाओं ने बताया कि जमीन से संबंधित कागजात और पर्चा नहीं रहने के कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि वे लंबे समय से अपनी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी है। पर्चा नहीं मिलने के कारण जमीन पर अपने अधिकार से जुड़े कार्यो के साथ-साथ आवास और अन्य जरूरी सरकारी प्रक्रियाओं में भी उन्हें कठिनाई हो रही है। महिलाओं ने अंचल अधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि उनके मामले की स्थलीय और कागजी स्तर पर जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। उन्होंने मांग की कि यदि नियमानुसार उन्हें जमीन का पर्चा दिए जाने का अधिकार है तो आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर जल्द से जल्द पर्चा उपलब्ध कराया जाए। महिलाओं का कहना था कि वे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आती हैं और जमीन से जुड़ी समस्याओं के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी परेशानी हो रही है। कई महिलाओं ने बताया कि जमीन और आवास से संबंधित कागजात उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में पर्चा मिलने से उन्हें अपने अधिकारों को सुरक्षित करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सहूलियत होगी। इस दौरान महिलाओं ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उनके आवेदन और शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई होती है तो उन्हें काफी राहत मिलेगी। महिलाओं ने यह भी कहा कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे दोबारा सामूहिक रूप से अंचल कार्यालय पहुंचकर अपनी मांग अधिकारियों के समक्ष रखेंगी। वहीं, अंचल अधिकारी ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामले की जानकारी लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अंचल अधिकारी के आश्वासन के बाद महिलाएं वापस लौटीं। महिलाओं के सामूहिक रूप से अंचल कार्यालय पहुंचने से जमीन के पर्चा से जुड़ी समस्या एक बार फिर प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से सामने आई है। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि जांच के बाद उनकी वर्षो पुरानी समस्या का समाधान होगा और पात्र लाभुकों को नियमानुसार जमीन का पर्चा उपलब्ध कराया जाएगा।

### जीवन प्रमाणीकरण को लेकर घर-घर जाएंगे कर्मी

**चौथम।** बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में अब प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण को लेकर सरकारी कर्मी घर-घर पहुंचेंगे। इस दौरान पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण करने के साथ-साथ ऐसे लाभार्थियों की भी पहचान की जाएगी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। मृत लाभार्थियों का रिकर्ड तैयार कर संबंधित विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि पेंशन योजना के डेटाबेस को अद्यतन किया जा सके। प्रखंड कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार पेंशन योजना के तहत प्रत्येक पेंशनधारी का निर्धारित समय पर जीवन प्रमाणीकरण कराया जाना अनिवार्य है। इसी उद्देश्य से पंचायतवार रोस्टर तैयार कर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त कर्मी अपने निर्धारित क्षेत्र में जाकर पेंशनधारियों का सत्यापन करेंगे और उनके जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। अभियान के दौरान कर्मियों को यह भी जिम्मेदारी दी गई है कि वे घर-घर जाकर यह पता लगाएं कि संबंधित पेंशनधारी जीवित हैं अथवा उनकी मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु हो चुके पेंशनधारियों की पहचान होने के बाद उनका विवरण अलग से तैयार कर विभागीय रिकर्ड में आवश्यक सुधार किया जाएगा। बताया गया कि पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण एवं डेटाबेस को समय पर अपडेट नहीं किए जाने के कारण पेंशन से संबंधित प्रक्रियाओं में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। इसी को देखते हुए सरकार की ओर से जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्देश दिया गया है। इससे वास्तविक लाभार्थियों को पेंशन का लाभ निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने और मृत लाभार्थियों के नाम रिकर्ड से हटाने में सहायता मिलेगी।इस अभियान की जिम्मेदारी कल्याण विभाग से जुड़े कर्मियों के साथ टोला सेवक, विकास मित्र एवं अन्य संबंधित कर्मियों को सौंपी गई है। पंचायतवार निर्धारित रोस्टर के अनुसार कर्मी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पेंशनधारियों का सत्यापन करेंगे।प्रखंड स्तर से संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे अभियान में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण पूरा करें। साथ ही क्षेत्र में किए गए सत्यापन की रिपोर्ट तैयार कर जल्द से जल्द प्रखंड कार्यालय में जमा करने की हिदायत दी गई है।अधिकारियों का मानना है कि इस प्रक्रिया से पेंशन योजना के रिकर्ड को अधिक व्यवस्थित और अद्यतन किया जा सकेगा तथा वास्तविक पेंशनधारियों को सरकारी योजना का लाभ सुचारू रूप से मिलता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मंच पर तालियां नहीं, तैयारी बोलती है : आमोद कुमार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ प्रखंड अंतर्गत कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा विगहा के मृदुभाषी एवं शिक्षकों के चहेते समन्वयक आमोद कुमार ने कहा कि मंच पर मिलने वाली तालियां किस्मत का खेल नहीं, बल्कि निरंतर तैयारी और अभ्यास का परिणाम होती हैं।उन्होंने कहा कि अच्छा मंच संचालक वह नहीं जो सबसे अधिक बोले, बल्कि वह है जो कम शब्दों में श्रोताओं के दिल तक पहुंच जाए। प्रभावी मंच संचालन के लिए विषय की समझ, समय-बोध, शब्दों का चयन, आवाज का उतार-चढ़ाव और श्रोताओं की नब्ज पहचानना बेहद जरूरी है।आमोद कुमार ने कहा कि मंच पर दिखाई देने वाला आत्मविश्वास अचानक पैदा नहीं होता। उसके पीछे तैयारी, अभ्यास और आत्मविश्वास की लंबी साधना होती है। माइक अवसर दे सकता है, लेकिन तालियां अपनी योग्यता और तैयारी से ही मिलती हैं।उन्होंने युवाओं और मंच संचालन में रुचि रखने वालों को संदेश देते हुए कहा कि मंच पर प्रभाव छोड़ने के लिए बोलने से पहले सुनना, समझना और तैयारी करना सीखें। किस्मत कभी मंच तक पहुंचा सकती है, लेकिन तैयारी ही उस मंच पर पहचान दिलाती है।

### काला दियारा में बाढ़ पीड़ितों से मिले सांसद पप्पू यादव

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जन अधिकार पार्टी के सांसद पप्पू यादव मंगलवार को बख्तियारपुर के काला दियारा पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रभावित



पप्पू यादव बाढ़ प्रभावित पीड़ितों के सहायतार्थ राशि प्रदान करते हुए।

परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित करने के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सांसद ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए पीड़ितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।
इसी दौरान गंगा के बीच एक शव दिखाई देने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव किसका है, इसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शव को बाहर निकालकर पहचान कराने और मामले की जांच की मांग की।

### गंगा के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ में भयावह हालात, आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर और बाढ़ से उत्पन्न गंभीर स्थिति को देखते हुए बाढ़ विधायक ड़ सियाराम सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बाढ़ विधानसभा क्षेत्र को तत्काल आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के कई गांव जलमग्न हैं तथा कटाव, फसल बर्बादी, सड़क क्षति और घरों में पानी घुसने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। उन्होंने सरकार से प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल राहत सामग्री, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, पशु चारा एवं पुनर्वास की व्यवस्था कराने के साथ क्षति का सर्वे कराकर मुआवजा एवं विशेष सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

### कसहा में बाढ़ के पानी में डूबने से व्यक्ति की मौत



कसहा गांव में डूबने से युवक की मौत , मोकामा।

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा थाना क्षेत्र के कसहा गांव में बुधवार को बाढ़ के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि व्यक्ति शौच के लिए घर से बाहर गया था, इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने शव को पानी से बाहर निकाला। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीआरएम ने बरियारपुर-कल्याणपुर के बीच रेलवे पुल के नीचे जलस्तर का लिया जायजा

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी के बीच रेल परिचालन की सुरक्षा को लेकर मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता मंगलवार को रेलवे ट्रैक पर उतर गए। अधिकारियों की टीम के साथ उन्होंने भागलपुर-जमालपुर-किउल रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया। इस दौरान विशेष रूप से बरियारपुर-कल्याणपुर के बीच रेलवे पुल के नीचे बढ़ते जलस्तर की स्थिति को देखा और अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।डीआरएम ने पुल और ट्रैक के समीप उतरकर जलस्तर का जायजा लिया। उन्होंने परिचालन से जुड़े अधिकारियों को मानसून के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए ट्रेनों का परिचालन कराने का निर्देश दिया। साथ ही बरियारपुर-कल्याणपुर रेलखंड पर लगातार विशेष निगरानी रखने को कहा।





रेलवे ट्रैक पर उतरकर जायजा लेते डीआरएम।

डीआरएम ने कहा कि गंगा के जलस्तर में फिलहाल स्थिरता आई है। वर्तमान स्थिति में रेल परिचालन के लिए कोई खतरा नहीं है। हालांकि, सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेलखंड पर 24 घंटे मानसून पेट्रोलिंग कराई जा रही है, ताकि जलस्तर अथवा ट्रैक की स्थिति में किसी भी तरह का बदलाव होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।
उन्होंने सबौर से रतनपुर स्टेशन तक ट्रेनों की गति 30 किलोमीटर प्रति घंटे रखने का निर्देश दिया। वहीं जमालपुर से किउल के बीच रेलखंड को फिलहाल सुरक्षित बताते हुए ट्रेनों का परिचालन 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से जारी रखने को कहा।
रेलखंड का निरीक्षण करने के बाद डीआरएम जमालपुर स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार और यात्रियों से बातचीत कर यात्री सुविधाओं की स्थिति जानी। इसके बाद वे मालदा के लिए रवाना हो गए।
मौके पर आरपीएफ कमांडेंट अरुण कुमार बेहरा, एईएन लाइन राजीव कुमार, सीएचआई पंकज कुमार सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे।

## शराब खोजने पहुंची उत्पाद पुलिस अनाज बिखरने पर भड़के ग्रामीण

**जमालपुर (मुंगेर) ।** शराब के खिलाफ अभियान चलाने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम को एक बार फिर ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। सोमवार की देर रात जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बस्ती में तीन वाहनों से पहुंची उत्पाद विभाग की टीम एक घर में शराब की तलाश में छापेमारी करने पहुंची थी। ग्रामीणों के अनुसार संबंधित घर में शराब नहीं मिलने के बाद टीम ने आसपास के घरों में भी तलाशी शुरू कर दी। इसी बात को लेकर ग्रामीण भड़क गए और टीम का विरोध शुरू कर दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि तलाशी के दौरान जब लोगों ने बिना उचित प्रक्रिया के घरों में प्रवेश करने और महिलाओं को परेशान करने को लेकर सवाल किया तो उत्पाद विभाग के कर्मियों ने कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया। किसान मुकेश कुमार ने आरोप लगाया कि उनके घर में शराब नहीं मिलने के बाद भी सर्च के नाम पर घर में रखा अनाज इधर-उधर बिखेर दिया गया, जिससे अनाज बर्बाद हो गया।मुकेश ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम के रवैये का जब पड़ोसियों ने विरोध किया तो उनके घर में भी तलाशी ली गई और उन्हें बुरा-भला कहा गया। देखते ही देखते काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए उत्पाद विभाग की टीम मौके से निकल गई।मामले को लेकर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने ऐसी किसी छापेमारी की जानकारी से इनकार किया है। वहीं, उत्पाद विभाग के अधिकारियों से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने मामले पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।गौरतलब है कि तीन सितंबर को सफिया सराय थाना क्षेत्र के हसनगंज मुसहरी गांव में भी छापेमारी के दौरान ग्रामीणों ने उत्पाद विभाग की टीम को खदेड़ दिया था। इस दौरान उत्पाद विभाग के वाहन का शीशा तोड़े जाने की घटना भी सामने आई थी। लगातार दूसरी घटना के बाद शराबबंदी अभियान के दौरान उत्पाद विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## विक्रमशिला की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत, रेल ट्रैक पर मिला शव

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर-दशरथपुर रेलखंड के फुल्का गुमटी के समीप मंगलवार सुबह डाउन लाइन पर करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। शव देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। भीड़ के कारण रेल परिचालन कुछ देर के लिए प्रभावित रहा।रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले का सत्यापन किया। वहीं, जमालपुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। आसपास के लोगों ने बताया कि मंगलवार सुबह विक्रमशिला एक्सप्रेस के गुजरने के दौरान रेलवे ट्रैक के समीप युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। प्रथमष्टया आशंका जताई जा रही है कि विक्रमशिला एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत हुई होगी। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।जमालपुर पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। इधर, रेल थाना अध्यक्ष स्वराज कुमार ने बताया कि घटना रेल थाना क्षेत्र में नहीं होने के कारण जमालपुर थाना की पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। घटनास्थल पर आरपीएफ के एएसआई वाई पाठक, पीटीसी आशीष कुमार, जमालपुर थाना के एएसआई अखिलेश कुमार तथा टाइगर मोबाइल की टीम मौजूद रही।



रेलवे ट्रैक पर अज्ञात शव मामले की जांच करते पुलिस।

## घर के सामने खड़ी बाइक में लगी आग, वाहन जलकर राख

### घटना के बाद वाहन मालिक ने थाना में दिया आवेदन

**जमालपुर (मुंगेर) -** आदर्श थाना जमालपुर क्षेत्र के सदर बाजार स्थित ताराचंद गली में घर के सामने खड़ी एक बाइक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।वाहन मालिक ताराचंद गली सदर बाजार निवासी विवेक कुमार बताया कि घटना को लेकर जमालपुर थाना में कार्रवाई को लेकर लिखित आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग किए हैं। वाहन मालिक विवेक कुमार ने बताया कि टीवीएस अपाची बाइक घर के सामने खड़ी कर रखी थी। कुछ देर बाद जब वह घर से बाहर निकले तो बाइक में आग लगी हुई देखी। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। लोगों की तत्परता से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बाइक को काफी नुकसान पहुंच चुका था।वाहन मालिक ने थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान से घटना को दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस द्वारा मामले की जांच के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो सकेगा।



अपाचे मोटरसाइकिल में लगी आग।

## एटीएम में कार्ड फंसने के बाद खाते से चार बार में निकले 1.04 लाख रुपये

**जमालपुर (मुंगेर) ।** जमालपुर थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड फंसने के बाद बैंक खाते से चार अलग-अलग चरणों में कुल 1,04,999 रुपये की अवैध निकासी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पंकज कुमार ने जमालपुर थाना प्रभारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।पुलिस को दिए आवेदन में पंकज कुमार ने बताया कि पिछले 6 सितंबर 2026 को कुमार स्टेशन के सामने स्थित एसबीआई एटीएम से रुपये निकालने के दौरान उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। इसी दौरान उन्होंने एटीएम मशीन पर अंकित एक मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर बताया कि एटीएम मशीन खराब है और कार्ड फंस गया है। उसने पंकज कुमार को जुबली वेल स्थित एसबीआई शाखा जाने की सलाह दी। साइबर ठगी के शिकार पंकज ने बताया कि फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने कथित रूप से कहा कि कार्ड को ब्लक कर दिया गया है और सोमवार को बैंक खुलने पर कार्ड मिल जाएगा। इसके बाद पंकज कुमार को जब अपने बैंक खाते की जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि उनके एसबीआई खाते से चार बार में कुल 1,04,999 रुपये निकाल लिए गए थे। निकासी से संबंधित विवरण और अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति आवेदन के साथ पुलिस को उपलब्ध कराई गई है।पीड़ित ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कराने, अवैध रूप से निकाली गई राशि का पता लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



पीड़ित।

# बाढ़ पीड़ितों का विश्वास जीतना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी : डीडीसी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर प्रखंड की बाढ़ प्रभावित पांच पंचायतों में पीड़ित परिवारों की स्थिति और राहत कार्यो की समीक्षा को लेकर सोमवार को नगर परिषद जमालपुर के सभा कक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने और प्रशासन के राहत कार्यो में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।डीडीसी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों का विश्वास जीतना जनप्रतिनिधियों का पहला दायित्व है। जनता को जब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर भरोसा होगा, तभी राहत कार्य प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकेगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। लोगों को धैर्य रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधि उनके सुख-दुख के साथी हैं।उन्होंने बताया कि जमालपुर प्रखंड की पांच पंचायतों में बाढ़ का प्रभाव है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं भोजन की व्यवस्था के लिए 15 स्थानों पर सामुदायिक रसोई शुरू करने की तैयारी की गई है। इसके अलावा सरकारी स्तर पर आवश्यकतानुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।बैठक में सिंघिया, परहम, इंद्ररुख पश्चिम, रामपुर कला और इटली पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए शौचालय, पेयजल तथा पशुओं के लिए तत्काल चारा उपलब्ध कराने की मांग रखी। प्रताप नारायण चौधरी, मुकेश कुमार, जवाहर साह, लालू यादव, नीरज कुमार, मुकेश कुमार मंडल, राजीव कुमार ठाकुर, दीपक कुमार, प्रीतम कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।बैठक में अपर समाहर्ता प्रिया कुमारी, बीडीओ श्वेता कुमारी, सीओ प्रीति कुमारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुनीलाल मंडल, उपाध्यक्ष मनीष गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने आपदा की घड़ी में बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ मिलकर राहत कार्य को गति देने का संकल्प लिया।





बाढ़ राहत को लेकर समीक्षा बैठक करते डीडीसी।

## संक्षिप्त खबरें

### वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी

जमालपुर (मुंगेर) - जमालपुर पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सदर बाजार निवासी गुड्डु बिंद और चंदन बिंद के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित एक कांड में लंबे समय से फरार चल रहे थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने उनके घर पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### रिया रुई दास के गोल से दार्जिलिंग ने झारखंड को हराया

**जमालपुर (मुंगेर) -** जेएसए मैदान, जमालपुर में रविवार को छठे अय कुमार सिंह बच्चन मेमोरियल महिला फुटबल टूर्नामेंट का चौथा मुकाबला झारखंड एवं दार्जिलिंग टीम के बीच खेला गया। खेले गए मैच का पहला गोल दार्जिलिंग टीम की ओर से जर्सी



अतिथि के साथ दार्जिलिंग की टीम।

नंबर 14 के रिया रुई दास ने 36 वे मिनट में कर अपनी टीम को 1 - 0 से बढ़त में ला दिया। वहीं दूसरे गोल के लिए झारखंड की टीम मैदान में जमकर अकर्मक रूप दिखाया पर मैच के समाप्ति तक गोल नहीं कर पाई। इस तरह दार्जिलिंग ने झारखंड को 1 - 0 हराकर टूर्नामेंट में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। मैच के मुख्य अतिथि बाक पंचायत की पूर्व मुखिया बेबी देवी, विशिष्ट अतिथि राजद नेता पंकज यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका हौसला बढ़ाते हुए आयोजन को बधाई दिए। इधर मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दार्जिलिंग के खिलाड़ी रिया रुई दास को बेस्ट 22 का पुरस्कार अतिथि के हाथों दिया गया।रेफरी की भूमिका संतोष कुमार,मनीष कुमार, शिवरत गौतम, और मोहम्मद सलाम ने निभाई।आयोजन को सफल बनाने में डिप्टी विद्युत बीपीके मिंस सचिव रामगोपाल शर्मा सहित सज्जन सिंह, प्रहलाद राउत, रिंकू सिंह, अनिल पासवान, मृत्युंजय सिंह, राकेश कुमार, दिलीप हेमवरम, मिथुन कुमार, संजय ट्विंकल का सहयोग रहा।

### सोनपुर में टिकट चेकिंग अभियान जारी

सोनपुर (एनएसबी) मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। दिनांक 07 सितंबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैस सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले ’2436’ यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे ६ ’22,08,825’ ६- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। सितंबर माह (07 सितंबर 2026 तक) में सोनपुर मंडल द्वारा कुल ’10,380’ मामलों का निपटारा करते हुए ६ ’90,32,135’ ६- का राजस्व अर्जित किया गया है। वहीं, विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक मंडल द्वारा कुल ’3,40,767’ मामलों में कार्रवाई करते हुए ६ ’26,39,20,667’ ६- का रेल राजस्व प्राप्त किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा

### बालिका विद्यालय में नई पहल की हुई शुरुआत

#### बेहतर उपस्थिति दर्ज कराने वाली छात्राएं हुई पुरस्कृत

**सोनपुर (एन एसबी)** शैक्षणिक माहौल को पहले से और बेहतर एवं सुढ़ बनाने के उद्देश्य से सारण जिलांतर्गत परसा प्रखंड के परसौना पंचायत स्थित जेडी प्रोजेक्ट महिला इंटर स्तरीय विद्यालय की ओर से टीचर अफ द मंथ एवं स्टूडेंट्स अफ द मंथ जैसी नई पहल एवं परंपरा की शुरुआत की गई है।जिसके तहत हर महीने कार्य दिवस के दौरान विद्यालय में अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाली छात्राओं एवं उत्ष्ट कार्य करने वाले चार शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर अगस्त माह में बेहतर उपस्थिति दर्ज कराने वाली छात्राओं एवं उत्ष्ट कार्य करने वाले चार शिक्षकों को सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित रंजन एवं सहायक शिक्षक अरुण कुमार ने अपनी कक्षा में अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाली कक्षा नौवीं खंड ए की छात्रा अनिशा कुमारी,अनुप्रिया कुमारी,काजल कुमारी,अक्षया कुमारी,खंड बी की छात्रा मुस्कान,मोनिका,सोनम,गुड़िया,नंदनी ,खंड सी की छात्रा आरती,जान्हवी,सलोनी,सपना ,सहीना परवीन, खुशी, करिश्मा वर्ग दशम की छात्रा स्वाति, अर्पिता एवं निशा,कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय की छात्रा बबली,काजल एवं सिमरन,कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय की छात्रा अनुप्रिया एवं रिंकी ,कक्षा बारहवीं कला संकाय की छात्रा मणि एवं अंशु को पाठ्य सामग्री देकर पुरस्त किया। ये शिक्षक भी हुए सम्मानित विद्यालय परिवार की ओर से अगस्त महीने में बेहतर कार्य करने वाले गणित विषय के शिक्षक उपेन्द्र सिंह,अंग्रेजी विषय के शिक्षक राकेश कुमार एवं गणित विषय के शिक्षक अविनाश कुमार ठाकुर एवं ललित कला विषय के शिक्षक विकास कुमार सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह का संचालन विद्यालय के वरीय संगीत शिक्षक गोविंद वल्लभ ने किया।इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक ड अवधेश कुमार लाल कर्ण,जमशेद आलम, संतोष कुमार यादव,दीप कुमार पाल,चंदन ठाकुर, शिक्षिका पल्लवी कुमारी सहित बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं मौजूद थी।सम्मानित होने वाले सभी शिक्षकों एवं छात्राओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी।

### दीपोत्सव आयोजन समिति की चौथी बैठक संपन्न

सोनपुर (एनएसबी) दिनांक 6 सितंबर 2026 को नमामि गंगे दीपोत्सव घाट पर श्दीपोत्सव आयोजन समितिश की चौथी महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री कौशिक कुमार सिंह जी ने की।
इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज की पूरी चर्चा मुख्य रूप से चार प्रमुख बिंदुओं पर ही केंद्रित रहेगीदीपोत्सव हेतु तेल संग्रह की कार्ययोजना,कूपन एवं होर्डिंग बैनर की छपाई, तथा कारसेवकों की सूची तैयार कर उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था। शेष अन्य विषयों पर आगामी बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह, सचिव आलोक कुमार सिंह, सह सचिव निशांत कुमार, बादल कुमार  आशीष कुमार,आदित्य कुमार ने संयुक्त रूप से तेल संग्रह अभियान को सुचारू रूप से चलाने और स्वयंसेवकों को समय पर प्रशिक्षित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में राजेश कुमार सिंह (उपाध्यक्ष) दयाशंकर सिंह (सह कोषाध्यक्ष) अनिल कुमार सिंह (संस्थापक, हरिहर क्षेत्र जन जागरण मंच) सतीश कुमार सिंह,लगन पांडे, कमलदेव पाण्डेय,मुनमुन जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट में पांच महिला-पुरुष घायल, सीएचसी में चल रहा इलाज

**कल्याणपुर/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में पांच महिला-पुरुष घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों की देखरेख में सभी का इलाज किया जा रहा है। घायलों की पहचान बिरसिंहपुर गांव निवासी 35 वर्षीय लखिंदर पासवान, धुवगामा गांव निवासी रीता कुमारी, सोमनाहा मनियारपुर गांव निवासी 22 वर्षीय पंकज कुमार और 50 वर्षीय मीना देवी तथा अकबरपुर गांव निवासी 46 वर्षीय अशोक दास के रूप में की गई है। घटना के संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि मारपीट की घटनाओं में घायल महिला एवं पुरुषों का सीएचसी में इलाज जारी है। चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### 9 से 13 सितंबर तक मौसम में बदलाव के आसार, हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 9 से 13 सितंबर 2026 के मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 9 से 13 सितंबर के बीच बक्सर, सीवान, सारण, गोपालगंज तथा पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों के एक-दो स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने की संभावना है। वहीं 9 से 11 सितंबर के आसपास सारण, सीवान और गोपालगंज में कहीं-कहीं मध्यम बारिश होने का अनुमान है। पूर्वानुमान अवधि में अधिकतम तापमान 30 से 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना जताई गई है। सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 85 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 60 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। इस दौरान हवाएं मुख्य रूप से पूर्वी दिशा से 8 से 12 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान में 14 सितंबर के आसपास पछिया हवा चलने के भी संकेत दिए गए हैं।

#### किसानों के लिए सुझाव

कृषि मौसम विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखने की सलाह दी है। हल्की बारिश की संभावना को देखते हुए कटाई के लिए तैयार फसलों की निगरानी करने तथा कृषि कार्य मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर करने की सलाह दी गई है। गरज-चमक के दौरान किसानों को खुले खेतों में रहने से बचने और सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की गई है।

### 17 सितंबर को जिला नियोजनालय, दरभंगा में जॉब कैम्प का आयोजन

**सी एन सी ऑपरेटर के 50 पदों पर होगी नियुक्ति, 19,000 रुपये सी टी सी प्रतिमाह मिलेगा वेतन**

**दरभंगा/एनएसबी।** सहायक निदेशक नियोजन द्वारा बताया गया कि युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, दरभंगा के माध्यम से 17 सितंबर 2026 (गुरुवार) को रामनगर आई.टी.आई. के निकट संयुक्त श्रम भवन, लहेरियासराय, दरभंगा* के कार्यालय परिसर में जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जॉब कैम्प में के के इंटरप्राइजेज द्वारा सी एन सी ऑपरेटर के कुल 50 पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। जॉब कैम्प का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 04 बजे तक किया जाएगा। इस जॉब कैम्प में 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी द्वारा 19,000 रुपये सी टी सी प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

**दरभंगा/एनएसबी।** शनिवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों के निपटारे को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा अजय कुमार शर्मा ने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी तरह के मामलों को संवेदनशीलता के साथ पक्षकारों और अधिकारियों के समन्वय से निष्पादित कराने का प्रयास करेंगे।पूर्व से सुलहनामा दाखिल शमनीय मुकदमें को विशेष रूप से चयनित कर संबंधित अधिवक्ताओं से सार्थक बातचीत कर मुकदमें को निपटारे के लिए तैयार करने को कहा गया। पक्षकारों को जारी नोटिसों के शत प्रतिशत तामिल के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जुनैद आलम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव आरती कुमारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थानाध्यक्षों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में अब तक तामिल करायें गये नोटिसों का ब्यौरा लेते हुए सीजेएम श्री आलम ने 11 सितंबर तक सभी नोटिस को पक्षकारों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाने का निर्देश दिया। सचिव आरती कुमारी ने कहा कि आखिरी तीन दिनों में सभी लोग मिलकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का प्रयास करें ताकि निष्पादन के मामले में जिले को अव्वल स्थान प्राप्त हो सके।

### आज से 13 सितंबर तक कई फीडरों की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा(एनएसबी)।** दिनांक 9 सितंबर, 2026 से दिनांक 13 सितंबर,2026 तक प्रातः 4 बजे से 9 बजे पूर्वाहन तक गावर एजेंसी के द्वारा 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र डीएमसीएच से निकलने वाले फीडर नंबर 4 एवम फीडर नंबर 5 का शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा तथा 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, जेल से निकलने वाली 11केवी सैदनगर ,11केवी रूरल फीडर एंव 11केवी एकमी फीडर में भी शिफ्टिंग का कार्य किया किया जाएगा जिसके कारण इन फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# बाढ़ पीड़ितों से मिले केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय

**बाढ़ पीड़ितों से मिले केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, जल्द बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने का आश्वासन**



**समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी।** विद्यापतिनगर प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ की गंभीर स्थिति के बीच मंगलवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मिजार्पुर गंज स्थित अमरसिंह बाबा स्थान में शरण लिए हुए बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, राहत व्यवस्था तथा क्षेत्र की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान बाढ़ पीड़ितों एवं स्थानीय लोगों ने राहत, भोजन, आवागमन सहित विभिन्न समस्याओं को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा।

बाढ़ पीड़ितों से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र को बाढ़ प्रभावित घोषित करने को लेकर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही क्षेत्र को बाढ़ प्रभावित घोषित किए जाने की घोषणा की जाएगी। मंत्री के इस आश्वासन से बाढ़ की मार झेल रहे लोगों में उम्मीद जगी।

इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर अपनी तथा अपने गांव की समस्याओं से अवगत कराया। महिलाओं ने बाढ़ के कारण उत्पन्न परेशानियों के साथ राहत सामग्री, भोजन एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की आवश्यकता की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री ने राहत शिविरों में संचालित सामुदायिक किचन की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने एसडीओ किशन कुमार को सामुदायिक किचन की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होने देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों और बच्चों को सुबह का भोजन हर हाल में निर्धारित समय, यानी 10 बजे तक उपलब्ध कराया जाए। भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी अथवा लापरवाही सामने आने पर संबंधित किचन संचालक, ठेकेदार तथा जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने एसडीओ को सामुदायिक किचन की व्यवस्था की लगातार निगरानी करने तथा बाढ़ पीड़ितों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होने देने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी।

दौरे के दौरान एसडीओ किशन कुमार, विद्यापतिनगर के बीडीओ महताब अंसारी, थाना प्रभारी सूरज कुमार, अंचलाधिकारी कुमार हर्ष सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री के दौरे के दौरान भाजपा कार्यकताओं एवं एनडीए समर्थकों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। मौके पर भाजपा समस्तीपुर जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, भाजपा विद्यापति मंडल दक्षिणी अध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल, भाजपा विद्यापति मंडल उत्तरी अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज, मंडल प्रवक्ता मुकेश कुमार चौधरी, बाजितपुर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार, साहिट पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लाल बाबू सिंह, शेरपुर ढेपुरा पंचायत के मुखिया राम प्रवेश राय सहित राकेश कुमार राय, पिंटू कुमार सिंह, प्रवीण गिरि, नरेश महतो, गौरव कुमार राय समेत सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आर.बी. कॉलेज में बीएससी डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स का ओरिएंटेशन

**आर.बी. कॉलेज में बीएससी डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स का ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न**

**समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी।।** रामाश्रय बालेश्वर महाविद्यालय, दलसिंहसराय में कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी के संरक्षण में चार वर्षीय अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम आधारित बीएससी-डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स के सत्र 2026-2030 के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास में आयोजित कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण एवं रोजगार की संभावनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैद्यनाथ यादव, पूर्व सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नए पाठ्यक्रम की उपयोगिता एवं महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह कोर्स अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 पर आधारित है। इसके तहत पाठ्यक्रम के तीसरे वर्ष में सेमेस्टर पांच एवं छह के दौरान प्रत्येक सेमेस्टर में दस क्रेडिट के साथ ऑन-साइट अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण का प्रावधान है। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक एवं तकनीकी क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव प्राप्त होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) संजय झा ने की। उन्होंने नए पाठ्यक्रम की शुरूआत पर महाविद्यालय परिवार एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे रोजगारपरक एवं व्यावहारिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध करा सकते हैं। महाविद्यालय में इस पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. धीरज कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को कोर्स से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पाठ्यक्रम की संरचना, अध्ययन पद्धति, अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण तथा नामांकन प्रक्रिया के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

महाविद्यालय में बीएससी-डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए कुल 60 सीटें स्वीकृत हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन की प्रक्रिया जारी है और इच्छुक विद्यार्थी 15 सितंबर 2026 तक नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के लिए इंटरमीडिएट/+2 विज्ञान, यानी आई.एससी. अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नए पाठ्यक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा और विशेषज्ञों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। वक्ताओं ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को उद्योग एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ने से विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ उनके रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. अभिषेक बंद्योपाध्याय ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों, महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूकता को निकला रथ, जिला जज ने दिखाई हरी झंडी



**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आम लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जागरूकता रथ रवाना किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश समीर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी देगा।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश समीर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम लोगों को त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति, सलाह एवं समझौते के आधार पर अपने विवादों का शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इससे पक्षकारों के समय और धन की बचत होने के साथ-साथ लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया से भी राहत मिलती है।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य केवल लंबित मामलों का निस्तारण करना ही नहीं, बल्कि समाज में विवादों के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाधान की संस्कृति को बढ़ावा देना भी है। लोक अदालत में पक्षकार अपनी इच्छा और सहमति से विवादों का समाधान करा सकते हैं। इससे दोनों पक्षों के बीच आपसी संबंध एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

जिला जज ने बताया कि बैंकिंग एवं वित्तीय विवादों के निस्तारण में भी राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंक से संबंधित बकाया राशि एवं अन्य योग्य मामलों का आपसी सहमति और समझौते के माध्यम से समाधान कराया जा सकता है। बैंकों की ओर से जागरूकता रथ निकाला जाना इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बैंक उपभोक्ताओं को इससे लोक अदालत के लाभों की जानकारी मिलेगी।

उन्होंने बताया कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देगा। साथ ही योग्य मामलों के पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादों का शीघ्र निस्तारण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आम लोगों से अपील की कि वे अपने विवादों को अनावश्यक रूप से लंबा न खींचें और आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम नागरिकों के लिए विवादों के सरल, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का महत्वपूर्ण अवसर है। इसे सफल बनाने के लिए न्यायपालिका, बैंकिंग संस्थाओं, अधिवक्ताओं, प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों की सामूहिक सहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, चंचल कुमार तिवारी, सरोज कुमारी, सुमित रंजन, नरेंद्र पाल सिंह, बसंत कुमार, सुनील कुमार चौबे, आशुतोष कुमार राय, आलोक कुमार पांडे, मनीष प्रकाश सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, समस्तीपुर ने आम लोगों से अपील की है कि वे 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने योग्य मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त करें।

# कैंसर जागरूकता सह स्वास्थ्य जांच शिविर

**ह्यसवेरा चला गांव की ओरह्न अभियान के तहत पीएचसी में लगा शिविर, कैंसर के लक्षण व बचाव की दी जानकारी**

\कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विद्यापतिनगर में कैंसर जागरूकता सह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सवेरा कैंसर हॉस्पिटल, एसबीआई फाउंडेशन एवं आरएस मेमोरियल कैंसर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में ह्यसवेरा चला गांव की ओरह्न अभियान के तहत आयोजित शिविर में आशा कार्यकताओं सहित आम लोगों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी गई।




शिविर के दौरान ऑडियो-विजुअल माध्यम से स्तन, मुंह तथा गर्भाशय/बच्चेदानी के कैंसर के संबंध में विस्तार से जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर का शुरूआती चरण में पता चलने पर उपचार की संभावनाएं बेहतर रहती हैं। इसलिए शरीर में होने वाले असामान्य बदलावों को नजरअंदाज करने के बजाय समय रहते चिकित्सकीय सलाह और आवश्यक जांच करानी चाहिए।

मुंह के कैंसर को लेकर लोगों को विशेष रूप से तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, खैनी एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले खतरों के प्रति सचेत किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि मुंह में लंबे समय तक रहने वाला घाव, सफेद या लाल चकत्ता, मुंह खोलने में परेशानी, निगलने में कठिनाई, लगातार दर्द अथवा आवाज में बदलाव जैसे लक्षणों को गंभीरता से लेना चाहिए। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई। महिलाओं को स्तन एवं गर्भाशय/बच्चेदानी के कैंसर के शुरूआती संकेतों की जानकारी दी गई। स्तन में असामान्य गांठ, आकार अथवा त्वचा में बदलाव तथा निप्पल से असामान्य स्राव जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की अपील की गई। वहीं असामान्य योनि रक्तस्राव, विशेषकर माहवारी के बीच अथवा रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, असामान्य स्राव एवं लगातार श्रोणि क्षेत्र में दर्द जैसे लक्षणों पर चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी गई।

पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी पारसनाथ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। इस तरह के शिविरों से लोगों को बीमारी के शुरूआती लक्षणों की जानकारी मिलने के साथ समय पर जांच कराने के लिए भी प्रेरणा मिलती है। नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है।

शिविर में डॉ. रविश्वर कुमार (एमबीबीएस), डॉ. जया भारती (बीडीएस) एवं डॉ. नरगिस परवीन (एमबीबीएस) ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता महत्वपूर्ण है और समय पर जांच एवं उचित उपचार से बीमारी को गंभीर अवस्था में पहुंचने से रोका जा सकता है।

आयोजकों के अनुसार ह्यसवेरा चला गांव की ओरह्न अभियान का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता एवं जांच की सुविधा को ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि कैंसर से डरने के बजाय सजग रहने की जरूरत है। लक्षण दिखाई देने पर इंतजार करने के बजाय समय पर जांच करानी चाहिए।

शिविर के संचालन में निधि कुमारी एवं अलका कुमारी (एएनएम) तथा अंजली कुमारी (जीएनएम) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान की व्यवस्थाओं में परियोजना प्रबंधक मनीष राज, कैंप समन्वयक अंकित कुमार, परियोजना प्रमुख आशुतोष कुमार एवं गार्ड विकास कुमार सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, महिला गंभीर रूप से घायल, एक गिरफ्तार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** परासी थाना क्षेत्र के परासी गांव में पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। मारपीट के दौरान फैजल की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद मारपीट शुरू हो गई। इसी क्रम में फैजल की पत्नी के सिर में गंभीर चोट लग गई और उसका सिर फट गया।घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना के बाद घायल महिला की ओर से मेहंदिया थाना में सलाम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद परासी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सलाम को गिरफ्तार कर लिया। परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सिराज आलम ने बताया कि महिला की ओर से दिए गए आवेदन के आधार पर सलाम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है। पुलिस पूरे मामले की उचित जांच कर रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### गाँव के लिए गौरव बेरथ की बिटिया उड़ाएगी जहाज

**आरा/अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)।** स्वीटी बनी पायलट ग्राम बेरथ निवासी स्व गणेशी सिंह के परपोती स्वीटी कुमारी बाबा स्व कलक्टर सिंह पिता सरोज सिंह चाचा भानु प्रताप सिँह के भतीजी स्वीटी कुमारी का प्राथमिक शिक्षा दीक्षा धनबाद झारखण्ड से हुआ। इनके पिता अभी जल सेना (नेवी) मे कमांडेड के पद पर मौजूद है। इनके भाई तीन वर्ष पहले मेडिकल मे चयन हुए थे जो एमबीबीएस की पढ़ाई का चैथे वर्ष मे है। स्वीटी बचपन से ही पढ़ाई मे अपने क्लास मे अव्वल आती थी हर परीक्षा मे प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण होती थी आज पायलट जैसे परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने गाँव का नाम देश और दुनिया रौशन की। इससे बेरथ के गौरव मे और चार चाँद लगा हम स्वीटी के लिए शुभकामना एवं बधाई देते है।




### शिवसेना (यूबीटी) मनाएगी गणेश महोत्सव का25वां वर्ष



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) भोजपुर इकाई द्वारा इस वर्ष गणेश चतुर्थी महोत्सव का 25वां वर्ष मनाया जाएगा। महोत्सव का आयोजन शहर के रमना मैदान स्थित हनुमान मंदिर के समीप किया जाएगा। प्रदेश प्रभारी विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणपति बप्पा अपने भक्तों को आशीर्वाद देने आरा की धरती पर विराजमान होने आ रहे हैं। 14 से 16 सितंबर तक गणेश चतुर्थी पर विविध कार्यक्रम का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रदेश प्रभारी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आरा की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक एकता का प्रतीक बन चुका है। पिछले 25 वर्षों से यह महोत्सव श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ता आ रहा है।

### पांच बछड़ों को क्रूरतापूर्वक वाहन में ले जाते टाटा मैजिक जब्त

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर के पास सोमवार की शाम पांच बछड़ों को कथित तौर पर क्रूरतापूर्वक टाटा मैजिक वाहन में लादकर ले जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पशु अत्याचार निवारण निरीक्षक आलोक कुमार के आवेदन पर चांदी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाहन के अंदर पांच बछड़े मिले। जांच के दौरान सभी बछड़ों को रस्सियों से बांधकर वाहन में रखा पाया गया। आरोप है कि वाहन में पशुओं के लिए पर्याप्त जगह, स्वतंत्र आवागमन और आराम की समुचित व्यवस्था नहीं थी, जिससे उन्हें अनावश्यक पीड़ा और कष्ट हो रहा था। पशुओं की सुरक्षा को देखते हुए रस्सियां काटकर सभी बछड़ों को वाहन से बाहर निकाला गया। पूछताछ के दौरान वाहन चालक की पहचान धर्मेंद्र कुमार, पिता बिंदेश्वरी, निवासी भदवर, थाना चांदी के रूप में हुई। पशु स्वामी के रूप में सुमरन नट, पिता लोटा नट, निवासी नरबीरपुर टोला, थाना चांदी का नाम सामने आया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि पशुओं के वास्तविक स्वामित्व, स्रोत, गंतव्य और परिवहन के उद्देश्य की जांच की जा रही है।

### तीन अज्ञात शवों का कराया गया अंतिम संस्कार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा रविवार को तीन अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। जिसमें दो शव पुरुष तथा एक शव महिला का था। यह जानकारी संस्थापक डी.एन.सिंह ने दी।

### युवक की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना के धमार गांव में सोमवार की सुबह शौच करने गए युवक की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार निवासी राधाकिशुन पासवान का 36 बच्चे पुत्र चितरंजन पासवान है।

### पूर्व के विवाद में हथियारबंद बदमाशों ने छात्र को मारी गोली

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मठिया के समीप रविवार की देर शाम पूर्व के विवाद में हथियारबंद बदमाशों ने छात्र को गोली मार दी। जख्मी छात्र को पीठ में गोली मारी गई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। नवादा थानाध्यक्ष सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी छात्र से मिल घटना की जानकारी ली। जख्मी युवक के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला वार्ड नंबर-44 निवासी स्व. शिबू कुमार का 18 वर्षीय पुत्र कृष राज है। वह इंटर का छात्र है।कृष राज ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व उनके द्वारा उसके दरवाजे पर ईट और बालू गिराया गया था और सफाई नहीं की गई थी। इसी बात को लेकर उनसे झगड़ा हुआ था। उसने इसकी शिकायत स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर की थी। रविवार की देर शाम जब बाइक द्वारा आटा लेकर घर लौट रहा था। उसी दौरान पीछे से उक्त लोगों ने आकर उसे गोली मार दी।

### डूबे अधेड़ का शव दूसरे दिन बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बबुरा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में बाढ़ का पानी में डूबे अधेड़ का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उनका शव गांव के दुर्गा मंदिर के समीप से सोमवार की सुबह मिला। मृतक बबुरा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी स्व. दीनदयाल पासवान के 54 वर्षीय पुत्र कुंवर पासवान है।

### कोलकाता की कथक नृत्यांगना के घुंघरुओं की झंकार ने किया झंकृत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के स्वर प्राकृतिक हैं। विश्व भर की संगीत शैलियाँ भारतीय संगीत से ही प्रेरित हैं। संगीत अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। आज पूरी दुनिया राग संगीत की पद्धति को अपना रही है। उक्त बातें शास्त्रीय गायिका संगीत विदुषी बिमला देवी ने कही। अवसर था महाजन टोली स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में आयोजित 113वां कृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह की चैथी निशा का। बक्शी कुलदीप नारायण मेमोरियल द्वारा आयोजित समारोह का उद्घाटन बिमला देवी ने किया। कार्यक्रम में युवा गायक सागर कुमार व युवा गायिका आरोही ने शास्त्रीय एवं उप शास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर समां बाँधा।

# विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में कायाकल्प योजनाह्ल के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपलब्ध संसाधनों एवं विभिन्न वित्तीय स्रोतों के बेहतर समन्वय के माध्यम से गाँवों में आवश्यक जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग 10 व्यवहार्य एवं प्राथमिकता वाले कार्यों का चयन किया जाए तथा उपलब्ध वित्तीय स्रोतों के अनुरूप उनका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योजनाओं के चयन में स्थानीय आवश्यकता एवं आमजन को मिलने वाली सुविधाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। बैठक में सामुदायिक भवन, शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालयों की चहारदीवारी, अतिरिक्त वर्ग-कक्ष, रसोईघर तथा स्वास्थ्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार जैसे जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता में शामिल करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से ऐसे छोटे एवं शीघ्र पूर्ण होने वाले कार्यों के चयन पर बल दिया गया, जिनसे कम समय में ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक एवं प्रत्यक्ष बदलाव दिखाई दे। प्रत्येक गाँव का विकास सुनिश्चित करने पर विशेष जोर जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि योजनाओं के चयन के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि प्रत्येक पंचायत के प्रत्येक ग्राम से विकासात्मक योजनाओं को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए। किसी भी ग्राम को विकास की प्रक्रिया से वंचित नहीं रखा जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का चयन इस प्रकार किया जाए कि उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप प्रत्येक गाँव में अनुपातिक रूप से विकासात्मक कार्यों का संचालन सुनिश्चित हो सके। स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं का संतुलित चयन करते हुए आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए, ताकि कायाकल्प योजना का लाभ पंचायत के सभी गाँवों तक समान रूप से पहुँच सके। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को विभागीय समन्वय के साथ चयनित प्राथमिकता वाले कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी समीक्षा बैठकों में योजनाओं की केवल भौतिक प्रगति ही नहीं, बल्कि कार्य की गुणवत्ता, पूर्णता तथा धरातल पर दिखाई देने वाले वास्तविक बदलाव को भी प्रमुख आधार बनाया जाएगा।बैठक में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहित संबंधित जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक करते डीडीसी।

## खाद खरीद की नई क्यूआर कोड व्यवस्था से किसानों की बढ़ी परेशानी, घंटों लग रही कतार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से लागू की गई नई क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था अब किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती दिखाई दे रही है। खाद लेने के लिए किसानों को नई प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है, जिसके कारण खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की भीड़ बढ़ रही है और उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के कई किसान इस नई व्यवस्था को लेकर असमंजस में हैं।किसानों का कहना है कि खेती के लिए खाद समय पर उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। खेतों में फसल तैयार होने के समय खाद की आवश्यकता बढ़ जाती है, लेकिन नई क्यूआर कोड व्यवस्था के कारण खाद लेने की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा जटिल हो गई है। जिन किसानों को मोबाइल चलाने अथवा ऑनलाइन प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं है, उन्हें विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई किसानों का कहना है कि क्यूआर कोड के माध्यम से प्रक्रिया पूरी करने में नेटवर्क की समस्या भी सामने आती है। कभी मोबाइल में नेटवर्क नहीं रहने तो कभी तकनीकी समस्या के कारण प्रक्रिया पूरी होने में समय लग जाता है। ऐसे में दूर-दराज के गांवों से खाद लेने पहुंचे किसानों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। किसानों का यह भी कहना है कि यदि किसी किसान के पास स्मार्टफोन नहीं है अथवा मोबाइल से संबंधित तकनीकी समस्या है तो उसे खाद प्राप्त करने में और अधिक परेशानी हो सकती है।व्यवस्था सरल बनाने की मांगकिसानों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था को किसानों के लिए सरल बनाया जाए। साथ ही, ऐसे किसानों के लिए सहायता केंद्र या कर्मियों की व्यवस्था की जाए, जो ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने में सक्षम नहीं हैं। किसानों का कहना है कि तकनीकी व्यवस्था लागू करना अच्छी पहल हो सकती है, लेकिन उसका संचालन इस तरह होना चाहिए कि किसानों को खाद लेने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

किसानों ने कहा कि खेती पूरी तरह समय पर निर्भर है। खाद की जरूरत के समय यदि वितरण प्रक्रिया में अधिक समय लगेगा तो इसका असर फसल पर पड़ सकता है। इसलिए विभाग को किसानों की वास्तविक परेशानी को देखते हुए व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए और क्यूआर कोड के साथ वैकल्पिक एवं सरल व्यवस्था भी उपलब्ध करानी चाहिए। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था की जाए, तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान हो तथा किसानों को क्यूआर कोड प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की जाए। इससे किसानों को राहत मिलेगी और खाद वितरण व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी।

## कोईलवर का लाल बना सेना में लेफ्टिनेंट, जश्न का माहौल



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर निवासी विकास कुमार ने महज 23 वर्ष की उम्र में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर अपने परिवार ही नही बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मंगलवार को सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में चयनित होने के बाद पहली बार अपने घर कोईलवर पहुंचने पर विकास कुमार का परिजनों और ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। लोगों ने पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर उन्हें सम्मानित किया। विकास का पैतृक गांव अगिआंव प्रखंड के चवरियां है। हालांकि उनका बचपन अपने ननिहाल कोईलवर के वार्ड संख्या-आठ में मामा विनोद कुमार और मामी रेखा देवी की देखरेख में बीता, उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा कोईलवर स्थित आरपीपीएस विद्यालय से प्राप्त की। वर्ष 2013 में उनका चयन तमिलनाडु के अमरावती नगर स्थित सैनिक स्कूल में हुआ। इसके बाद विकास ने पटना विश्वविद्यालय से राजनीतिक विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 2023 से 2025 के बीच उन्होंने पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया। विकास अपनी माता उमा देवी और किसान पिता गुप्तेश्वर सिंह के दो पुत्रों में बड़े हैं।

**23 वर्ष की उम्र में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने विकास**

**कोईलवर पहुंचने पर गाजे-बाजे के साथ हुआ स्वागत**

**सैनिक स्कूल में मिली सेना में जाने की प्रेरणा :** विकास ने बताया कि सैनिक स्कूल में पढ़ाई के दौरान जब उन्होंने सेना के अधिकारियों को करीब से देखा तो उनके मन में भी सेना में ऑफिसर बनने की इच्छा जगी। इसके बाद उन्होंने इसी को लक्ष्य बना लिया और लगातार तैयारी में जुटे रहे। सितंबर 2025 में उन्होंने सीडीएस की परीक्षा दी। सितंबर 2025 में ही ओटीए चेन्नई में प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ। करीब 11 महीने का कठिन सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया। 5 सितंबर को उनका थल सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में चयन हुआ। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मामा विनोद कुमार और मामी रेखा देवी को दिया।

**युवाओं को दिया सफलता का मंत्र :** विकास ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि यदि कोई युवा अपना लक्ष्य निर्धारित कर स्व-अनुशासन के साथ लगातार मेहनत करता है तो सफलता अवश्य मिलेगी। लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे हासिल करने का जुनून हो तो परिस्थितियां कभी बाधा नहीं बनतीं।

## सर्पदंश से मृत उर्मिला देवी के परिजनों से मिले विधायक

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया निवासी सत्येंद्र पासवान की पत्नी उर्मिला देवी की सर्पदंश से हुई मौत के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना के बाद से ही मृतका के परिजनों से मिलने और उन्हें सांत्वना देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का पहुंचना लगातार जारी है। इसी क्रम में विधायक मनोज कुमार मृतका के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

विधायक मनोज कुमार ने मृतका के पति सत्येंद्र पासवान सहित परिवार के अन्य सदस्यों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों के दुख में अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में परिवार को धैर्य और हिम्मत से काम लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और परिवार को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। परिजनों से बातचीत के दौरान विधायक ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि उर्मिला देवी की असामयिक मौत से परिवार को हुई क्षति की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर सरकारी स्तर पर मिलने वाली सहायता एवं अन्य सुविधाओं को दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उर्मिला देवी की सर्पदंश से मौत की खबर के बाद से ही मेहंदिया में शोक की लहर है। ग्रामीणों के अनुसार, घटना अचानक हुई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतका के परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के ग्रामीण लगातार परिवार के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं तथा इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिला रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सर्पदंश की घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर सामने आती रहती हैं। ऐसे मामलों में समय पर इलाज और पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं बेहद जरूरी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से भी सर्पदंश की घटनाओं को लेकर लोगों को जागरूक करने तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।


परिजनों को सांत्वना देते विधायक।

## नदी में डूबने से 15 वर्षीय किशोर डूबा तलाश जारी

**कुर्था (एनएसबी)।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बिथरा गांव के समीप नदी में डूबने से छतोई गांव निवासी हुलास नारायण सिंह के 15 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार की नदी में डूबने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि शिवम कुमार बिथरा गांव के समीप नदी में गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस एवं परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय दल बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली। किशोर की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया है। गोताखोर नदी में उतरकर काफी प्रयास कर रहे हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक बच्चे बरामद नहीं हो सका था। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ नदी किनारे जुट गई। परिजन शिवम के सकुशल मिलने की उम्मीद में नदी किनारे मौजूद हैं। पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी में सुरक्षित तरीके से खोज अभियान चलाने की मांग की है। हालांकि स्थानीय गोताखोर से बच्चे को न मिलने के बाद मानिकपुर थानाध्यक्ष के द्वारा एसडीआरएफ की टीम को सूचित की गई। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही बंशी बीडीओ गिरजेश चंद्रा ब बंशी सीओ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ले रहे हैं हालांकि संवाद लिखे जाने तक बच्चा नहीं मिल पाई थी और लगातार खोजबीन जारी है।


नदी किनारे लगी लोगों की भीड़।

## सेनाने नदी में बच्चे की मौत के बाद गोताखोर बुलाने की मांग को लेकर लोगों ने किया सड़क जाम

**कुर्था(एसएनबी)।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बिथरा गांव के समीप बिथरा सेनाने नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत के बाद मंगलवार को स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। बच्चे की तलाश एवं शव बरामद करने के लिए गोताखोर बुलाने की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने कुर्था-मानिकपुर मुख्य मार्ग को छतोई गांव के समीप जाम कर दिया।

सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन प्रभावित रहा। ज्ञात हो कि छतोई गांव निवासी हुलास सिंह के 15 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार की बिथरा सेनाने नदी में डूबने से मौत हो गई थी। घटना के बाद से ही स्थानीय ग्रामीण नदी में बच्चे की तलाश के लिए पर्याप्त संसाधन एवं प्रशिक्षित गोताखोर बुलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि नदी में पानी अधिक होने के कारण स्थानीय स्तर पर शव की तलाश में परेशानी हो रही है। सड़क जाम की सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आवश्यक कार्रवाई एवं गोताखोर की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम हटाने को लेकर प्रयास जारी रहा। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम हैं। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


टायर जलाकर सड़क जाम करते लोग।

# गंगा नदी में नाव पलटने से 2 की मौत, 9 बचाये गए

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** गंगाब्रिज थाना क्षेत्र में गांधी सेतु के पिलर संख्या-9 के समीप एक नाव पलटने से 2 लोग लापता है। देर शाम एक का शव बरामद किया गया। एसएसपी शुभांक मिश्रा ने जानकारी दिया कि आज दोपहर नाव पलटने की सूचना गंगा ब्रिज थाना को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही गंगा ब्रिज थाना द्वारा तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर रेस्क्यू एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। साथ ही एसडीआरएफ टीम को भी तत्काल सूचना दी गई। नाव पर कुल 11 व्यक्ति सवार बताए गए, जिनमें से 9 व्यक्तियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। रेस्क्यू के दौरान गंगाब्रिज थानाध्यक्ष दीपक कुमार द्वारा स्वयं तैरकर चंदन कुमार नामक एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया।वर्तमान में 2 व्यक्तियों में से 1 व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि 1 व्यक्ति अभी भी लापता है। लापता व्यक्ति की तलाश के लिए रेस्क्यू एवं सर्च अपरेशन लगातार जारी है। एसडीआरएफ टीम द्वारा भी नदी में व्यापक स्तर पर खोजबीन की जा रही है।


रेस्क्यू करते पुलिसकर्मी व लोग।

घटना की सूचना प्राप्त होने के उपरांत वे स्वयं जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर चल रहे रेस्क्यू अपरेशन का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वैशाली पुलिस द्वारा रेस्क्यू एवं सर्च अपरेशन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा लापता दोनों व्यक्तियों की तलाश के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है।

# पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने किया सामग्री का वितरण

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के दिशा-निर्देश पर हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर राहत कार्य चलाया गया। चिराग के भरोसा अभियान के तहत, बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय सिंह ने स्वयं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया।

मंत्री संजय सिंह ने महनार प्रखंड अंतर्गत हसनपुर दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 3 और 6, तथा अल्लीपुर हट्टा पंचायत में बाढ़ से उत्पन्न गंभीर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हर संभव सरकारी एवं संगठनात्मक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण के दौरान मंत्री संजय सिंह ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्थानीय सांसद चिराग पासवान अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के प्रति पूरी तरह संवेदनशील हैं। प्राकृतिक आपदा की इस कठिन घड़ी में चिराग के भरोसा अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पीड़ित परिवार राहत से वंचित न रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चला रही है और जनजीवन को जल्द से जल्द सामान्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।


राहत सामग्री पैकेट देते मंत्री संजय सिंह ।

इस मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह, संतोष शर्मा युवा प्रदेश महासचिव,अमरेश सिंह प्रखंड अध्यक्ष, महनार सुबोध सिंह प्रखंड अध्यक्ष, जंदाहा शंकर पासवान, सतीश पासवान, रवि पासवान सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी राहत सामग्री वितरण कार्य में अपनी भूमिका निभाई।

खबरें खास-खास

# बाढ़ की स्थिति पर जिला पदाधिकारी की सतत निगरानी राहत एवं बचाव कार्य तेज

## 32 पंचायत एवं 84 गांव प्रभावित, 2,98,800 आबादी बाढ़ से प्रभावित

**हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली जिले में गंगा एवं गंडक नदी के जलस्तर को देखते हुए जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है।

वर्तमान में जिले के 6 प्रखंडों राघोपुर, हाजीपुर, महनार, देसरी, सहदेई बुजुर्ग एवं बिदुपुर प्रखंड बाढ़ से प्रभावित हैं। इन प्रखंडों की कुल 32 पंचायतों के 84 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। जिले में अब तक कुल 2,98,800 आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है।

इसके अतिरिक्त जिले के दो नगर निकाय भी बाढ़ से प्रभावित हैं। हाजीपुर नगर परिषद के 08 वार्ड तथा महनार नगर परिषद के 05 वार्ड प्रभावित हैं।

बाढ़ प्रभावित लोगों के सुरक्षित आवागमन तथा राहत सामग्री पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कुल 266 नावों का निःशुल्क परिचालन किया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार नावों की संख्या में वृद्धि भी की जा रही है। नावों के परिचालन की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि प्रभावित नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।


स्वास्थ्य शिविर ।

बाढ़ प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य लगातार जारी है। अब तक कुल 33,529 पलिथीन शीट्स एवं 13,600 ड्राई राशन पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। प्रभावित परिवारों की आवश्यकता के अनुसार अन्य आवश्यक राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए जिले में कुल 54 सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इनके माध्यम से प्रभावित लोगों को दोपहर एवं रात्रि का निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक कुल 4,58,674 भोजन बाढ़ प्रभावित लोगों को उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रभावित नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराने का कार्य लगातार जारी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आज कुल 21 स्वास्थ्य शिविर संचालित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में प्रभावित नागरिकों की निःशुल्क जांच एवं उपचार के साथ आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। आज संचालित स्वास्थ्य शिविरों में कुल 2,551 मरीजों का उपचार किया गया। जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं स्वच्छता व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आज कुल 762 हैलोजन टैबलेट वितरित किए गए। इसके अतिरिक्तप्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आज 350 किलोग्राम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के उपचार एवं पशुपालकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आज कुल 10 पशु चिकित्सा शिविर संचालित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में आज कुल 763 पशुओं का उपचार किया गया। बाढ़ प्रभावित परिवारों के पशुओं के लिए अब तक कुल 59,410 किलोग्राम पशु चारा वितरित किया जा चुका है। आवश्यकता के अनुसार पशु चारा वितरण का कार्य लगातार जारी है।

# कांग्रेस सेवा दल ने बाढ़ पीड़ित परिवारों में बांटी राहत सामग्री

## 200 लोगों के लिए शुरू किया सामुदायिक किचन

**सोनपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सारण जिले के सबलपुर दियारा क्षेत्र में बाढ़ की भयावह स्थिति बनी हुई है। बड़ी संख्या में गरीब और जरूरतमंद परिवार भोजन और राहत के लिए परेशान हैं। सरकारी स्तर पर राहत पहुंचने में हो रही देरी के बीच कांग्रेस सेवा दल ने मानवीय पहल दिखाते हुए सबलपुर के बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत के उपमुखिया सतीश शर्मा ने क्षेत्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए कांग्रेस सेवा दल के कुमार रोहित से राहत सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। अनुरोध पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पटना से कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार एवं मंगलवार को सबलपुर के सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत का वितरण किया। राहत सामग्री के तौर पर प्रत्येक परिवार को लगभग एक सप्ताह के लिए आवश्यक राशन दिया गया। इसमें चावल, दाल, आटा, चीनी, चना, सोयाबीन, चूड़ा, गुड़, चायपत्ती और नमक सहित अन्य खाद्य सामग्री शामिल है। इसके साथ ही बाढ़ को देखते हुए रात्रि में लगभग 500 लोगों के लिए सामुदायिक किचन की भी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी पीड़ित परिवार को भोजन के लिए परेशान न होना पड़े। इस मौके पर उपमुखिया सतीश शर्मा ने कहा कि बाढ़ की इस कठिन घड़ी में जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। बिना किसी भेदभाव के पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आना कांग्रेस सेवा दल की सराहनीय मानवीय पहल है।


कांग्रेस सेवा दल ने बाढ़ पीड़ित परिवारों में बांटी राहत सामग्री।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में 200 पौधे लगाए, हरियाली का लिया संकल्प

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** अभियंत्रण महाविद्यालय में बिहार सरकार के जल-जीवन-हरियाली मिशन के तहत पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर के विकास तथा जल एवं हरियाली के संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिसर में करीब 200 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य प्रो़ राणा प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को आज की बड़ी आवश्यकता बताते हुए पौधों की नियमित देखभाल पर जोर दिया। समन्वयक प्रो. इम्तियाज आलम ने जल-जीवन-हरियाली मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान डा. मो. इरशाद, प्रो़ सुमित कुमार, ड़ा चंदन कुमार झा, प्रो़ आनंद कमल, डा विनोद कुमार, डा प्रीतम कुमार, प्रो़ शादाब हुसैन, प्रो़ मो़तबरेज आलम, प्रो़ अजीत कुमार, प्रो़ पूनम कुमारी, प्रो. कविता यादव, प्रो़ रश्मि कुमारी, प्रो़ सपना कुमारी, प्रो़ अमित कुमार एवं प्रो़ सुजीत सुमन सहित अन्य प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

# स्व. डा. रघुवंश प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम के लिए बैठक

**वैशाली (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखर समाजवादी नेता एवं पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार स्व़ डा़ रघुवंश प्रसाद सिंह की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 13 सितंबर को वैशाली के ऐतिहासिक चौमुखी महादेव स्थित धर्मशाला में सम्मान समारोह एवं परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। क़ार्यक्रम का आयोजन वैशाली विकास संघ के तत्वावधान में किया जाएगा। क़ार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को वैशाली में बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता राजद प्रदेश महासचिव एवं वैशाली विकास संघ के मुकेश सिंह ने की़। बैठक में कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई । इस दौरान कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्व़ रघुवंश प्रसाद सिंह का पूरा जीवन समाजवादी विचारधारा, गरीबों, किसानों एवं आम लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष को समर्पित रहा. । केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया़ । उनके विचार और सीपूर्ण जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। बैठक में हरेंद्र राय, मोहम्मद आफताब, राजगीर राय, पुलिस राय सहित कई लोग उपस्थित थे।

खबरें : एक नजर में

# खेमयू का प्रदर्शन में प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार प्रांतीय खेतीहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन का राज्यव्यापी अबाहन के अलोक में संगठन के प्रखंड कमिटी भगवानपुर वैशाली ने प्रदर्शन के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी को सम्बोधित 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया। प्रदर्शन के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष शिवजी राम, सचिव दीनबंधु प्रसाद, उपाध्यक्ष शिला देवी, संजूक्त सचिव दशई महतो माकपा के वरिष्ठ नेता मदन मोहन शर्मा, रामजी राम के अलावे राम कुमार राम, शिवचंद्र राम, हरेंद्र पासवान, राम प्रसाद पासवान आदि ने सम्बोधित करते हुये आंदोलन को तेज कर 10 दिसम्बर 2026 को पटना के गांधी मैदान मे व्यापक गरीबो की भागीदारी बाला रैली को सफल बनाने अबाहन किया। ज्ञापन मे प्रमुख मांगे मनरेगा को पुनः बहाल करने एवं जी ग्राम जी के तहत अभियान चलाकर ग्रामीण मजदूरों को निबंधित कर काम देने एवं 700 रुपया मजदूरी का दर करने, बढ़ते महंगाई पर रोक लगाने, चीनी, तेल, प्याज आदि खाद्य पदार्थो का कीमत कम करने, चार लेवर कोड़ रद कर मजदूरों का पक्ष बाला कानून 7बनाने, सभी भूमिहिनो को 5-5डिसमिल जमीन व जमीन का पर्चा देने, प्रखंड मे सराय के पूर्व जमींदार मरहूम कायम खा एवं उनके पुत्रो के भू हदबंदी की 12348 एकड़ जमीन जप्त कर भूमिहिनो मे बाटने, राशन कार्ड धारियों का नाम काटने पर रोक लगाने एवं बंचित परिबारों का नाम जोड़ने, गरीबो एवं दलितों के बस्ती मे हर घर सड़क निश्चय को पूरा करने,ग्रामीण इलाको मे होल्डिंग एवं जलापूर्ति टेक्स पर रोक लगाने, स्मार्ट मीटर समाप्त कर नियमित बिजली आपूर्ति करने, षि उत्पादन का एम्एस्पी की गारंटी बाला कानून बनाने, महिला एवं कमजोर वर्गो को सुरक्षा की गारंटी करने, जिला एवं राज्य के अंदर बाढ़ की विभीस्का का स्थाई समाधान करने, बाढ़ पीड़ितों का राहत राशि का दर 25000(पचीस हजार ) करने, अविलम्ब राहत राशि का भुगतान करने, प्रभाबित क्षेत्रों मे पशु चारा, फसल मुआबजा, तिरपाल, समुदायिक किचन का व्यबस्था करने, खेतो से बनाइया सूअर, नीलगाये से मुक्त कराने, बिजली विभाग द्वारा फर्जी मुकदमा पर रोक लगाने आदि की गयी।

# शिक्षक के सम्मान में किया गया अभिनंदन समारोह का आयोजन

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ नगर परिषद क्षेत्र के मध्य विद्यालय महुआ कन्या में विद्यालय के शिक्षक सत्येंद्र कुमार को शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने के बाद उनके सम्मान में विद्यालय परिवार के द्वारा विद्यालय परिवार के द्वारा अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं प्रधानाध्यापक एवं छात्राओं के द्वारा जिलाधिकारी के द्वारा सम्मानित शिक्षक सत्येंद्र कुमार को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । वहीं शिक्षक दिवस के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआ सौरभ वर्णवाल के द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार को भी विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य किए जाने को लेकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया था।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें भी फुल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैंकड़ों की संख्या में छात्राएं भी उपस्थित थे।


सम्मानित होते शिक्षक।

# चकसिकंदर स्मारक के पास 100 लीटर देशी शराब बरामद

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** उत्पाद विभाग, वैशाली द्वारा विदुपुर थाना क्षेत्र के चकसिकंदर स्मारक के पास कार्रवाई करते हुए 100 लीटर देशी शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान शराब के परिवहन में प्रयुक्त एक बाइक को भी जब्त किया गया है। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब, जब्त बाइक एवं गिरफ्तार व्यक्ति के संबंध में उत्पाद विभाग द्वारा नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिले में बिहार सरकार की शराबबंदी नीति के प्रभावी अनुपालन को लेकर प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना संबंधित प्रशासनिक अथवा उत्पाद विभाग के अधिकारियों को दें, ताकि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# मध्य विद्यालय में की गई आंगनबाड़ी केंद्र की शुरुआत

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर, महुआ में उप विकास आयुक्त वैशाली के द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्र को विद्यालय के कमरे में शिफ्ट करने एवं विद्यालय परिसर में चिति भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण हेतु आना पति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के आलोक में आज विद्यालय के एक भवन में पंचायत राज मिर्जा नगर के वार्ड नंबर 2 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 332 को विद्यालय के एक कमरे में विधिवत स्थापित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा-सरकार का यह योजना बहुत ही सराहनीय है आज जिला के सभी भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्र को भवन मिलना बहुत ही सुखद एवं आनंददाई है। हजारों नोनीहाल बच्चों के भविष्य सुरक्षित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनबाड़ी सेविका रेणु कुमारी ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका सुधा कुमारी, संगीता कुमारी, विनीता कुमारी ,सारिका कुमारी, गीता कुमारी, सजीना परवीन, सहायिका सुमन कुमारीके अलावा काफी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित थे।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर वैष्णवी इमरजेंसी हॉस्पिटल में विशेष कार्यक्रम

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर वैष्णवी इमरजेंसी हॉस्पिटल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डा. रंजन के नेतृत्व मेंदीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डा. रंजन ने कहा कि आज के दौर में फिजियोथेरेपी केवल इलाज नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की कुंजी है। दवाओं के बिना, एक्सरसाइज और तकनीक के माध्यम से लोगों को दर्द से राहत देना और उन्हें फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना ही फिजियोथेरेपी की सबसे बड़ी ताकत है। बुजुर्गो से लेकर खिलाड़ियों तक, सभी के लिए इसकी भूमिका अहम है। डा. रंजन ने हस्पिटल में मौजूद लोगों को जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, सर्वाइकल और स्ट्रोक के बाद रिहैबिलिटेशन में फिजियोथेरेपी के महत्व के बारे में जागरूक किया। मौके पर कई मरीजों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में डा. आर्य रंजन, डा. भूमिका भारती, सतीश तिवारी, संजीव कुमार, मधुसूदन तिवारी, पप्पू कुमार, नवल किशोर राय, रवि कुमार, सुजीत कुमार, मंसू कुमार, अम्बुज कुमार, पंकज कुमार, मीरा तिवारी, पिंकी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से कार्यालय परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घघाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज आनंद नंदन सिंह ने किया।

इस दौरान उन्होंने ने अपने संबोधन में कहा कि जमीनी स्तर पर लोगों में कानूनी जागरूकता से सशक्त समाज और न्याय से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि नालसा की जागृति योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर पर लोगों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना, उन्हें उनके अधिकारों और उपलब्ध कानूनी सेवाओं का जानकारी देना है। इससे प्रत्येक व्यक्ति को न्याय तक समान एवं आसान पहुंच सुनिश्चित होगी।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर हुए कार्यक्रम मे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम मनोज तिवारी कहा कि हम सभी को सामूहिक प्रयास से साक्षरता दर को बढ़ाना है तथा गांव-गांव में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को न्याय के प्रति जागरूक करना है। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार वैशाली प्रमोद कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।



कानूनी जागरूकता कार्यक्रम मे अतिथि।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य सह सचिव स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान डाक्टर सुधीर कुमार शुक्ला ने कहा कि हम सभी सामूहिक प्रयास से साक्षरता दर को बढ़ा सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान में लगे तथा अपने आसपास अशिक्षित लोगों को साक्षर बनाएं साथ ही साथ उन्होंने डिजिटल साक्षरता पर भी जोर दिया।

# आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान का अनिवार्य हिस्सा है फिजियोथेरापी

## विश्व फिजियोथेरापी दिवस पर हेल्थ इंस्टिच्युट में आयोजित हुआ समारोह, लगाया गया निःशुल्क शिविर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान का अनिवार्य हिस्सा है फिजियोथेरापी। अब इसकी आवश्यकता अस्थि, नस, पेशी, जोड़, स्नायु आदि से संबंधित रोगों तक ही नहीं, लगभग सभी प्रकार के रोगों में पड़ने लगी है। कई बीमारियों में इसके विना कोई लाभ हो ही नहीं सकता। अनेक रोगों के उपचार में शल्य-चिकित्सा एवं औषधियों के साथ फिजियोथेरापी भी आवश्यक हो गया है।

यह बातें मंगलवार को बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट औफ़ हेल्थ एडूकेशन ऐंड रिसर्च में, विश्व फिजियोथेरापी दिवस पर आयोजित समारोह में विद्वान विशेषज्ञों ने कही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महावीर कैंसर संस्थान की निदेशक डा. मनीषा सिंह ने कहा कि कैंसर शरीर में कहीं भी हो सकता है। लिंफोडेमा एवं अन्य शल्य चिकित्सा में सूजन कम करने के लिए फिजियोथेरापी की आवश्यकता पड़ती है। इस तरह कैंसर के रोगों में फिजियोथेरापी की भूमिका महवपूर्ण है। एक चिकित्सक या थेरापिस्ट का कर्तव्य है कि वह अपनी बातों और व्यवहार से रोगियों के चेहरे पर ख़ुशी लाए।


मंगलवार को बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट औफ़ हेल्थ एडूकेशन ऐंड रिसर्च में विश्व फिजियोथेरापी दिवस पर आयोजित समारोह का उद्घाटन करते अतिथि।

इसके पूर्व समारोह का उद्घाटन करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्त्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि चिकित्सा और पुनर्वास के कार्य में आध्यात्मिक और संवेदनात्मक दृष्टि आवश्यक है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए, संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान का अविभाज्य और अनिवार्य हिस्सा हो गया है फिजियोथेरापी। आज से वर्ष पूर्व में, जब उन्होंने इस संस्थान की स्थापना की थी, उस समय अस्थि-रोग विशेषज्ञों को छोड़कर अन्य चिकित्सकों को भी इसके संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। निजी क्षेत्र में देश का प्रथम फिजियोथेरापी संस्थान होने के कारण, इस संस्थान ने पूरे देश में इसके प्रचार, प्रसार और उन्नयन में भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

वरिष्ठ फिजियोथेरापिस्ट डा उदय शंकर प्रसाद, प्रो संजीत कुमार, प्रो नीतीश भार्गव, डा नेहा कुमारी, प्रो देवराज तथा संस्थान के छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष अहसास मणिकान्त ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा फिजियोथरापी के महव पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत संस्थान के फिजियोथेरापी विभाग में प्राध्यापिका डा रूपाली भोवाल ने, धन्यवाद-ज्ञापन डा नवनीत कुमार ने तथा मंच का संचालन डा संतोष कुमार सिंह ने किया।

अतिथियों ने संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा लगायी गयी वैज्ञानिक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और उनकी उपलब्धियों के लिए बधाइयाँ दीं। इस अवसर पर लगाए गए निःशुल्क फिजियोथेरापी शिविर में सौ से अधिक व्यक्तियों की जाँच की गयी, जिनमें से एक दर्जन रोगियों को नियमित फिजियोथेरापी के लिए चिन्हित किया गया।